रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹71400 10 ग्राम

₹89000 01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 78,248.13 | 85.481 |
| -450.94 | +0.087 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पौष शुक्ल पक्ष 01, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 31 दिसंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 326, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 भारत के बल्लेबाजी पतन ने...

### रांची का तापमान

| कांके | | रांची | |
|---|---|---|---|
| अधिक. | 25.0° | अधिक. | 24.3° |
| न्यून. | 11.0° | न्यून. | 14.9° |

## मोहम्मदगंज स्टेशन पर गरीब रथ के ठहराव के लिए रेल मंत्री को लिखा पत्र

**रांची।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ एल मुरूगन ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर मोहम्मदगंज स्टेशन पर रांची-नई दिल्ली गरीब रथ के ठहराव के संबंध में ध्यान आकृष्ट कराया है। रेल मंत्री को लिखे पत्र में डा. मुरूगन ने कहा है कि पिछले दिनों आकांक्षी जिला भ्रमण कार्यक्रम के तहत वे पलामू जिले के दौरे पर थे, इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा उक्त ट्रेन को मोहम्मदगंज स्टेशन पर ठहराव के लिए उनसे आग्रह किया गया था। उन्हें बताया गया कि इस संबंध में पूर्व में भी कई बार पत्र लिखकर मांग की गई है, लेकिन इस पर विचार नहीं किया गया है।

## डीसी रैंक के 7 व एसडीओ रैंक के 8 आईएएस को मिली प्रोन्नति

**रांची।** राज्य सरकार ने डीसी रैंक के सात अफसरों को प्रोन्नति दे दी है। प्रोन्नति पाने वाले अफसरों में कर्ण सत्यार्थी, गरिमा सिंह, मेधा भारद्वाज, हिमांशु मोहन, चंदन कुमार, विशाल सागर और राहुल कुमार शामिल हैं। कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार इन अफसरों को कनीय प्रशासनिक कोटि के वेतनमान में प्रोन्नति दी गई है। साथ ही इन अफसरों को अगले दो साल में एमसीटी फेज तीन का प्रशिक्षण पूरा करना होगा। वहीं, राज्य सरकार ने एसडीओ रैंक के आठ आइएएस अफसरों को सीनियर टाइम स्केल में प्रोन्नति दे दी है। प्रोन्नति पाने वाले अफसरों में शताब्दी मजूमदार, उत्कर्ष कुमार, आशीष गंगवार, श्रीकांत यशवंत, ओमप्रकाश गुप्ता, सन्नी राज, अनिमेश रंजन और रिया सिंह शामिल हैं। कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया।

## सीएम खरसावां गोलीकांड की बरसी पर शहीदों को देंगे श्रद्धांजलि

**खरसावां।** खरसावां विधायक दशरथ गागराई सोमवार को रांची के प्रोजेक्ट भवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से एक जनवरी 2025 को खरसावां में आयोजित होनेवाले शहीद दिवस (खरसावां गोलीकांड की बरसी) पर शिरकत करने का आग्रह किया। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वे शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक जनवरी को खरसावां पहुंचेंगे। खरसावां के विधायक दशरथ गागराई ने बताया कि खरसावां शहीद दिवस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सहमति दे दी है। सीएम 1 जनवरी 2025 को यहां शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

### इको टूरिज्म के विकास के लिए कार्य योजना बनाने का निर्देश




# झारखंड में इको टूरिज्म की अपार संभावनाएं : सीएम

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड में इको टूरिज्म के विकास के लिए एक बेहतर कार्य योजना तैयार करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सोमवार को झारखंड मंत्रालय में मुख्य सचिव अलका तिवारी, वन पर्यावरण विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीक पी एवं पर्यटन विभाग के सचिव मनोज कुमार के साथ राज्य में इको टूरिज्म की संभावनाओं एवं उन्हें विकसित करने निमित्त बैठक में कई महत्वपूर्ण सुझाव अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि झारखंड में इको टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं। राज्य में इको टूरिज्म को इस प्रकार विकसित किया जाए जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलने के साथ-साथ प्रकृति को भी संरक्षित रखा जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन पर्यावरण विभाग एवं पर्यटन विभाग एक बेहतर समन्वय के साथ इको टूरिज्म के विकास के लिए झारखंड के उन स्थानों को चिन्हित करने का कार्य करें, जहां इको टूरिज्म की संभावनाएं हैं।

### टूरिज्म को बढ़ावा देने वाली योजनाओं पर विशेष फोकस रखें

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से राज्य में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने वाली योजनाओं पर विशेष फोकस करने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने कहा कि इको टूरिज्म को बढ़ावा देने से झारखंड की प्राकृतिक सुंदरता को देश और दुनिया में एक अलग पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि देश के अन्य राज्यों या दूसरे देशों में जहां इको टूरिज्म के क्षेत्र में अच्छे कार्य हुए हैं वहां के इको टूरिज्म मॉडल का अध्ययन करें। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्यटन के क्षेत्र में वैश्विक मानचित्र पर झारखंड को पहचान देने के उद्देश्य से वन विभाग एवं पर्यटन विभाग प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर के इको टूरिज्म विकसित हो इसके लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। इको टूरिज्म के विकसित होने से झारखंड की प्रकृति धरोहरों को संरक्षित रखा जा सकेगा।

## नियुक्तियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम सख्त

### जजों के रिश्तेदारों, किसी पार्टी, संगठन कैडर को ना बनाया जाए जज

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जज का बेटा जज या जज का भाई ही जज बनता है, ऐसी धारणा को तोड़ने के लिए सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की ओर से कुछ कदम उठाए जा सकते हैं। कहा जाता है कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के जज बनाए जाने के प्रोसेस में पहली पीढ़ी को दरकिनार किया जाता है। यह बात कॉलेजियम के एक सदस्य की ओर से उठी थी कि ऐसे वकीलों या न्यायिक अधिकारियों को जज के तौर पर नियुक्त करने की सिफारिश न की जाए, जिनके माता-पिता या करीबी रिश्तेदार सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट के जज थे या हैं। इस प्रस्ताव पर कॉलेजियम के अन्य सदस्यों के बीच खुली बहस हुई है। कॉलेजियम में मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बी आर गवई, सूर्यकांत, हृषिकेश रॉय और ए एस ओका शामिल हैं। प्रस्ताव सामने आने के बाद कुछ अन्य सदस्यों को भी इसका समर्थन मिला है। चर्चा यह भी है कि अब यदि इस प्रस्ताव पर पुख्ता फैसला होगा तो इससे जजों के रिश्तेदार वकीलों को नुकसान नहीं है।

क्योंकि वे सफल वकील के तौर पर अच्छा नाम बना सकते हैं। लेकिन इस प्रक्रिया में पहले पीढ़ी के वकील शामिल होंगे तो सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों में विविध समुदायों को प्रतिनिधित्व मिलेगा। एक अन्य महत्वपूर्ण कदम के तहत चीफ जस्टिस, जस्टिस गवई और जस्टिस कांत वाले कॉलेजियम ने पहली बार हाईकोर्ट के जजों के रूप में नियुक्ति के लिए हाई कोर्ट के कॉलेजियम द्वारा अनुशंसित वकीलों और न्यायिक अधिकारियों के साथ बातचीत शुरू की है। ताकि उनके हुनर की पहचान हो सके और उन्हें बेहतर प्रक्रिया के तहत चुना जा सके। कहा जाता है कि इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज यादव के विहिप के कार्यक्रम में जाने , वहां एक पार्टी व संगठन के कार्यकर्ता के भाव विचार में बोलने तथा और उनकी विवादित नियुक्ति के मद्देनजर आगे ऐसा न हो , इसलिए यह शुरू किया गया है। ताकि आगे ऐसे लोगों को हाई कोर्ट का जज बनाने पर छंटनी हो , किसी पार्टी या संगठन के सिफारिश वाले कैडर के बजाय बेहतर वकीलों को चुना जा सके। बनाया जा सके। शीर्ष तीन जजों ने इलाहाबाद, बॉम्बे और राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए अनुशंसित लोगों के साथ बातचीत की और जिन नामों को उन्होंने हाईकोर्ट के जजों के रूप में नियुक्ति के लिए योग्य समझा, उन्हें 22 दिसंबर को केंद्र को भेज दिया।

**आरबीआई का दावा**

## 2024-25 में जीडीपी 6.6% बढ़ने का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था लचीलापन और स्थिरता प्रदर्शित कर रही है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2024-25 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। इसे ग्रामीण उपभोग में सुधार, सरकारी उपभोग और निवेश में तेजी सेवा क्षेत्र के मजबूत निर्यात से मदद मिलेगी। यह बात सोमवार को आरबीआई की एक रिपोर्ट में कही गई। रिजर्व बैंक ने वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट का दिसंबर 2024 अंक जारी किया।

## दो एके 47 के साथ भाकपा माओवादी का सदस्य गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता




- **छोटू खरवार हत्याकांड में शामिल था गिरफ्तार भाकपा माओवादी**

**लातेहार।** भाकपा माओवादी का सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार करने में लातेहार पुलिस को सफलता मिली है। भाकपा माओवादियों के रिजनल कमांडर छोटू खरवार की हत्या में शामिल माओवादी चंद्रदेव सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होने बताया कि सूचना मिली थी कि भाकपा माओवादी संगठन के सक्रिय सदस्य मृत्युजंय भुईयां, चंद्रदेव सिंह व अन्य सदस्य मनिका थाना क्षेत्र के दुंदु-चौकिया व करमाही के पास शेष पेज 11 पर

## पंडरा में दिनदहाड़े 13 लाख रुपए की हुई लूट, गोलीबारी से थर्राई राजधानी रांची

### बीच बचाव में गोली लगने से होटल मैनेजर जख्मी

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** राजधानी के पंडरा थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े लूट की घटना को अंजाम दिया गया है। पंडरा इलाके में अपराधियों ने 13 लाख रुपये लूट की घटना को अंजाम देने के बाद एक होटल के मैनेजर सुमित को गोली मारकर जख्मी कर दिया। लूट की घटना को अंजाम देने के लिए तीन अपराधी पहुंचे थे। यह घटना सोमवार दोपहर की है। घटना पंडरा ओपी क्षेत्र स्थित ओटीसी ग्राउंड के पास हुई है जहां आईसीआईसीआई बैंक में पैसा जमा करने जा रहे व्यवसाई नीरज गुप्ता को बाइक सवार अपराधियों ने लूटने का प्रयास किया। आस पास ठेले में दुकान लगाने वालों ने बताया जब चोरों द्वारा घटना को अंजाम दिया जा रहा था उसी वक्त एक होटल के मैनेजर जिसका नाम सुमित कुमार बताया जा रहा उन्होंने हिम्मत दिखाई और व्यक्ति और उनके रुपये बचाने गए। इसी क्रम में अपराधियों ने फायरिंग कर दी मौके पर सुमित बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हें आनन फानन में अस्पताल पहुंचाया गया। देर रात उनकी हालत गंभीर बनी रही। अपराधियों ने मौके का फायदा उठाते हुए 13 लाख रुपयों की चोरी कर ली।

**पुलिस कर रही मामले की जांच :** सुमित जख्मी हालत में सड़क पर गिर पड़े। इसके बाद अपराधी वहां से भाग निकले। घटना की सूचना पाकर कोतवाली डीएसपी और पंडरा थानेदार मौके पर पहुंचे और घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही।जख्मी सुमित को मेडिका में भर्ती किया गया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता का कहना है कि अपराधियों की तलाश में छापामारी की जा रही है। वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है ताकि अपराधी शहर से बाहर नहीं निकल सके।

**पुलिस मुस्तैद, मामले की कड़ाई से कर रही जांच :** घटना में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस द्वारा एस आईटी टीम का गठन किया गया। इलाके में तैनात गश्ती दल के पदाधिकारियों और कर्मियों को निलंबित किया गया।

शेष पेज 11 पर

**अपराधी का फोटो जारी, सूचना देने वाले को मिलेगा इनाम**



घटना में शामिल अपराधी सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गए हैं, जिसके बाद एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए ने अपराधी का फोटो जारी करते हुए उसे पर इनाम का घोषणा किया है। जो भी व्यक्ति अपराधी के बारे में पुलिस को जानकारी देगी उसे 20 हजार रुपया इनाम दिया जाएगा सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

**इन नंबर पर दे पुलिस को सूचना**

| | |
|---|---|
| रांची एसएसपी | 9431706136 |
| सिटी एसपी | 9431706137 |
| कोतवाली डीएसपी | 943177077 |

### नितिन गडकरी ने सीएम हेमंत सोरेन को लिखा पत्र, कहा

## भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामलों को तुरंत सुलझाएं

- **झारखंड में 15 हाइवे प्रोजेक्ट काम प्रभावित**

एजेंसी





**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सीएम हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। पत्र में कहा है सड़क निर्माण में आ रही बाधाओं को देखते हुए भूमि अधिग्रहण और फॉरेस्ट क्लीयरेंस से जुड़े मामलों का त्वरित समाधान करें। राज्य के चीफ सेक्रेट्री को सभी पक्षों के साथ बैठक कर इन मुद्दों के समाधान का निर्देश दें, ताकि समय पर प्रोजेक्ट पूरे किए जा सकें। केंद्रीय मंत्री ने खासकर वाराणसी कोलकाता एक्सप्रेस वे की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है। कहा है कि कुडू-उदईपुरा पैकेज का कार्य शुरू नहीं हो पाया है। इसकी वजह फॉरेस्ट क्लीयरेंस और जमीन अधिग्रहण का नहीं होना है। कई प्रोजेक्ट फॉरेस्ट क्लीयरेंस , मुआवजा और जमीन अधिग्रहण के कारण रूके हुए हैं।झारखंड में 15 हाइवे प्रोजेक्ट का काम फॉरेस्ट क्लीयरेंस के कारण प्रभावित हो रहा है। इस सभी परियोजनाओं की लागत 21 हजार 690 करोड़ है। 588 किलोमीटर लंबी सड़क के 172 किलोमीटर लंबाई में फॉरेस्ट क्लीयरेंस का पेंच फंसा हुआ है। कुडू से उदयपुरा( लातेहा), उदयपुरा से भोगू सेक्शन( लातेहार), भोगू से शंखा (पलामू) और बासुकीनाथ से देवघर( देवघर) के बीच फॉरेस्ट क्लीयरेंस का पेंच फंसा हुआ है। वहीं वाराणसी कोलकाता एक्सप्रोसवे के तहत

शेष पेज 11 पर

## पेट्रोल और डीजल हो सकता है सस्ता

- **40 प्रतिशत गिरा कच्चा तेल का दाम**

**नई दिल्ली।** बजट 2024 की तैयारियां तेजी से चल रही हैं, और सभी प्रमुख सेक्टर्स सरकार से अपनी मांगें रख रहे हैं। इस बीच, भारत की प्रमुख इंडस्ट्री बॉडी, कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) ने पेट्रोल-डीजल और इनकम टैक्स से जुड़े कई अहम प्रस्ताव सरकार के सामने रखे हैं। यदि ये मांगें मान ली जाती हैं, तो इसका सीधा फायदा आम जनता को होगा। सीआईआई ने पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क कम करने की सिफारिश की है। वर्तमान में पेट्रोल पर 21 फीसदी और डीजल पर 18 फीसदी उत्पाद शुल्क लिया जा रहा है।

## हजारीबाग सदर एसडीओ का सरकार ने किया तबादला, पत्नी को जलाकर मारने का है आरोप

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** हजारीबाग जिले के सदर एसडीओ का सरकार ने तबादला कर दिया है, इससे संबंधित अधिसूचना कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के द्वारा सोमवार को जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के मुताबिक उन्हें प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग में योगदान देने का निर्देश दिया गया है। गौरतलब है कि एसडीओ पर अपने ही पत्नी अनिता कुमारी को जलाकर मारने का आरोप लगा है।

### गिरफ्तारी के लिए एसआईटी का गठन

एसडीओ अशोक कुमार हजारीबाग पुलिस की पहुंच के बाहर बताए जा रहे हैं। उनके ऊपर जांच की प्रक्रिया तेज हो गई है। हजारीबाग पुलिस अधीक्षक कार्यालय से गोपनीय पत्र जारी किया गया है। इस घटना को लेकर एसआईटी का गठन किया गया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि इस मामले की जांच और अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है। सोमवार को सदर एसडीओ अशोक कुमार के सरकारी आवास पर हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह, सीसीआर डीएसपी मनोज कुमार समेत कई थाना के प्रभारी जांच करने के लिए पहुंचे। जांच करने के दौरान आवास के अंदर दो लोगों से पूछताछ की गई है।

**इंडिया**

# नववर्ष के उत्सव वैश्विक स्तर पर तिथि और संदर्भ में अलग हैं



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

वैश्विक स्तर पर 1 जनवरी 2025 को ईसाई नववर्ष मनाया जाएगा पर भारत में अनादि काल से बसंतोत्सव का उल्लेख तो मिलता है पर नववर्ष चैत्र शुक्लादि, उगादि, गुड़ी पड़वा, चेटीचंड, नवरेह और साजिबू चेराओबा जैसे पारंपरिक सनातनी पर्व पूरे भारत वर्ष में ऋतुराज बसंत के त्योहार के रूप में पारंपरिक रूप से मनाए जाते हैं।चैत्र शुक्लादि विक्रम संवत के नववर्ष की शुरुआत का प्रतीक है जिसे वैदिक (हिंदू) कैलेंडर के रूप में भी जाना जाता है। अभी चल रहा विक्रम संवत 2081 उस दिन पर आधारित है जब सम्राट विक्रमादित्य ने शकों को हराया, उज्जैन पर आक्रमण किया और एक नए युग का आह्वान किया। यह चैत्र (हिंदू कैलेंडर का पहला महीना) में वर्द्धमान अर्धचंद्र चरण (जिसमें चंद्रमा का दृश्य पक्ष प्रत्येक रात बढ़ रहा होता है) का पहला दिन होता है।गुड़ी पड़वा और उगादी त्योहार कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र सहित दक्कन क्षेत्र के लोगों द्वारा मनाए जाते हैं।इसमें गुड़ (मीठा) और नीम (कड़वा) परोसा जाता है, जिसे दक्षिण में बेवु-बेला कहा जाता है, यह जीवन में आने वाले सुख व दुख का प्रतीक होता है।गुड़ी महाराष्ट्र में घरों में तैयार की जाने वाली एक गुड़िया है। उगादी पर घरों में दरवाज़ों को आम के पत्तों से सजाया जाता है जिन्हें कन्नड़ में तोरणालु या तोरण कहा जाता है। चेटीचंड सिंधी समुदाय का नववर्ष का त्योहार है जो सिंधी समुदाय के संरक्षक संत झूलेलाल की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। वैशाखी हिंदुओं और सिखों द्वारा मनाया जाने त्योहार है जो 1699 में गुरु गोविंद सिंह के अधीन योद्धाओं के खालसा पंथ के गठन की स्मृति में मनाया जाता है। नवरेह कश्मीरी नववर्ष का दिन है जिस दिन को विभिन्न अनुष्ठानों का आयोजन, घरों को फूलों से सजाने, पारंपरिक व्यंजन तैयार करने और देवताओं की प्रार्थना करने के रूप में चिह्नित किया जाता है।साजिबू चेराओबा मणिपुर के सबसे महत्त्वपूर्ण त्योहारों में से एक विशेष रूप से राज्य के मैतेई लोगों द्वारा बहुत धूमधाम और खुशी के साथ मनाया जाता है। विदेशों में नववर्ष उत्सव का सबसे पहला ज्ञात अभिलेख लगभग 2000 ई.पू. का है। मेसोपोटामिया के बेबीलोनिया में नया साल (अकितु) बसंत विषुव के बाद नए चाँद से शुरू होता था और असीरिया में शरद विषुव (मध्य सितंबर) के सबसे नज़दीक नए चाँद से। मिस्रियों और फोनीशियन के लिए, वर्ष शरद विषुव (21 सितंबर) से शुरू होता था, प्राचीन फारसियों के लिए यह वसंत विषुव (21 मार्च) से शुरू होता था, और शुरुआती यूनानियों के लिए यह शीतकालीन संक्रांति (21 दिसंबर) से शुरू होता था। रोमन गणतंत्र कैलेंडर पर वर्ष 1 मार्च से शुरू होता था, लेकिन 153 ईसा पूर्व के बाद आधिकारिक तिथि 1 जनवरी थी , जिसे 46 ईसा पूर्व के जूलियन कैलेंडर के रूप में जारी रखा गया था ।मध्यकाल में अधिकांश यूरोप के 25 मार्च को नए साल की शुरुआत के रूप में मानते थे, हालांकि एंग्लो-सैक्सन इंग्लैंड में 25 दिसंबर को नया साल मनाया जाता था।विलियम द कोंकरर ने आदेश दिया कि वर्ष 1 जनवरी से शुरू होगा, लेकिन बाद में इंग्लैंड ने शेष लोगों ने ईसाई धर्म में शामिल होकर 25 मार्च को अपना लिया बाद में रोमन कैथोलिक चर्च द्वारा 1582 में अपनाए गए ग्रेगोरियन कैलेंडर ने 1 जनवरी को नए साल के दिन के रूप में बहाल किया, और अधिकांश यूरोपीय देशों ने धीरे-धीरे इसका अनुसरण किया: स्कॉटलैंड, 1660 में; जर्मनी और डेनमार्क, लगभग 1700 में; इंग्लैंड, 1752 में; और रूस, 1918 में।चीनी नव वर्ष की परंपरा 21 जनवरी से 20 फरवरी के बीच होने वाले पहले नए चंद्रमा से शुरू होता है। थाईलैंड के जल महोत्सव सोंगक्रान का उत्सव मनाना थाईलैंड में नववर्ष के अवसर पर मनाए जाने वाले महोत्सव सोंगक्रान के बारे में जानें, जो अप्रैल में मनाया जाता है।चन्द्र कैलेंडर का उपयोग करने वाले धर्मों और संस्कृतियों 1 जनवरी के अलावा अन्य दिनों में वर्ष की शुरुआत का पालन करना जारी रखा है।यहूदी धार्मिक वर्ष की शुरुआत रोश हशाना से होती है जो 6 सितंबर से 5 अक्टूबर के बीच आता है । इस्लामी कैलेंडर में आम तौर पर प्रत्येक वर्ष में 354 दिन होते हैं, जिसमें नया साल मुहर्रम के महीने से शुरू होता है।नौरोज़ एक प्राचीन पारसी त्योहार है जिसे ईरान और मध्य पूर्व और मध्य एशिया के अन्य भागों में फारसी प्रभावों के साथ एक सांस्कृतिक नए साल के रूप में मनाया जाता है । दक्षिण भारत में केरल के लोग नए साल को विशु के रूप में मनाते हैं और तमिलनाडु के लोग 14 अप्रैल को पुथांडु के रूप में मनाते हैं।तिब्बती फरवरी में लोसर के रूप में मनाते हैं और थाईलैंड में सोंगक्रान त्योहार अप्रैल के मध्य में मनाया जाता है। जापान में शोगात्सु 1 से 3 जनवरी तक मनाया जाने वाला तीन दिवसीय उत्सव है। उल्लेखनीय है कि विषुव,विशु मेसोपोटामिया से केरल और झारखंड तक और असम के बीहू (श को ह बोलते हैं वहां) के बीच क्या सामंजस्य है इस पर शोध आवश्यक है ।



## वित्त मंत्री ने मेडिकल कॉलेज का अटेंडेंस रजिस्टर किया जब्त



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के अनुबंध आधारित स्वास्थ्य कर्मियों की हाजिरी बही( अटेंडेंस रजिस्टर) जब्त कर लिया है। साथ ही अधिकारियों को मामले की जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया है। मेडिकल कॉलेज के सफाई कर्मियों की नोडल एजेंसी की जिम्मेदारी बालाजी नामक कंपनी पर है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कुछ दिन पहले मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निरीक्षण किया था। इस निरीक्षण में कई अनियमितताएं पाई गई थीं। स्वास्थ्य मंत्री ने एक सप्ताह के अंदर मेडिकल कॉलेज की स्थिति बदलने का निर्देश दिया था।

सोमवार को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने स्वास्थ्य विभाग और मेडिकल कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक के दौरान बालाजी कंपनी के कर्मियों की हाजिरी बही जब्त कर ली गई। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि मेडिकल कॉलेज को 135 सफाई कर्मियों की जरूरत है लेकिन मात्र 51 कर्मी ही तैनात हैं। उनमें से भी 47 कर्मियों की हाजिरी बन रही थी।

शेष पेज 11 पर

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कांके कृषि भवन का किया औचक निरीक्षण, कहा

# अब 1 एकड़ से कम वाले निजी तालाब का भी होगा जीर्णोद्धार



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कांके कृषि भवन के औचक निरीक्षण के क्रम में उपस्थित अधिकारियों कई निर्देश दिए। झारखंड में अब 1 एकड़ से कम में बने तालाब का भी सरकार जीर्णोद्धार करेगी। अगले वित्तीय वर्ष में निजी तालाब को लेकर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग को प्लान तैयार करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही नये निर्देश के अनुसार अब तालाब के जीर्णोद्धार के दौरान एक तरफ से सीढ़ी का निर्माण भी कराया जाएगा। ये निर्देश वर्तमान में निजी तालाब के जीर्णोद्धार के लिए कम से कम 1 एकड़ और अधिक से अधिक 5 एकड़ वाले तालाब की योजना चल रही है। इस योजना से बड़ी संख्या में किसानों के छोटे तालाब का जीर्णोद्धार नहीं हो पा रहा है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विभाग के द्वारा आने वाले समय में सब्जियों के टरढ तय करने की दिशा में काम करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि फूल गोभी या पत्ता गोभी जैसे सब्जियों का दर दूसरे राज्य के व्यापारी आ कर कम कर रहे है। इससे स्थानीय किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की कृषि भवन में कर्मियों और अधिकारियों के छुट्टी पर चले जाने को लेकर नाराज दिखी। उन्होंने कहा कि क्रिसमस से लेकर नये साल या दूसरे पर्व त्योहार मनाना जरूरी है पर इसका काम पर असर नहीं पड़े इसका ध्यान रखना चाहिए। मंत्री ने कहा जब मैं यहां पहुंची हूं तो 50 प्रतिशत कर्मी और अधिकारी 15 से 20 दिन के अवकाश पर है। झारखंड में पहले से ही सरकारी कर्मियों की कार्य संस्कृति गड़बड़ रही है। इसमें सुधार जरूरी है और ऐसा करके हम विभाग की योजनाओं को समय पर पूरा कर सकते है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष के बजट राशि को खर्च करने के साथ- साथ अगले वित्तीय वर्ष के बजट की तैयारी में सभी को जुट जाना होगा। औचक निरीक्षण के दौरान जैविक खेती को लेकर दी गई जानकारी पर भी मंत्री आश्चर्य चकित दिखी। उन्होंने कहा कि इसके बारे में कितने लोग जानते है। पैकेजिंग, शॉर्टिंग और ग्रेडिंग को लेकर मंत्री ने जेएसएलपीएस के पलाश ब्रांड का उदाहरण दिया। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि जब दूसरे विभाग के द्वारा ये किया जा सकता है तो यहां क्यों नहीं। उद्यान विभाग के द्वारा 27 एकड़ में बनाए जाने वाले हाई टेक नर्सरी में स्थानीय 2 से 3 हजार ग्रामीणों को रोजगार देने का भी निर्देश मंत्री ने दिया। उन्होंने कहा कि लोग रोजगार के लिए दूसरे जगह पलायन करते है ऐसे में हाई टेक नर्सरी में उनके रोजगार को सुनिश्चित कर पलायन को रोका जा सकता है।

### पार्किंग नियमों की अनदेखी करने पर सील किए जाएंगे व्यावसायिक भवन

**रांची।** पार्किंग नियमों की अनदेखी करने पर व्यावसायिक भवनों के खिलाफ अब कार्रवाई होगी। चिह्नित भवनों को सील किया जायेगा और तोड़े जाने की भी कार्रवाई हो सकती है। रांची नगर निगम ने एक पत्र जारी व्यावसायिक भवनों के मालिक और दुकानदारों से कहा है कि वे पार्किंग नियमों के अनुसार ही अपने भवन के सामने वाहनों की पार्किंग सुनिश्चित करें। जारी पत्र में निगम ने कहा है, आमतौर पर यह देखा जा रहा है कि शहर के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों वाले भवनों के लिए जो चिन्हित पार्किंग है, उसका पार्किंग के जगह पर दूसरे प्रयोग में लाया जा रहा है। प्रतिष्ठान वाले अपने गाड़ियों को सड़क किनारे खड़ी कर रहे हैं। साथ ही साथ कई दुकानदारों द्वारा अपने क्षेत्र से बाहर सामान रखकर व्यवसाय किया जा है, जिससे यातायात बाधित हो रही है। सफाई कार्य में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जो भवन प्लान अधिनियम तथा झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 का स्पष्ट उल्लंघन है। नगर निगम ने कहा है, प्रतिष्ठानों के मालिक से अपील है कि 3 दिनों के अन्दर अपने वाहनों का पार्किंग, भवन में चिन्हित पार्किंग स्थल में ही करना सुनिश्चित करे।

सरयू राय ने नगर विकास के प्रधान सचिव से की वार्ता

# मानगो के कचरा प्रबंधन को दुरुस्त करने का मिला आश्वासन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** जमशेदपुर पश्चिमी के



विधायक सरयू राय सोमवार को मानगो नगर निगम की समस्याओं को लेकर नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार से मिले। उन्होंने इस संबंध में ही पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव एमआर मीणा मीणा से भी वार्ता की। इस दौरान राय ने मानगो नगर निगम के कचरा प्रबंधन के लिए ठोस कदम उठाने और आवश्यक उपाय करने की बात नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव के सामने रखी। प्रधान सचिव ने इस पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया और पूर्वी सिंहभूम जिला के उपायुक्त को भी इस बारे में आवश्यक निर्देश दिया। सरयू राय ने उन्हें बताया कि वर्ष 2011-12 से मानगो नगर निगम क्षेत्र का कचरा और जमशेदपुर अक्षेस क्षेत्र के घरों से निकलने वाला कचरा टाटा स्टील यूआईएसएल के बारा कांप्लेक्स, सिदगोड़ा में गिराया जाता था। इसके बाद टाटा स्टील यूआईएसएल ने सोनारी के मरीन ड्राईव के किनारे एक स्थान चिन्हित किया, जहां जेएनएसी और मानगो नगर निगम क्षेत्र का कचरा डंप किया जाता था। ये जमीन भी टाटा स्टील की थी। अप्रैल 2023 में सोनारी के कतिपय नागरिक इस समस्या को लेकर एनजीटी मे समक्ष गये। वजह था कचरा प्रबंधन का सुचारू नहीं होना। कहा कि कचरे के ढेर में आग लग जाया करता है और आसपास के रिहायशी इलाकों में लगातार प्रदूषण फैलता था। एनजीटी ने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त और झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश दिया कि वे कचरा निष्पादन का वैकल्पिक उपाय करें। दोनों संस्थानों ने एनजीटी के समक्ष शपथ पत्र के माध्यम से अपनी बातें रखी और कचरा निष्पादन के लिए वैकल्पिक स्थान शीघ्र खोजने का आश्वासन दिया।

### मानगो जमशेदपुर का जुड़वां शहर : सचिव

नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव से कहा कि मानगो जमशेदपुर का जुड़वां शहर है। मानगो से टाटा स्टील का सीधा सम्बन्ध है। मानगो होकर इनका भारी वाहन कंपनी में आता है। मानगो होकर उनके पेयजल का पाईपलाईन डिमना लेक से आता है। मानगो में इनका बहुत बड़ा यातायात डिपो है तथा इनके अन्य हितों से भी मानगो जुड़ा हुआ है। इसलिए यह स्वाभाविक है कि जेएनएसी की तरह मानगो नगर निगम का कचरा भी टाटा स्टील यूआईएसएल के बारा कॉम्प्लेक्स में गिराया जाय। यही इस समस्या का स्थायी समाधान होगा।

### किशोर कुणाल का निधन मेरी व्यक्तिगत क्षति : राय

**रांची/जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने अपने विद्यार्थी जीवन के सखा, पूर्व आईपीएस अधिकारी और बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर गहरा शोक न्यक्त किया है। रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सरयू राय ने लिखाः पटना के श्री हनुमान मंदिर से प्रसिद्ध आचार्य किशोर कुणाल नहीं रहे। आज सुबह हृदयघात ने उन्हें हमसे छीन लिया। वे विद्यार्थी जीवन से हमारे मित्र रहे हैं। मेरे बुलाने पर वे केबुल टाऊन स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ में आए थे।

### पंचायत सहायक संघ का प्रतिनिधिमंडल निदेशक निशा उरांव से मिला

**रांची।** राज्य स्तरीय पंचायत सहायक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार के अगुवाई में सोमवार को पंचायती राज विभाग के निदेशक निशा उरांव के आवास पर मुलाकात किया। उन्हें पंचायत स्वंय सेवकों की समस्याओं से अवगत कराया। इस मौके पर चद्रदीप कुमार ने कहा कि कैबिनेट से गई घोषणा को राज्य में लागू कराने की मांग की गयी है। झारखंड में पेसा कानून को यथाशीघ्र लागू किया जाए। मौके पर युगल किशोर प्रसाद, बाल गोविंद महतो, मंटू कुमार, आनंद, गौतम कुमार, मनोज, संतोष, बापी, राजेंद्र, शमीम, इमरान, बलराम, बालदेव, फूलों, सीमा रीना अख्तर, पवन, सतीश, संतोष, जफर, रहीम, रॉबिन, संजय, अर्जुन, अमित, रोहन उपस्थित थे।

झारखंड पुलिस का अलर्ट ऐप

# सही समय पर डीजी कंट्रोल रूम को मिलेगी जिलों में हुई घटनाओं की सूचना



### ऐप के प्रशिक्षण व क्रियान्वन के लिए बैठक

झारखंड पुलिस मुख्यालय में सोमवार को आईजी अभियान अमोल विनुकांत होमकर और डीआईजी इंद्रजीत माहथा ने टेक्निकल टीम के साथ डिजिटल प्लटफार्म पर विकसित अलट्र्स ऐप के प्रशिक्षण और क्रियान्वन के लिए बैठक की। इस बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से राज्य के सभी सीसीआर डीएसपी, प्रभारी जिला नियंत्रण कक्ष जिला नियंत्रण कक्ष में पदस्थापित पदाधिकारी और कर्मी ने भाग लिये।

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सही समय पर डीजी कंट्रोल रूम को जिलों में हुए घटना और विधि-व्यवस्था की समस्या की सूचना मिलेगी। इसे लेकर डीजीपी अनुराग गुप्ता के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन में अलर्ट नाम का एक डिजिटल ऐप तैयार किया गया। जिसमें सभी जिलों द्वारा स-समय जिलों में हुए घटना विधि-व्यवस्था की समस्या की सूचना डीजी नियंत्रण कक्ष को दी जा सकेगी। जिससे बेहतर तरीके से विधि-व्यवस्था अपराधिक घटना से संबंधित कार्रवाई स-समय सुनिश्चित किया जा सकेगा।

इस बैठक में ऐप के उद्देश्य और प्रयोग के संबंध में व्यापक रूप से जानकारी दी गयी। बताया गया कि राज्य के किसी भी थाना क्षेत्र में हुई किसी प्रकार की घटना को संवेदनशीलता के आधार पर तुरंत संबंधित जिला नियंत्रण कक्ष के द्वारा ऐप पर लोड किया जायेगा, ताकि वरीय पुलिस पदाधिकारी को घटना की जानकारी डिजिटल प्लेटफार्म पर मिलने के उपरांत त्वरित कार्रवाई कराना सुनिश्चित कर सकें।

# राज्य में प्रतिदिन औसतन 5 लोगों की हत्या हो रही है : बाबूलाल मरांडी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी ने कहा कि एससीआरबी द्वारा जारी आंकड़े के मुताबिक, इस वर्ष जनवरी से अक्तुबर तक के बीच 1400 लोगों की हत्या की जा चुकी है। इस दौरान सिर्फ आमलोग ही नहीं बल्कि पुलिस अधिकारी, अधिवक्ता और जनप्रतिनिधि भी असमय मौत के घाट उतार दिए गए हैं। कहा कि झारखंड में अपराध का ग्राफ चिंताजनक रूप से ऊपर चढ़ रहा है। विधि व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखना राज्य सरकार की जिम्मेवारी है, लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नागरिकों की सुरक्षा में बुरी तरह विफल साबित हो रहे हैं। कहा कि झारखंड में बढ़ता अपराध आमलोगों के जेहन में खौफ पैदा कर रहा है। अगर तुरंत ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो राज्य की स्थिति और भयावह हो सकती है। कहा कि राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन को अपराध नियंत्रण के लिए मजबूत इच्छाशक्ति के साथ ठोस कदम उठाए जाने की जरूरत है।

रांची में कोई सुरक्षित नहीं, भय का माहौल

# क्राइम सिटी बनी रांची, अपराधियों का है बोलबाला : संजय सेठ

नवीन मेल संवाददाता


**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय



सेठ ने सोमवार को रांची राजधानी में हुई लूट की घटना एवं अपराधियों द्वारा दिनदहाड़े युवक को गोली मार दी गई। इन सभी घटनाओं की कड़ी शब्दों में निंदा की है। मंत्री श्री सेठ ने कहा आखिर रांची की पुलिस क्या रही कर है। रोज दिनदहाड़े अपराध हो रहे हैं, प्रशासन मौन है। जंगलराज की वापसी हो चुकी है। सरकार को कोई मतलब नहीं। आखिर इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा, क्या सरकार, प्रशासन और अपराधियों का गठजोड़ चल रहा है। राजधानी रांची क्राइम सिटी का अड्डा बन चुका है इन अपराधियों के सामने सरकार और प्रशासन पंगु बनी हुई है। रांची में आज मर्डर हुआ यह खबर नहीं बनती खबर यह बनती है कि रांची में आज मर्डर नहीं हुआ या कोई आपराधिक घटनाएं नहीं हुई। रांची में कोई भी वर्ग सुरक्षित नही है। सरकार और प्रशासन धैर्य की परीक्षा ना ले सभी वर्गों में आक्रोश है अगर सरकार और प्रशासन नहीं चेती तो इसका खामियाजा भुगतना होगा। रांची में दिनदहाड़े फायरिंग और 13 लाख की लूट। यह घटना हतप्रभ करने वाली है। बीच शहर में कैसे अपराधी तांडव कर रहे हैं, गोलियां चला रहे हैं और व्यवसायियों को लूट रहे हैं।

# झारखंड में पांच डिग्री तक गिरेगा तापमान, बढ़ेगी ठंड

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड में पिछले कुछ दिनों की बारिश के बाद तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। मौसम विभाग के अनुसार साल के अंत और नए साल की शुरूआत में राज्य में ठंड बढ़ने की संभावना है। अगले 1-2 दिनों में न्यूनतम तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। इसके बाद अगले तीन दिनों में तापमान में कोई खास बदलाव की उम्मीद नहीं है। राजधानी रांची सहित राज्य में सोमवार को सुबह में कोहरा और आंशिक रूप से बादल छाए रहे। मौसम विज्ञान केंद्र, रांची के अनुसार पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14.9 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 16.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में डाल्टेनगंज का अधिकतम तापमान 27.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

बोकारो का अधिकतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस संबंध में रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने सोमवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 11.7 डिग्री सेंटीग्रेड लातेहार में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 32.0 डिग्री सेंटीग्रेड सरायकेला में रहा। पिछले 24 घंटे में राज्य में कहीं कहीं पर कोहरा भी दर्ज किया गया। मौसम शुष्क रहा।

# रवींद्र कुमार बने राजद के रांची महानगर अध्यक्ष



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश राजद कार्यालय में सोमवार को प्रदेश युवा राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष रंजन कुमार यादव ने संगठन का विस्तार करते हुए युवा राजद के रांची महानगर का अध्यक्ष रवींद्र कुमार सिंह को बनाया। वहीं ललन यादव, अभिराज राय, राजेश यादव को प्रदेश सचिव के रूप में मनोनित किया गया। राजद के महानगर अध्यक्ष कमलेश यादव ने भी संगठन विस्तार करते हुए जितेंद्र कुमार राणा को रांची महानगर का उपाध्यक्ष मनोनित किया। मौके पर कई युवाओं ने राजद की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों में रवि रंजन कुमार, सिद्धार्थ कुमार समेत दर्जनों युवा शामिल रहे। मौके पर राजद उपाध्यक्षा अनीता यादव, युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार यादव, महासचिव क्षितिज मिश्रा, रांची महानगर अध्यक्ष कमलेश यादव, सुरेंद्र यादव मौजूद थे।

# आकांक्षी जिलों की सूची से बाहर निकलने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता : सेठ

नवीन मेल संवाददाता



**गडचिरोली /रांची।** गडचिरोली जिले को आकांक्षी जिलों की सूची से बाहर निकालने के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के सामूहिक प्रयासों और तत्परता से काम करने की आवश्यकता है। जिले को नए अनुभवी अधिकारियों की टीमवर्क की मदद से यह संभव होगा, ऐसा विश्वास केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आशा व्यक्त किया।आकांक्षी जिले की समीक्षा के लिए केंद्र सरकार की ओर से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ गडचिरोली जिले के दो दिवसीय दौरे पर आए हैं। उन्होंने विभिन्न सरकारी विभागों के प्रमुखों के साथ जिला नियोजन भवन में समीक्षा की। इस दौरान जिला कलेक्टर अविश्यांत पंडा, जिला पुलिस अधीक्षक श्री निलोत्पल, सांसद नामदेव किरसान, विधायक रामदास मसराम, विधायक मिलिंद नरोटे, और जिला परिषद के प्रभारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेंद्र भुयार मुख्य रूप से उपस्थित थे। राज्य मंत्री संजय सेठ ने शिक्षा पर जोर देते हुए जिले में स्कूलों की संख्या, छात्रों की उपस्थिति, और मध्याह्न भोजन योजना की जानकारी ली। उन्होंने जिले में केंद्रीय विद्यालय स्थापित करने के प्रस्ताव को प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए बुनियादी ढांचे को सक्षम करने की आवश्यकता बताई। कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने जिले में प्रमुख फसलों, प्राकृतिक आपदाग्रस्त किसानों को मदद,

# सीएमपीडीआई में सीएसआर कार्यशाला का हुआ आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सीएमपीडीआई द्वारा पिछले दशक में की गयी निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के प्रभाव की समीक्षा और आकलन करने के लिए संस्थान के स्वर्णरेखा हॉल में सीएसआर एपेक्स समिति के सदस्यों और क्षेत्रीय संस्थान के स्तर पर उप-समिति के सदस्यों के लिए सीएसआर पर एक-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। एक जनवरी से कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के तहत सीएसआर के अनिवार्य प्रावधान प्रभावी है। इस कार्यशाला में सीएसआर परियोजना की पहचान, कार्यान्वयन, सर्वोत्तम प्रथाएं और उभरते रूझान और सीएसआर नियम/ ऑडिट/ जिम्मेदारियां थीम पर इंटरएक्टिव सत्र आयोजित किए गए। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने कहा कि प्रोएक्टिव सीएसआर हमें संभावित सामाजिक और पर्यावरणीय जोखिमों की पहचान करने, सामाजिक दायित्वों को पूरा करने, पीएसयू की सार्वजनिक धारणा को बढ़ाने एवं उन्हें जिम्मेदार और नैतिक संगठनों के रूप में चित्रित करने में मददगार साबित हो सकता है। यह सकारात्मक छवि प्रतिभा को आकर्षित कर सकती है एवं ग्राहक निष्ठा बढ़ा सकती है तथा हितधारकों के साथ रिश्ते मजबूत कर सकती है। मौके पर सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, निदेशक (तकनीकी/ सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/ पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/ आरडीएंडटी) अच्युत घटक, महाप्रबंधक (एचआरडी/ सीएसआर) आर0के0 महापात्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

पिकनिक के लिए तैयार है रॉक गार्डन

# सुरक्षा के हैं पुख्ता इंतजाम, गार्ड के साथ पुलिस कर्मी भी हैं तैनात

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची में नए वर्ष के मद्देनजर पिकनिक स्पॉट, पर्यटन स्थल और मंदिरों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा को लेकर लगभग दो हजार जवानों की तैनाती की गई है। राजधानी के पार्क्स को भी पूरे तरीके से साफ किया गया। इसी क्रम में रॉक गार्डन को भी प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पिकनिक में आने वाले परिवारों के लिए साफ किया गया। वहीं मौजूद गाड्र्स ने बताया रोक को वैसे तो साफ सुथरा ही रखा जाता है लेकिन पिकनिक के समय पर लोगों की भीड़ ज्यादा होती है इसलिए सुबह शाम दोनों वक्त साफ सफाई की जाती है। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस की गश्ती तैनात रहती।

साथ ही अतिरक्त फोर्स थाने को भी मुहैया कराया गया है। भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में पेट्रोलिंग करने का निर्देश दिया गया। नव वर्ष के आगमन को लेकर राजधानी और उसके आसपास के पर्यटन स्थलों पर लोगों की भीड़ उमड़ने का सिलसिला शुरू हो गया। सैलानियों की यह भीड़ नए साल के आगमन पर और बढ़ेगी। ऐसे में सैलानियों की सुरक्षा और हुड़दंगियों पर नकेल कसने के लिए रांची पुलिस के तरफ से बड़ी तैयारी की गई है। रांची एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा ने सोमवार को बताया कि सुरक्षा को लेकर रांची पुलिस ने पुख्ता और कड़े इंतजाम किए गए हैं। पूरे जिले में पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई है। महिलाओं के साथ होने वाली छेड़खानी की घटनाओं को लेकर रोकने के लिए राजधानी में 50 शक्ति कमांडों भी तैनात की गई है। 25 दिसम्बर से लेकर 15 जनवरी तक शक्ति कमांडों शहर में स्थित सभी पार्कों पर नजर रखेंगी।

### पिकनिक के लिए आने वालों को नहीं होती है कोई परेशानी : मैनेजर श्रवण

रॉक गार्डन के मैनेजर श्रवण ने बताया सुरक्षा से लेकर हर चीज की पुख्ता तैयारी की जाती है। वहीं सुरक्षा में अन्य दिनों दो गाड्र्स तैनात रहते है लेकिन पिकनिक जैसे मौकों पर चार गार्ड की तैनाती रहती है। वहीं पुलिस की गश्ती में महिला पुलिस कर्मियों को भी तैनात रखा जाता हैं। उन्होंने बताया नशेड़ियों ओर अश्लील हरकत करने वालों को पार्क्स में गाड्र्स द्वारा खदेड़ा जाता है, हालांकि ऐसे लोगों को जाने की इजाजत ही नहीं है लेकिन यदि कोई चला भी जाता है तो गाड्र्स की पैनी नजर से बच नहीं पाता है। वहीं उन्होंने बताया गार्डन को और खूबसूरत और आकर्षक बनाने के लिए रंग बिरंगे लाइट्स से सजाया गया है। यहां आने वाले लोगों के लिए शौचालय से लेकर पेयजल को भी सुविधा है।

॥ शोक संदेश ॥



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि, हमारे पूज्य श्री सुरेश कुमार तुलस्यान (नीलू बाबू) का देहावसान दिनांक 30/12/2024 दिन सोमवार को हो गया है, अंतिम यात्रा दिनांक 31/12/2024 दिन मंगलवार को हमारे निवास स्थान डालटनगंज से अपराहान 03.00 बजे हरिश्चन्द्र घाट के लिए प्रस्थान करेगी।

शोकाकुल
आनन्द तुलस्यान, (भाई)
अरुण तुलस्यान, (भाई)
रोहित तुलस्यान, डिंपी (पुत्र)
ऋषि तुलस्यान, (भतीजा)
शोभित तुलस्यान (पौत्र)

मो. 9304475550

### कार्निवल में कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं की धूम मची रही

# साक्षी को मिस ब्यूटीफुल और कार्तिक को मिस्टर हंक का खिताब मिला



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एक्वा वर्ल्ड,मछली घर के द्वारा आयोजित किये जा रहे कार्निवल 2025 के चौथे दिन भी कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं की धूम रही। सोमवार का मुख्य आकर्षण युवकों और युवतियों के लिए 'रांची की मिस ब्यूटीफुल' और 'रांची का मिस्टर हंक' प्रतियोगिता थी। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को रैंप पर कैटवॉक करना था। चुने गए प्रतिभागियों को निर्णायकों के प्रश्नों का जवाब देना था। इस प्रतियोगिता में रांची की मिस ब्यूटीफुल का खिताब साक्षी ने जीता जबकि रांची के मिस्टर हंक का खिताब कार्तिक के नाम रहा। मिस ब्यूटीफुल प्रतियोगिता के अन्य विजेताओं में रोशन और युवी और मिस्टर हंक के अन्य विजेताओं में प्रिया और शीतल शामिल थे। इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में श्रीमती बेबी चटर्जी और जयंत मिश्रा उपस्थित थे। इसके पूर्व सोमवार सुबह में बेस्ट पेंटिंग प्रतियोगिता और बेस्ट टैटू प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। उसके बाद का समय दंगल टाइम का था। मिस बैगवती में महिलाओं को अपने हैंड बैग की नुमाइश करते हुए रैंप पर कैटवॉक करना था। 'झूठी खाली थी कसम' प्रतियोगिता में लोगों को बड़ा से बड़ा झूठ बोलने की चुनौती थी। इसके बाद द फॉलो अप शो में ऋषभ ने स्टैंड अप कॉमेडी पेश कर लोगों को लोटपोट कर दिया। बेस्ट कपल डांस में ढेर सारे प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। तेरे वास्ते फलक से मैं चांद लाऊंगा गाने की धुन पर कपल डांस करते दिखे। आज के आउटफिट कंपटीशन का थीम ब्लू कलर था। बड़ी संख्या में लोग ब्लू रंग के कपड़े पहन कर आए थे। इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड के चेयरमैन प्रतुल शाहदेव, डिप्टी चेयरपर्सन डॉ विद्या झा,कार्निवल के इंचार्ज लोकेश चौधरी,डिप्टी इंचार्ज अभिषेक गिरी, आनंद, सौरव, प्रदुम्न, आकाश, आयुष, खुशबू, शगुन, सौम्या,पीयूष, आदित्य, शिवेश, प्रशांत, नितिन, अपराजिता कोमल, तान्या, सान्या एवं कार्निवल आयोजन समिति के तमाम सदस्य उपस्थित थे।

## उरांव समाज का अंतरराष्ट्रीय कुड़खर कोहा बेंजा समारोह 12 को

**रांची।** हेहल जतरा स्थल मैदान में विभिन्न आदिवासी संगठनों ने सोमवार को प्रेस वार्ता किया। जिसमें बताया गया कि दो दिवसीय अंतराष्ट्रीय कुडुखर कोहा बेंजा (हड़गड़ी) समारोह 12-13 जनवरी को मनाया जाएगा। यह बिहार के रोहतासगढ़ किला में आयोजित होगा। जिसमें कहा कि उरांव समाज का सामाजिक धार्मिक पहचान है। इसे बचाये रखने के लिए पड़हा पदाधिकारियों के साथ बैठक किया जाएगा। पड़हा राजाओं से सलाह लिया जाएगा। कहा कि 2025 की जनगणना में धार्मिक पहचान को लिपिबद्ध कराया जाएगा। इसके लिए उरांव समाज गांवों में प्रचार प्रसार शुरू किया जाएगा। उरांव समाज से विश्वनाथ तिर्की ने कहा कि 13 जनवरी को कोहा बेंजा (हड़गड़ी) कार्यक्रम होगा। इसमे छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उड़ीसा, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश पश्चिम बंगाल और असम से उरांव समाज शामिल होंगे। इसमें सभी एक साथ अपने पूर्वजों को यादकर श्रद्धाजलि अर्पित करेंगे। केद्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि रोहतासगढ़ आदिवासियों का धार्मिक स्थल है। इसे बचाने के लिए सभी को एकजुट होना होगा। हक अधिकार की लड़ाई लड़नी होगी।

## न्यूज बॉक्स

### नव वर्ष को लेकर रांची पुलिस ने तेज की जांच



**रांची।** नव वर्ष को लेकर राजधानी रांची में जांच अभियान तेज कर दिया गया है। खास कर रांची के मेन रोड, रातु रोड और कई इलाकों में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा। इस दौरान कोतवाली डीएसपी, सिल्ली डीएसपी सहित लोअर बाजार थाना और कोतवाली थाना प्रभारी भी मौजूद रहे। नव वर्ष को ध्यान में रखते हुए मेन रोड में पैदल गश्ती किया जा रहा है। साथ ही बियर बार एवं रेस्टोरेंट को भी चेकिंग किया जा रहा है और एंटी अल्कोहल चेकिंग अभियान विशेष रूप से चलाया जा रहा है।

### डीएसई ने शिशु सर्वे किया



**रांची।** जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज ने सोमवार को को रुगड़ी गाढ़ा मधुकुम, मौसीबाड़ी जगरनाथपुर एवं अन्य आवासीय इलाकों में शिशु सर्वे किया। शिशु पंजी सर्वे का कार्य 4 दिसंबर 2024 से 4 जनवरी 2025 तक चलेगा। सर्वे के माध्यम से ड्राप आउट बच्चों की जानकारी इकठ्ठा की जा रही है। ताकि हर बच्चा स्कूल में अच्छा उद्देश्य पूरा हो सकें। इसके अतरिक्त 15 वर्ष से अधिक आयु के शिक्षित वयस्कों की भी जानकारी सर्वे के माध्यम से इकट्ठा की जा रही है।

### श्रीश्याम मंदिर में सोमवती अमावस्या पर अनुष्ठान का आयोजन



**रांची।** जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम... शरणागत हम आए आपके दर्शन हमको देवो श्याम...के ताली कीर्तन से हरमू रोड़ का श्रीश्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था सोमवती अमावस्या पर खाटूनरेश के महास्नान अनुष्ठान उत्सव का। श्रीश्याम मित्र मण्डल द्वारा सोमवती अमावस्या के अवसर पर विशेष कार्यक्रम हुए। प्रातः मंगल आरती व बाल भोग करके बाबा के गर्भगृह में परदा लगा दिया। दूध, दही, गंगाजल, शहद, केशर, इत्र, गुलाबजल, चीनी, गुड़ के महामिश्रण से खाटूनरेश को महास्नान कराया गया।डारक वुलु के साथ गोल्डेन जरी लगा बागा खाटूनरेश को पहनाया गया। गुलाब के विशेष रुह से खाटूनरेश का मसाज किया गया। मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं को भी नवीन डारक वुलु के साथ गोल्डेन जरी लगा नया पौशाक पहनाया गया। कोलकाता से विशेष फूल - लाल गुलाब, रजनीगंधा, सफेद स्टार, पीला स्टार, तुलसीदल, पीला गेंदा की मोटी-मोटी फूल मालाओं से खाटूनरेश को सजाया गया। मंदिर में विराजमान रिद्धी-सिद्धी, लड्डू गोपाल, शालीग्रामजी, गरुड़जी, श्रीश्यामेश्वर महादेव, श्रीहनुमान जी, प्राचीन तेल चित्रो व गुरुजनों का भी विशेष श्रृंगार किया गया था। श्रृंगारित दरबार का परदा खोलते ही मंदिर में उपस्थित सैकड़ों भक्तो ने खाटूनरेश की जय-जयकार कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। श्रृंगार आरती की गयी। पंचमेवा का भोग लगाया गया।दिन भर बड़ी संख्या में भक्तों ने श्रीश्याम दरबार में अपनी हाजरी लगायी। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्यामसुंदर शर्मा, श्रवण ढाढ़ंनिया, प्रशान्त खेमका, वन्दना खेमका, प्रवीण अग्रवाल, श्यामसुंदर जोशी, सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

### अनाथ संजय दलेल पंचतत्व में विलीन



**रांची।** लोधमा प्रखंड के ग्राम कच्चा बारी पंचायत के संजय डलेल जो लगभग 40 वर्ष के थे। वे काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उन्हें सड़क से उठाकर नवजीवन संस्थान में भर्ती कराया गया था। सोमवार सुबह हृदय घात के कारण उनका निधन हो गया। उनके आगे पीछे कोई भी नहीं था। यह बात पता लगने पर विश्व हिंदू परिषद के सेवा विभाग के सह प्रांत प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल ने अपने सभी साथियों को सूचित किया और तत्काल मुक्ति धाम हरमू में उनके पार्थिव शरीर को पहुंचा कर उनका विधिवत जनजातिय विधि विधान से दाह संस्कार किया गया। उनके पार्थिव देह को मुखाग्नि संतोष आग्रवाल ने दी। संतोष अग्रवाल ने अपनी माता जी की पुण्य स्मृति में अभी तक 100 से अधिक ऐसे लोगों को मुखाग्नि देकर पंच तत्व में विलीन कर मुक्ति दिलाई है, जिनके आगे पीछे कोई नहीं था, उनका साथ देने के लिए हरमू घाट पर कृष्ण कुमार गाड़ोदिया, ओम प्रकाश सर्राफ, प्रकाश बजाज, विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंह मुंडा, रांची महानगर के अध्यक्ष कैलाश केसरी उनके चुटिया से सहयोगी राजेश यादव, नारनौली अग्रवाल सभा से राजेश अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, मारवाड़ी ब्राह्मण सभा से सीताराम शर्मा और समाज के बहुत से सदस्यों के साथ विश्व हिन्दू परिषद के प्रान्त सह सेवा प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल, प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. इस कार्यक्रम को संपादित करने के लिए नवजीवन संस्थान के कार्यकर्ता और हरमू मुक्ति धाम के विजय मिंज उनके दोनों सुपुत्र अशीष मिंज और अभय मिंज ने विधिवत आदिवासी रिती रीवाज से उनका दास संस्कार किया।

## कीचड़ से बचा, तो धूल में फंसा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



जिले के रातु क्षेत्र के रिंग रोड,नयाटोली, सिमलिया की जनता को सड़क में बिछे गिट्टी के छाई (डस्ट) उड़ने के कारण काफी परेशान हैं। आवासीय क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र बनने के कारण प्रतिदिन सैकड़ो गाड़ियों की परिचालन होने से सड़क में बिछे गिट्टी के (डस्ट) धूल उड़ने से क्षेत्रवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि यह मार्ग रिंग रोड स्थित भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के आवास के बगल से नोवानगर होते हुए गुमला रोड, मेजर कोठी तक जाती है। इस बाबत नयाटोली सिमलिया निवासी राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व में सड़क की स्थिति काफी जर्जर होने और सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे में पानी भरने एवं काफी कीचड़ होने के कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों की सामना करना पड़ रहा था। इस निमित्त उक्त क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ संबंधित विभाग के मंत्री व आला अधिकारियों का ध्यानाकर्षण करने के लिए सड़क पर धान रोपनी कर विरोध प्रदर्शन किया गया था। उस वक्त चूंकि चुनाव होने थे, चुनाव में इसका विपरीत प्रभाव न पड़े, इसलिए आनन- फानन में गिट्टी डालकर सड़क के गड्ढे को भर दिया गया, और क्षेत्र वासियों को आश्वासन दिया गया कि, बहुत जल्द इस मार्ग का निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा।

## ऑल इंडिया पेरेंट्स एसोसिएशन का राष्ट्रीय अधिवेशन 4 जनवरी से

**रांची।** ऑल इंडिया पेरेंट्स एसोसिएशन का राष्ट्रीय अधिवेशन चार जनवरी से ओडिशा के पुरी में होगा। दो दिनों तक चलने वाले इस अधिवेशन में देशभर के अभिभावक और बच्चों से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा होगी। इस अधिवेशन में झारखंड से झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय एवं झारखंड अभिभावक महासंघ के महासचिव मनोज कुमार मिश्रा शामिल होंगे। इसमें एक राष्ट्र, एक शिक्षा नीति, एक बोर्ड, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, अभिभावकों के अधिकारों की रक्षा, बच्चों के साथ होने वाले अपराधों का समाधान, आरटीई अधिनियम का अनुपालन और फी रेगुलेटरी एक्ट पर चर्चा की जाएगी। इस अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों और बच्चों की समस्याओं का समाधान करना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है।

# रांची समर्पण शाखा बनी श्रेष्ठ महिला शाखा विनिता सिंघानियां बनी श्रेष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच का 15 वां राष्ट्रीय अधिवेशन गांधीधाम गुजरात में राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा सुरेंद्र भट्टर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। रांची समर्पण शाखा ने इसमें अपना परचम लहराया। सत्र 2023-24 के वितरित पुरस्कारों में शाखा अध्यक्ष सह मंडल की उपाध्यक्ष युवा विनिता सिंघानिया को पूरे राष्ट्र में श्रेष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विनिता को इससे पूर्व राष्ट्रीय स्तर पर बतौर प्रांतीय संयोजिका पर्यावरण एवं स्वच्छता परफॉर्मर ऑफ दी ईयर एवं सर्वश्रेष्ठ प्रांतीय संयोजिका साथ ही प्रांतीय स्तर पर अब तक सत्र 2021-23 में दो बार श्रेष्ठ प्रांतीय संयोजिका एवं सत्र 2023-25 में सर्वश्रेष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष के पुरस्कार से सम्मानित किया का चुका है। सत्र 2023-24 के लिए रांची समर्पण शाखा को पूरे राष्ट्र में श्रेष्ठ महिला शाखा के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। तत्कालीन शाखा अध्यक्ष श्वेता भाला के नेतृत्व में शाखा को सर्वश्रेष्ठ महिला शाखा, सर्वश्रेष्ठ महिला शाखा अध्यक्ष समेत कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था। 2007 में संस्थापक अध्यक्ष सुमिता लाठ से लेकर अभी तक के सभी पूर्व अध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ, मेहनत आशीर्वाद का नतीजा है कि समर्पण शाखा लगातार प्रांतीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान को बढ़ाती जा रही है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

## प्रभातफेरी में गूंजा-गुण निधान हरिनामा जपि पूरन होए कामा...

**रांची।** श्री गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा ने सोमवार को सातवें दिन प्रभातफेरी निकाली। सुबह 5.45 बजे गुरुद्वारा साहिब के पार्किंग गेट से निकलकर विभिन्न मोहल्ले और गलियों से होते हुए वापस पार्किंग गेट पहुंचकर सुबह 8.20 बजे समाप्त हो गई। सभी श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों के सामने निशान साहिब जी को माला पहनाकर और फेरी पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धाभाव से स्वागत किया। प्रभात फेरी में शामिल स्त्री सत्संग सभा ने गुण निधान हरिनामा जपि पूरन होए कामा... समेत कई शबद गायन प्रस्तुत किए। इससे आसपास का पूरा वातावरण भक्तिमय रहा। सरदार छोटू सिंह ने निशान साहब उठाकर प्रभातफेरी की अगुवाई की। मनीष मिढ़ा ने श्रद्धालुओं के घरों के सामने वाहेगुरु से कुशल मंगल की अरदास की। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि सत्संग सभा प्रभातफेरी का समापन 31 दिसंबर को होगा। छह जनवरी को श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज का प्रकाश पर्व मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में रात आठ से एक बजे तक कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा साहिब में विशेष दीवान सजाया जाएगा।

# स्नान- दान सहित सोमवती अमावस्या पर हुआ विशेष अनुष्ठान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



● सुख- सौभाग्य में वृद्धि की कामना से सुहागिनों ने की भगवान श्रीवेंकटेश्वर की प्रदक्षिणा।

सोमवती अमावस्या तिथि में पहाड़ी मंदिर के निकटवर्ती श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में प्रातः भगवान का विश्वरूप दर्शन, सुप्रभातम, मंगलशासनम, वेंकटेश स्तोत्रम आदि विधान के बाद षोडषोपचार विधि से तिरु आराधना हुआ। भगवान को नक्षत्र, कुंभ, और कर्पूर से महा आरती की गई । इसके बाद पोंगल, खीर, फल व मेवा का भोग लगा। प्रातः विविध पूजाक्रम के पश्चात आम श्रद्धालुओं की प्रातः 7:00 बजे से दिन के 12:00 बजे तक और संध्या 4:00 बजे से 7:00 बजे तक भीड़ लगी रही। पितृदोष निवारण और पितरों की सद्गति प्राप्ति के लिये देवशिरोभूषण भगवान श्रीवेंकटेश्वर की भक्तों ने अष्टोत्तरशतनाम की अर्चना करायी। यह सोमवार की सोमवती अमावस्या शुभफलकारक है। इसीलिये सुहागिनों नें अखंड सुहाग , सौभाग्य की प्राप्ति और संतान सुख के लिए जगत् जननी जगदंबिका महारानी श्रीलक्ष्मी जी सहित श्रीविष्णु की प्रसन्नता के लिए कुंकुम से लक्ष्म्यष्टोत्तर शतनाम की अर्चना कराकर परिक्रमा की। अर्चक : सत्यनारायण गौतम, गोपेश आचार्य और श्री गगन मिश्र ने दिनभर के आयोजित अनुष्ठान को पूर्ण करके अनंतकाल से शेषशैय्या पर शयन करने वाले भगवान श्रीमन्नारायण का पंखा आदि झलकर केसर युक्त दूध का पान कराया गद्दा तकिया आदि बिस्तर लगाकर भगवान को गर्म सॉल ओढ़ाया और समग्र भारत और झारखंड वासियों के सुख -शांति एवं समृद्धि के लिए शुभकामना किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राम अवतार नरसरिया, प्रदीप नरसरिया, अनूप अग्रवाल, रंजन सिंह, ओम प्रकाश गाड़ोदिया, सुशील गाड़ोदिया, प्रभास मित्तल, शंभू नाथ पोद्दार आदि बहुतायत संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित हुए।

## ब्रह्मकुमारी ने स्नेह मिलन समारोह का किया आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सोमवार को कांके नवा टोली बाड़ू पिठौरिया स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कि ओर से ब्रह्मा वत्सो का 'स्नेह मिलन' समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान कि संचालिका बीके राजमती बहन ने कहा कि पुराने स्वभाव, संस्कार एवं व्यर्थ के चिंतन तनाव, नशा और जीवन के समस्त बुराइयों को त्याग कर आने वाले नए युग,नए विचार और नए उमंग उत्साह और अपने जीवन में सद्गुणों को धारण कर हमें नया वर्ष मानना है। आने वाले जनवरी माह विशेष निरहंकारी, निर्विकारी और निरकारी बनने का ज्वाला मुखी योग बट्टी कर अंतर आत्मा को दिव्य परिवर्तन कर संसार में नया परिवर्तन लाना है। जनवरी माह विशेष फरिश्ता बनने का माह है। जनवरी माह में शांति का टावर, पवित्रता का टावर और शक्ति का टावर है। हम सबको नए साल में इस शक्ति को प्राप्त पूरे संसार में फैलाना है। इस अवसर हजारों ब्रह्मा वत्सो ने दृढ़ प्रतिज्ञा की। ब्रह्माकुमारियों ने आठ घंटा मेजिटेशन कर प्राकृतिक के पांचों तत्वों को और समस्त मानव जीवन को शुभ भावना और शुभ कामना करने का संकल्प लिया। इस अवसर मुख्य रूप बी के रेखा, उषा देवी, लक्ष्मी देवी, शकुंतला देवी, रीता देवी, बसंती देवी, लीला देवी, ऊर्मिला देवी, कविता सेन आदि कई लोग उपस्थित थे।

### आज / कल




# पारस हॉस्पिटल ने दो टुकड़ों में बंटे किडनी के मरीज की जान बचाई

### एक्सीडेंट होने के कारण किडनी हो गया था क्षतिग्रस्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




पारस हॉस्पिटल एचइसी के यूरोलॉजिस्ट डॉ सौमिक चटर्जी ने गिरिडीह के रहने वाले 25 वर्षीय युवक की जान बचाई है। इस युवक का एक्सीडेंट होने के कारण इसका किडनी क्षतिग्रस्त हो गया और किडनी के दो टुकड़े हो गये थे। इस कारण पेट में ब्लीडिंग तेजी से हो रहा था। तत्काल उपचार के लिए इस युवक को रिम्स में भेजा जाता है। फिर वह युवक रांची के ही एक प्राइवेट हॉस्पिटल में दाखिला लेता है। उस युवक का इलाज दो दिन तक निजी हॉस्पिटल में होता है, लेकिन वहां पर उस मरीज की हालत और भी खराब हो रही थी। मरीज को सांस लेने में परेशानी हो रही थी और उसका ऑक्सीजन लेवल लगातार गिर रहा था। इसके बाद मरीज के परिजनों ने पारस हॉस्पिटल से संपर्क किया और मरीज को हॉस्पिटल में एडमिट करवाया। जब वह मरीज अस्पताल पहुंचता है तो उसका हार्ट रेट 170 था। बीपी कम हो गया था। तुरंत मरीज का सीटी स्कैन किया जहां पता चला की किडनी दो टुकड़ों में टूट गए है एवं छाती के अंदर रक्त प्रवाह होने में कारण हेमोथोरेक्स हो रहा है। मरीज को तुरंत ऑपरेशन थिएटर में लिया गया। जब उन्हें ओटी में रखा गया, तब तक उनका एसओपी02 घटकर 64 प्रतिशत रह गया था। पारस हॉस्पिटल में उस मरीज का तीन घंटे पेट का ऑपरेशन चला। क्षतिग्रस्त किडनी को हटाया गया। जहां पर अधिक ब्लीडिंग हो रही थी, उसे रोका गया। छाती में चेस्ट ट्यूब डाला गया। एक अत्यावश्यक लैपरोटॉमी और नेफरेक्टोमी की गई। रीनल हिलम में सक्रिय उछाल के साथ लगभग 1.5 लीटर रक्त को नियंत्रित किया गया। एक चेस्ट ड्रेन भी डाला गया और एक लीटर एकत्रित रक्त निकाला गया। मरीज दो दिनों तक आईसीयू में रहा। इसके बाद पूरी तरह स्वस्थ होकर घर चला गया। यूरोलॉजिस्ट डॉ सौमिक चटर्जी ने कहा कि उस मरीज की जान तभी बच पायी, जब मरीज का ऑपरेशन तीन घंटे के अंदर डॉक्टर और उनकी टीम के द्वारा हाई रिस्क पर किया गया। थोड़ी और देर होती तो मरीज को बचाना संभव नहीं था।

पारस हॉस्पिटल एचइसी के मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने कहा कि पारस हॉस्पिटल में मरीजों का विश्वस्तरीय इलाज की सुविधा उपलब्ध है। यहां पर केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना के तहत मरीजों का इलाज किया जा रहा है। साथ ही साथ आयुष्मान योजना, ईसीआई एवं अन्य इंश्योरेंस के तहत इलाज की सुविधा उपलब्ध है। इस हॉस्पिटल में झारखंड समेत अन्य प्रदेशों के मरीज इलाज करवा रहे हैं।

# श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर का उद्घाटन 5 को, पोस्टर का हुआ विमोचन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल की अध्यक्षता में ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय शिवगंज हरमू रोड मे पोस्टर विमोचन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 5 जनवरी 2025 को अरगोड़ा पुंदाग मे राज्य का सबसे बड़ा राधा- कृष्ण मंदिर श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर का उद्घाटन की तैयारियों पर चर्चा की गई। वहीं वृहत स्तर पर प्रचार- प्रसार तथा संपर्क के लिए पोस्टर बैनर का विमोचन किया गया। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल व सचिव मनोज चौधरी ने बताया कि श्री कृष्ण प्रणामी शिव धाम मंदिर का शुभ उद्घाटन 5 जनवरी को प्रातः 10 बजे ट्रस्ट के संस्थापक संत शिरोमणि श्री श्री 1008 स्वामी श्री सदानंद जी महाराज के कर कमलों द्वारा तथा प्रणामी समाज के संत महात्माओं की उपस्थिति मे होगा। साथ में 5 से 8 जनवरी तक चार दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा, वाणी चर्चा एवं बीतक कथा, तथा परमहंस संत शिरोमणि डॉ स्वामी श्री सदानंद जी महाराज के द्वारा श्रीमद् भागवत कर कृष्ण अमृत कथा एवं परम पूज्य श्री श्री 108 श्री मोहन प्रियाचार्य जी महाराज के मुखारविंद से तारतम वाणी तथा अन्य संत महात्माओं के द्वारा दिव्य प्रवचन किया जाएगा। मंदिर की उद्घाटन की तैयारियां जोरों पर है। पोस्टर एवं बैनर रांची नगर के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर लगाया जाएगा। ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर का उद्घाटन एवं विस्तृत कार्यक्रमों की संपूर्ण जानकारी के लिए 2 जनवरी को अपराह्न - 3:30 बजे एक प्रेस वार्ता महाराजा अग्रसेन भवन में रखी गई है।

विमोचन कार्यक्रम में ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, सचिव मनोज चौधरी, सह कोषाध्यक्ष नंदकिशोर चौधरी, पूरणमल सर्राफ, सज्जन पाड़िया, विशाल जालान, विष्णु सोनी, चिरंजी लाल खंडेलवाल, दीपक चौधरी, संजय सर्राफ, सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### झामुमो ने एनके एरिया के नए जीएम को दी शुभकामनाएं

**खलारी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा खलारी प्रखंड का एक प्रतिनिधिमंडल एनके एरिया के नए जीएम दिनेशप्रसाद गुप्ता से अनौपचारिक मुलाकात किया। प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान के नेतृत्व में झामुमो के लोगों ने उन्हें बुके देकर सम्मानित किया तथा नववर्ष की शुभकामना दी। एनके जीएम से मिलने वालों में झामुमो के पूर्व जिला उपाध्यक्ष नंदू मेहता, प्रखंड उपाध्यक्ष सुभाष प्रजापति, कमलेश चौहान, चितरंजन सिंह, शंभू दास, अजीत चौहान, हैदर अली, सिंटू कुमार, महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष शिवानी यादव, अनिता देवी, चंदा देवी आदि शामिल थी।

### ब्लॉक परिसर में पड़ा रहा अज्ञात वृद्ध का शव

**मुरी।** सोमवार को प्रखंड परिसर में एक वृद्ध आदमी का शव देखा गया।जो काफी देर तक पड़ा रहा। लगभग तीन बजे मुखिया के आदेश पाकर दाह संस्कार के लिए आदमी को भेजा गया। आसपास काफी लोग पहचानने की कोशिश की पता नहीं चल सका। संभावना ढडं से मौत हो सकती है।

### भगवान बिरसा मुंडा के गुरु को स्वांसी समाज ने दी श्रद्धांजलि

**खूंटी।** अमर शहीद भगवान बिरसा मुंडा के गुरु आंनद स्वांसी के समाधि पत्थर पर सोमवार को पुष्प अर्पित की गयी। स्वांसी समाज के लागों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। स्वांसी समाज के महिला-पुरुषों ने उनके व्यक्तित्व को नमन किया। मौके परं गुरु आंनद स्वांसी के वंशज के अलावा रांची जिला कमेटी के विश्वकर्मा स्वांसी, नारायण स्वांसी, राहुल स्वांसी, सुनिता स्वांसी, रंथु स्वांसी, हिरामुनी स्वांसी, संजना स्वांसी, राजेश स्वांसी, लक्ष्मण स्वांसी आदि मौजूद थे।

### भारतमाला परियोजना में खलल डालने वाले अपराधियों पर पुलिस कसेगी नकेल : डीआईजी

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में भारत माला परियोजना में खलल डालने वाले अपराधियों पर पुलिस नकेल कसेगी। सोमवार की शाम रामगढ़ जिले की गोला थाना क्षेत्र में पहुंचे हजारीबाग डीआईजी सुनील भास्कर ने पुलिस को सख्त निर्देश दिए हैं। गोला प्रखंड क्षेत्र में भारत माला परियोजना पर अपराधियों की नजर पिछले कई महीनों से है। वे लगातार ठेकेदारों को धमकी दे रहे हैं। यहां तक कि रंगदारी वसूलने के लिए गोली चलाने से भी गुरेज नहीं कर रहे। पिछले दो महीने में इस क्षेत्र में लगातार अपराधियों की सक्रियता बनी रही है। वे भारतमाला परियोजना में काम कर रहे कंपनी के पदाधिकारी और मजदूरों को धमका रहे हैं। गोला थाना क्षेत्र के बरियातू जंगल और सड़क निर्माण स्थल पर अपराधियों की धमक तेज हो गई है। उस इलाके में दो बार गोली चल चुकी है।

### खूंटी के दो शोरूम में फायरिंग, बाल-बाल बचे गार्ड, जांच में जुटी पुलिस

**खूंटी।** जिले में अपराधियों ने दहशत फैलाने के मकसद से शहर के शोरूम में गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया है यहां अपराधियों ने खुलेआम फायरिंग कर मौके पर से फरार हो गए हालांकि गोलीबारी की इस घटना से किसी को नुकसान नहीं हुआ लेकिन एक शोरूम के बाहर लगे शीशा चकनाचूर हो गया घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मोहन कुमार मौके पर पहुंचे और मामले को लेकर पूछताछ की यह घटना शहर के गायत्री नगर के समीप रविवार रात की है बताया जाता है कि रविवार देर रात कर है। अज्ञात बंदूकधारियों ने टायर शोरूम और कार सर्विसिंग व एसेसरीज के शोरूम में फायरिंग कर दी फायरिंग के दौरान तैनात सिक्योरिटी गार्ड परमेश्वर मुंडा बाल-बाल बच गए उसने भाग कर अपनी जान बचाई इस घटना में शोरूम के कांच का दरवाजा टूटकर गिर गया यहां अपराधियों ने एक- एक कर तीन राउंड फायरिंग की।

---

सीसीएल अंतर-क्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता, 2024

# बरका सयाल क्षेत्र की टीम ने चैंपियनशिप ट्रॉफी पर जमाया कब्जा




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** सीसीएल द्वारा आयोजित अंतर-क्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता, 2024 का भव्य आयोजन 26 से 29 दिसंबर, 2024 तक अरगडा क्षेत्र के गिद्दी-'सी' फुटबॉल स्टेडियम में हुआ। इस टूर्नामेंट में सीसीएल के विभिन्न कमांड क्षेत्रों की 12 टीमों ने भाग लिया। सभी मैच लीग प्रारूप में खेले गए, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन अरगडा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार झा ने किया था।

**रोमांचक मुकाबले और विजेताओं का ऐलान :** सेमीफाइनल मुकाबले 28 दिसंबर को हुए, जिनमें बरका सयाल क्षेत्र और हजारीबाग क्षेत्र की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। 29 दिसंबर को फाइनल मुकाबले और समापन समारोह का आयोजन गिद्दी-'सी' फुटबॉल मैदान में हुआ। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (कार्मिक)हर्ष नाथ मिश्र ने मुख्य अतिथि के रूप में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल भावना को प्रोत्साहित करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। हजारीबाग क्षेत्र की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए बरका सयाल क्षेत्र की टीम को 1-0 के करीबी अंतर से पराजित कर चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

**व्यक्तिगत पुरस्कार और विशेष सम्मान :** मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज का खिताब हजारीबाग क्षेत्र के श्री आनंद कुमार ने अपने शानदार प्रदर्शन के लिए जीता। सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार हजारीबाग क्षेत्र के श्री गुणीलाल मांझी को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का सम्मान बरका सयाल क्षेत्र के रमेश हांसदा को मिला। सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकर का पुरस्कार बरका सयालक्षेत्र के राजू मुर्मू को प्रदान किया गया। समापन समारोह के दौरान सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र की उपस्थिति में हजारीबाग क्षेत्र को अगले वर्ष के सीसीएल अंतर-क्षेत्रीय हॉकी महोत्सव की मेजबानी की जिम्मेदारी सौंपी गई।

---

अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अलका डुंगडुंग की हुई सगाई

# हॉकी सिमडेगा के पदाधिकारी व राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी घर पहुंचकर दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता। रांची/सिमडेगा** क्रिसमस के समापन के साथ ही शादी विवाह का दौर शुरू हो गया है। हॉकी की नर्सरी सिमडेगा में रोज राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विवाह के बंधन में बंध रहे है। आज सिमडेगा जिला की अंतर्राष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ी अलका डुंगडुंग की भी सगाई खूंटी जिला निवासी सेना में कार्यरत जेम्स नाग के साथ हुई। सगाई कार्यक्रम अलका डुंगडुंग के गांव करंगागुड़ी बासेन नवा टोली में संपन्न हुई। उसकी सगाई में हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोणबेगी, कमलेश्वर मांझी, करिश्मा परवार, मेजर ध्यानचंद अवार्ड सम्मान प्राप्त भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान सुमराय टेटे, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी ब्यूटी डुंगडुंग, सोनल मिंज, पूनम बारला, अल्फा केरकेट्टा, राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रंजिता मिंज, अल्बिना तिर्की, दिव्य सोरेंग, सीमा कुमारी, प्रिया डुंगडुंग, पुनीता मिंज, रेशमा सोरेंग,अलबेला रानी टोप्पो, अनिमा तिरु, प्रमिला कुमारी, एलिन डुंगडुंग, निक्की कुल्लू, दिप्ती कुल्लू, रोहिता मिंज, अंजना डुंगडुंग, राष्ट्रीय एथलेटिक्स खिलाड़ी विजय लकड़ा सहित कई राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी और खेल प्रेमी घर पहुंचकर दोनो को बधाई दी।

---

## न्यूज | बॉक्स

### प्रसिद्ध आर्य समाजी दयासागर जी के निधन पर शोक



**खलारी।** आर्य परिवार एवं समाज के गर्व, देश के कोने कोने में सनातन धर्म की ध्वजा फहराने वाले पूज्य आचार्य दयासागर महाराज के निधन पर डीएवी खलारी परिवार ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के कुशलगढ़ में दयानंद सेवा आश्रम, कुशलगढ़ द्वारा आयोजित 251 कुंडीय विराट धर्म रक्षा महायज्ञ का संचालन करते करते दयासागर जी की तबीयत बिगड़ी और उन्होंने अपना शरीर छोड़ दिया। आचार्य दयासागर जी की जन्म भूमि झारखंड में होने के कारण, यहां से उनका विशेष लगाव रहा है। गुमला जिले में बसिया थाना क्षेत्र के कोनबीर गांव में जन्मे दयासागर जी अपने पीछे बच्चों से भरा पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। अपने अंत समय तक उन्होंने आर्य समाज एवं सनातन धर्म संस्कृति की पताका पूरे देश में फहराई। उनके आकस्मिक निधन पर डीएवी स्कूल खलारी के प्राचार्य डा कमलेश कुमार सहित सभी शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने शोक प्रकट किया। सभी ने ईश्वर से उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### समाज को संगठित व मजबूत करेगा अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति



**खलारी।** अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति की बैठक सोमवार को डकरा सेन्ट्रल स्कूल परिसर में हुई। अध्यक्षता समिति अध्यक्ष मनोज भुइयां ने किया। बैठक में समाज को संगठित एवं मजबूत करने पर विशेष रूप से चर्चा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से 11 जनवरी दिन शनिवार को सामूहिक वनभोज करने का निर्णय लिया गया। संचालन प्रदीप भुइयां ने किया। बैठक में गणेश भुइयां, मुकेश भुइयां, अशोककुमार भुइयां, अभिनंदन भुइयां, रामप्रवेश राम, रविकुमार भुइयां, धर्मेन्द्र भुइयां, रामू भुइयां, मुकेशराम भुइयां, जगदीश भुइयां, संजय कुमार, प्रदीप कुमार, अशोक भुइयां सहित अन्य उपस्थित थे।

### करकट्टा कोलियरी कर्मचारी साख सहयोग समिति की बैठक में आय व्यय पर चर्चा



**खलारी।** करकट्टा कोलियरी कर्मचारी साख सहयोग समिति लिमिटेड की बैठक धमधमिया स्थित कार्यालय में हुई। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अमृत भोगता ने की। बैठक में समिति के आय व्यय को लेकर चर्चा हुई। सदस्यों के बीच वार्षिक कलेंडर का वितरण किया गया। बैठक में सचिव उमाकांत सिंह, कोषाध्यक्ष धनेश्वर गंझु, भरत रजक, रामा उरांव, सुधीर सिंह, महेंद्र यादव, मालती कुमारी, कौशल्या देवी, रातो देवी, पुष्पा देवी, निर्मलाकमला तिर्की, सोनू ठाकुर, मनोज कुमार, प्रभुप्रसाद साहू आदि उपस्थित थे।

### जिंदल स्टील फाउंडेशन पतरातु की सीएसआर टीम ने बिरसा मुंडा आर्चरी एकेडमी का किया भ्रमण



**सिल्ली।** जिदंल स्टील प्लांट पतरातू में पिछले दिनों 15 दिवसीय तीरंदाजी शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें सिल्ली अकादमी के सौजन्य से इस शिविर का सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें कोच के रूप में रोहित और विवेक सम्मिलित हुए जिसमें से 10 खिलाड़ियों का चयन किया गया। अब यह 10 खिलाड़ी जिंदल स्टील प्लांट के सी एस आर मद से बिरसा मुंडा आर्चरी एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और इसके लिए उन बच्चों के अभिभावक और जिंदल की टीम ने आज सिल्ली में भ्रमण किया और यहां के सुख सुविधाओं का जायजा लिया साथ ही बहुत जल्द ये सभी खिलाड़ी सिल्ली में प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए नजर आएंगे। इस मौके पर सीएस आर मैनेजर राहुल कुमार स्पोर्ट्स कॉर्डिनेटर शशि प्रसाद केशरी उपस्थित हुए।

---

ओपन झारखंड राज्य स्क्वैश टीम का हुआ चयन

# राज्य भर के 50 से अधिक खिलाड़ियों ने लिया भाग



**रांची।** झारखंड स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में रांची जिला स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन की मेजबानी में सोमवार को झारखंड राज्य स्क्वैश टीम का चयन क्रॉस कोर्ट में संपन्न हुआ। पूरे राज्य भर से लगभग 50 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें चार पुरुष और चार महिला का चयन किया गया। 38वीं राष्ट्रीय खेल चैंपियनशिप उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 में खेला जाएगा। झारखंड स्क्वैश टीम की ओर से भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार हैं महिला टीम - आदया बुधिया, ब्रीया शर्मा, किरीसा जालान, पीरिसा अग्रवाल पुरुष-विराज गुप्ता,शिवेश कनोइ,वेदांत अग्रवाल,अद्वितीय तनेजा ने अपना स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर रांची जिला स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन के सचिव आशिष कुमार बनर्जी, क्रास कोर्ट के आर्यन, सुभाष गांगुली, भागवत महतो ने अपनी भूमिका निभाई।

### रांची जिला सीनियर बालक-बालिका खो-खो टीम घोषित



**रांची।** रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वावधान में एक दिवसीय रांची जिला खुली चयन प्रतियोगिता का आयोजन आरसी मिशन स्कूल, सपारोम के प्रांगण में आयोजित किया गया। इस चयन प्रतियोगिता के आधार पर रांची जिला सीनियर बालक-बालिका टीम का चयन किया गया। चयनित टीम रांची से दो जनवरी को घाटशिला, पूर्वी सिंहभूम में 3 से 5 जनवरी तक आयोजित 18वीं झारखंड राज्य-स्तरीय सीनियर प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रस्थान करेगी। टीम का चयन संघ के वरीय प्रशिक्षक विवेक कुमार, सुभाष गांगुली, शुभम सिंह ने संयुक्त रूप से किया। टीम की घोषणा राँची जिला खो-खो एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने की।

### विधायक ने किया मिलन समारोह का आयोजन



**ठाकुरगांव।** सोमवार को ठाकुरगांव स्थित निलय कॉलेज प्रांगण में कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा ने पत्रकारों के साथ मिलन समारोह का आयोजन किया। समारोह में विधायक ने खास करके ग्रामीण क्षेत्रों के पत्रकारों के बीच आए दिन होने वाली कठिनाइयों पर चर्चा की। साथ ही बुढ़मू प्रखंड क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए डिग्री कॉलेज का निर्माण यथाशीघ्र निलय कॉलेज परिसर में कराने का बात कही। मौके पर रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन, सचिव अमरकांत, कांके बिधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी, आरके मिश्रा, रामाशीष पांडेय, रंगनाथ चौबे, रजनीकांत चौबे, सोमनाथ चौबे, संजय गुप्ता, गोपी चंद चौरसिया, कालीचरण साहू, चंद्रकांत गिरी, अरविन्द यादव,रवींद्र साहू, समेत दर्जनों पत्रकार शामिल हुए।

### आरोग्य रथ से लाभान्वित हो रहे हैं कुपोषित बच्चे




**खूंटी।** जिला प्रशासन और राजकुमारी फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से खूंटी जिले में आरोग्य रथ पहल शुरू की गई है। यह कार्यक्रम छह वर्ष से कम उम्र के कुपोषित बच्चों को पौष्टिक आहार और स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ उनके परिवारों और समुदाय को पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रहा है। कार्यक्रम के तहत बच्चों को 15 दिनों तक विशेष पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाता है, जिससे उनके शारीरिक और मानसिक विकास में सुधार हो सके। यह पहल अनुभवी डाइटिशियन और सामुदायिक मोबिलाइजर्स की देखरेख में संचालित होती है, जो पोषण और स्वास्थ्य पर जागरूकता बढ़ाने के लिए नियमित सत्र आयोजित करती हैं। अब तक यह कार्यक्रम सैकड़ों बच्चों और उनके परिवारों को लाभान्वित कर चुका है। आरोग्य रथ पहल खूंटी जिले में स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में बदलाव लाने और कुपोषण को समाप्त करने में प्रेरणादायक कदम है। जिला प्रशासन इस कार्य के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

---

# बाजारटांड स्थित दुकानों के किराया विवाद का स्थाई समाधान जरूरी: चैंबर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने नगर निगम प्रशासक संदीप सिंह को पत्राचार किया. चैंबर ने पत्राचार के माध्यम से बाजारटांड स्थित दुकानों के किराया से जुड़े विवाद के स्थायी समाधान करने के संबंध में कहा. किराया समाधान योजना प्रस्तावित करने के लिए वर्षों से बनी इस समस्या के समाधान के लिये चैंबर भवन में बैठक की. जिसमें कहा गया कि अपर बाजार स्थित बाजारटांड में आवंटित दुकानों में अतिरिक्त संरचना निर्माण के कारण किराया, ब्याज व उस पर फाइन की दर जुड़ते-जुड़ते बहुत अधिक हो गई है. जिस कारण यह मामला जटिल हो चुका है. लाइसेंसधारी के निधनोपरांत या परिवार के सदस्य के अलग होने की स्थिति में दुकान के नाम हस्तांतरण के साथ ही दुकानदारों की अन्य कठिनाइयां भी हैं, जिसकी विभागीय समीक्षा जरुरी है.अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से व्यापारी परेशानचैंबर के कार्यकारिणी सदस्य अमित शर्मा ने कहा कि तत्कालीन समय में नगर निगम द्वारा आय में वृद्धि के उद्देश्य से दुकानदारों को केवल भूमि का आवंटन किया गया था. जिसमें व्यापारियों ने स्वयं के खर्च से संरचना निर्माण किया. निगम द्वारा इस संबंध में निर्गत आदेश के आलोक में दुकानदार निर्माण के अनुरूप निगम को टैक्स का भुगतान भी करते हैं. वर्षों से बनी हुई इस समस्या के समाधान के लिये हमें नियमित रूप से ऐसे व्यापारियों के सुझाव प्राप्त हो रहे हैं. फेडरेशन के निरंतर प्रयासों के बावजूद रांची नगर निगम द्वारा इस मामले में अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई है जिससे व्यापारी मानसिक तनाव में हैं.निगम दुकानों को रेगुलराइज करने की करे पहलः परेशचैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि वर्षों से चली आ रही इस समस्या के स्थायी समाधान के लिये नगर निगम द्वारा किराया समाधान के रूप में लोकप्रिय योजना लाकर दुकानों को रेगुलराइज करने की पहल की जानी चाहिए. निगम के इस प्रयास से बाजारटांड स्थित दुकानदारों की वर्षों से बनी हुई समस्या का समाधान संभव होने के साथ ही रांची नगर निगम को भी राजस्व मद में करोडों रुपये की प्राप्ति होगी जिसका उपयोग सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में किया जा सकेगा.

### सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष के निधन पर शिक्षकों ने व्यक्त की संवेदना

**खूंटी।** सहायक अध्यापक संघ ने संघ के प्रदेश अध्यक्ष सिद्दिक शेख के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। सिद्दिक शेख का रविवार को बेन हेमरेज से रिम्स रांची में निधन हो गया था। संघ के खूंटी जिलाअध्यक्ष संजय कुमार पाठक की अध्यक्षता में सोमवार को स्थानीय कचहरी मैदान में आयोजित बैठक में संघ के नेताओं ने कहा कि सिद्दिक घर के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। अब चिंता की बात है कि उनके परिवार का भरण पोषण कैसे होगा। जिलाअध्यक्ष संजय पाठक ने कहा कि सरकार के जरिये ईपीएफ की राशि काटी जा रही थी। सरकार तत्काल उनके परिवार को नियमानुकूल सहायता प्रदान करे और अनुकंपा के आधार पर उनके पुत्र को समायोजित करे। जिला सचिव नेली लुकस ने कहा कि हमारे भविष्य की चिंता यदि सरकार को है, तो तत्काल उनके परिवार को राहत देते हुए 10 लाख रुपये का भुगतान करे।

## 2 लाख भुगतान पर अड़ा था अस्पताल प्रबंधक, स्वास्थ्य मंत्री की पहल पर छोड़ा शव




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** पारस अस्पताल में भर्ती बंडासिंगा के मरीज केदार साव की मौत सोमवार की सुबह 9 बजे हो गई थी। अस्पताल प्रशासन ने शव को 2 लाख बकाया भुगतान के बाद शव सौंपने की जिद पर अड़ा था। लेकिन, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के प्रतिनिधि मोबिन अंसारी अस्पताल पहुंचकर मंत्री के आदेश के बाद शव को 6 बजे शाम तक छुड़वाया। मृतक के भाई जागेश्वर साव ने मंत्री और उनके प्रतिनिधि का आभार जताया है। कहा, 1 लाख 60 हजार नहीं जमा कर पा रहा था। स्वास्थ्य मंत्री और उनके प्रतिनिधि ने आंसू को पोंछने का काम किया है। मृतक का भाई जागेश्वर साव ने बताया कि 17 दिसम्बर को भर्ती कराया था। 7 लाख खर्च हो चुका था। 50 हजार और दे दिया ताकि शव को छोड़ दे, लेकिन दिनभर गिड़गिड़ाने के बाद भी अस्पताल प्रशासन ने तरस नहीं खाई। मंत्री के प्रतिनिधि का नंबर मिला और अपनी समस्या बताई। इसके बाद मंत्री ने पहल की और मोबिन अंसारी स्वयं अस्पताल पहुंच कर शव को अस्पताल से रिलीज कराकर स्वजनों को सौंपा। मंत्री के इस पहल के लिए बेलकप्पी पंचायत के पूर्व मुखिया राजकुमार नायक ने मंत्री को धन्यवाद दिया है। घटना के संबंध में पूछने पर अस्पताल प्रबंधन ने अनभिज्ञता जाहिर की। हालांकि इस खबर को रांची के प्रमुख न्यूज चैनलों ने प्रमुखता से चलाया।

## खूंटी का ग्रामीण उत्पाद मेला में बना आकर्षण का केंद्र



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** रांची के मोरहाबादी मैदान में चल रहे राष्ट्रीय खादी और सरस मेला में खूंटी जिले के ग्रामीण उत्पादों की धूम है। झारखंड के खूंटी जिले के पांच स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। खूंटी जिले के पलाश अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं के जरिये तैयार किए गए उत्पादों को मेले में भारी सराहना मिल रही है। खासकर, आदिवासी ज्वेलरी का स्टॉल, जिसे जीवन ज्योति महिला मंडल, मुरहू के जरिये लगाया गया है। स्टॉल में अब तक 2.69 लाख रुपये मूल्य के उत्पादों की बिक्री हो चुकी है। जिले के तोड़ेंगकेल गांव के बुनकरों जरिये बनाए गए हैंडलूम वस्त्रों का स्टॉल, जिसे शांति महिला मंडल के जरिये संचालित किया जा रहा है, ने अब तक 60 हजार रुपय का कारोबार किया है, वहीं, मुरहू प्रखंड के गुलाब महिला मंडल द्वारा लगाए गए लाह की चूड़ियों के स्टॉल ने 55 हजार रुपये की बिक्री हुई है। तोरपा प्रखंड से लगाए गए बेकरी यूनिट के स्टॉल ने अब तक 27 हजार रुपये का व्यवसाय किया है। इसके साथ ही आजीविका दीदी कैफे, जो स्थानीय व्यंजन परोस रहा है, ने मेले में आए लोगों का ध्यान खींचते हुए एक लाख रुपये का कारोबार किया है।

वक्फ बिल संशोधन के खिलाफ 9 फरवरी को महा सम्मेलन

# मुस्लिम अधिकार मंच के प्रतिनिधियों ने मंत्री हफीजुल हसन से की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता। इटकी** वक्फ संपत्तियों पर खतरे और वक्फ बिल संशोधन के विरोध में मुस्लिम अधिकार मंच के बैनर तले 9 फरवरी 2025 (रविवार) को इटकी में एक विशाल महा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए मंच ने कमर कस ली है, जिसमें राज्य और राष्ट्रीय स्तर के बुद्धिजीवियों, धार्मिक नेताओं और सामाजिक कार्यकताओं के बड़ी संख्या में शामिल होने की उम्मीद है। इससे पहले, मुस्लिम अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष अफसर इमाम, केंद्रीय उपाध्यक्ष मुर्तजा आलम, समाजसेवी श्री यीशु बेलस टोप्पो ने राज्य के अल्पसंख्यक कल्याण जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन अंसारी से मुलाकात की। बैठक में वक्फ बिल संशोधन के दुष्प्रभावों पर चर्चा करते हुए मंत्री हफीजुल हसन ने सम्मेलन के उद्देश्य को बेहद जरूरी बताया। उन्होंने कहा, ₹यह एक गंभीर मुद्दा है। मैं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इस मामले पर चर्चा करूंगा और यह सुनिश्चित करूंगा कि इस सम्मेलन को हरसंभव समर्थन मिले। सभी समुदायों को इसमें अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। महा सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य वक्फ संपत्तियों पर समुदाय के अधिकारों की रक्षा और वक्फ बिल संशोधन के दुष्प्रभावों को रोकना है। मंच के नेताओं का कहना है कि यह संशोधन मुस्लिम समाज की धार्मिक और सामाजिक धरोहरों को कमजोर करता है, जिसे किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। मंत्री हफीजुल हसन अंसारी ने मंच की सराहनीय पहल को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह सम्मेलन केवल मुस्लिम समाज के उत्थान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सभी समुदायों के न्याय और अधिकारों की रक्षा का आदर्श प्रतीक है।

## एक नजर

### प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीएलओ को मिली सर्वे की जानकारी

**रामगढ़।** पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग झारखंड सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में रामगढ़ जिला अंतर्गत निर्वाचन के दौरान नगर परिषद क्षेत्र में पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिए जाने की पात्रता निर्धारण व पिछड़े वर्ग की जातियों के अध्ययन के लिए सर्वे किया जाना है. इसी क्रम में शनिवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में नगर परिषद रामगढ़ अंतर्गत सभी 32 वार्डों के बीएलओ को किए जाने वाले सर्वे को लेकर प्रशिक्षण दिया गया. उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता एवं कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रामगढ़ मनीष कुमार के द्वारा सभी बीएलओ को प्रशिक्षण के दौरान जानकारी दी गई.

### देश के विकास में सहकारिता का बहुत बड़ा योगदानः डीसी

**रामगढ़।** सहकार से समृद्धि योजना अंतर्गत मत्स्यजीवी और दुग्ध उत्पादक सहयोग समितियां एवं कम्प्यूटराइजेशन ऑफ पैक्स पर सोमवार को जिला समाहरणालय के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान डीसी चंदन कुमार ने कहा कि देश के विकास में सहकारिता का बहुत बड़ा योगदान होना है, पैक्स के माध्यम से विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। लेकिन इसे और भी गति देने के लिए कंप्यूटराइजेशन बेहद जरूरी है। मौके पर उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित सभी को बताई जा रही बातों को ध्यानपूर्वक सुनते एवं जल्द से जल्द सभी पैक्स, सहकारी समितियों का कंप्यूटराइजेशन सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कार्यशाला के दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी मनोज कुमार के द्वारा जानकारी दी गई।

### गोला में अपराधियों की चेतावनी के बाद भी एक्सप्रेसवे का काम जारी

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र में भारतमाला परियोजना की ओरमांझी रांची से गोला होते हुए बोकारो-धनबाद तक बन रहे एक्सप्रेसवे निर्माण पर बरियातु गांव के पास निमार्णाधीन ऑवरब्रिज पर बीते शाम को आपराधियों ने पांच राउंड फायरिंग कर दहशत फैलाने की कोशिश की थी। घटना स्थल पर मजदूरों के ठहरने के लिए कंपनी की ओर से कैंप बनाया गया है। घटना के समय कैंप में दर्जनों मजदूर मौजूद थे। अपराधियों की गोलीबारी से कई मजदूर बाल बाल बच गए। फायरिंग के बाद अपराधियों ने मजदूरों को काम बंद करने की चेतावनी दी थी। लेकिन गत रविवार को पूर्व की तरह निर्माण कार्य जारी था। काम कर रहे मजदूरों से पुछे जाने पर किसी ने कोई जवाब नहीं दिया। कई मजदूरों ने दबी जुबान में बताया कि उसके महज एक फीट दूर से गोली गुजरी है।

मत्स्यजीवी व दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति को लेकर उपायुक्त ने की कार्यशाला आयोजित

# गति देने के लिए कंप्यूटराइजेशन बेहद जरूरी



**पैक्स द्वारा किए जाने वाले सभी कार्यों की विभिन्न स्तरों पर मॉनिटरिंग की जा सकेगी वहीं कार्य प्रणाली में भी सुधार आएगा**

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** सहकार से समृद्धि योजना अंतर्गत मत्स्यजीवी एवं दुग्ध उत्पादक सहयोग समितियां के लिए कम्प्यूटराइजेशन ऑफ पैक्स पर सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान उपायुक्त ने कहा कि देश के विकास में सहकारिता का बहुत बड़ा योगदान होना है। पैक्स के माध्यम से विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं लेकिन इसे और भी गति देने के लिए कंप्यूटराइजेशन बेहद जरूरी है। मौके पर उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित सभी को बताई जा रही बातों को ध्यानपूर्वक सुनते एवं जल्द से जल्द सभी पैक्स, सहकारी समितियों का कंप्यूटराइजेशन सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। कार्यशाला के दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी मनोज कुमार द्वारा जानकारी दी गई की सहकार से समृद्धि योजना के तहत योजनाबद्ध तरीके से जिले के सभी पैक्सों का कंप्यूटराइजेशन किया जाना है। जिसके उपरांत पैक्स द्वारा किए जाने वाले सभी कार्यों की विभिन्न स्तरों पर मॉनिटरिंग की जा सकेगी वहीं कार्य प्रणाली में भी सुधार आएगा। वहीं मत्स्य पालन एवं गव्य विकास सहित अन्य संबद्ध विभागों के किसानों को भी सहकारी समिति के रूप में विकसित एवं उनका कंप्यूटराइजेशन किया जाना है। कार्यशाला के दौरान उपस्थित पैक्स अध्यक्षों, प्रतिनिधियों, मत्स्य, गव्य सहकारी समितियों को पैक्सों के कंप्यूटराइजेशन के तहत किए जाने वाले कार्यों को लेकर पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई वहीं सभी के समक्ष कार्यों के दौरान आ रही विभिन्न समस्याओं को लेकर भी चर्चा के क्रम में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए।

# छात्रा पम्मी व सिमरन को जन्मेजय कुमार स्मृति छात्रवृत्ति प्रदान की गई



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली की छात्रा पम्मी कुमारी एवं सिमरन कुमारी को जन्मेजय कुमार स्मृति छात्रवृत्ति प्रदान की गई। गौरतलब है कि विद्यालय के मेधावी एवं यशस्वी पूर्व छात्र जन्मेजय कुमार की पुण्य स्मृति में दोनों बहनों को सत्र 2024-25 के लिए जन्मेजय कुमार स्मृति छात्रवृत्ति प्रदान की गई। ज्ञातव्य है कि भैया जन्मेजय कुमार सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली से पढ़ाई करने के पश्चात सामाजिक कार्यों से जुड़े रहकर समाज सेवा के कार्य में लगे हुए थे। कोरोना काल में समाज सेवा के क्रम में उनका निधन हो गया। जन्मेजय कुमार के भाई मृत्युंजय कुमार विद्यालय आकर दोनों निर्धन बहनों को छात्रवृत्ति प्रदान की' मौके पर जन्मेजय कुमार के भाई मृत्युंजय कुमार ने कहा जन्मेजय कुमार का इस विद्यालय से विशेष लगाव था। उन्होंने कहा विद्यालय शिक्षा एवं स्किल डेवलपमेंट के साथ-साथ सर्वांगीण विकास कराता है' इस छात्रवृत्ति को देने का उद्देश्य अपने प्रयास से देश को आगे ले जाने का संकल्प लेना है 'मौके पर विद्यालय समिति के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने कहा- हमारे लिए यह गर्व का क्षण है। आज संस्कार परिलक्षित होता दिखाई पड़ रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### जंगली हाथियों ने चहारदीवारी तोड़कर 5 क्विंटल धान खाया



**रामगढ़।** झारखंड कई जिलों में हाथियों का आतंक जारी है। अये दिन चतरा, बोकारो, रामगढ, जमशेदपुर हजारीबाग के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों का तांडव जारी है। लोग इसके डर से दहशत में जी रहे हैं। लोगों का कहना है कि न जाने किस तरफ से हाथियों का झुंड आ जाये और लोगों की जान ले ले। रात के समय लोगों का सोना भी मुहाल हो गया है। रात को लोग रात भर जागते हैं। लोगों का कहना है कि इस पर वन विभाग सही कदम नहीं उठा रहा है। जंगली हाथियों ने छोटकी डुंडी पंचायत के सार्जनबेडा में बीती रात जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान यहां के मोतीलाल महतो के चहारदीवारी और घर को तोड़ कर अंदर में रखे करीब पांच क्विंटल धान को खा गये। वहीं बारी में लगे मिर्च की फसल को भी बर्बाद कर दिया। इस संबंध भुक्तभोगी परिवार ने बताया है कि रात्रि करीब 2:45 बजे हाथी कंडेर जंगल की ओर से जंगली हाथियों के झुंड पहुंचकर हमारे धान और फसल का नुकसान कर दिया। उन्होंने वन विभाग ने क्षतिपूर्ति की मांग की है।

### लीला गुरुकुल के विद्यार्थियों ने विभिन्न पर्यटन स्थलों का किया शैक्षणिक भ्रमण




**बरकट्ठा।** लीला गुरुकुल तुर्कबाद के विद्यार्थियों को बोकारो के विभिन्न दार्शनिक स्थानों का भ्रमण कराया गया। विद्यालय के निदेशक जितेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में बोकारो स्टील सिटी स्थित जवाहरलाल नेहरू बायोलॉजिकल पार्क में जंगली जानवरों के विभिन्न प्रजातियां जैसे बाघ, बारहसिंघा, लकड़बग्घा, भालू , चिता , दरियाई घोड़ा, साहिल, मोर, लंगूर एवं अन्य कई जानवरों को दिखाया गया। बच्चों को इन जानवरों के प्राकृतिक आवास एवं भोजन के संबंध में जानकारी दी गई । बच्चों को जलीय जीवों के विभिन्न प्रजातियां भी दिखाई गई। इसके साथ-साथ बच्चों ने जगन्नाथ मंदिर का भव्य एवं आकर्षक कलाकृति का आनंद लिया। इस दौरान बच्चों ने वनभोज का भी खूब आनंद लिया। भ्रमण को सफल बनाने में शिक्षक कुमार सौरभ पांडेय, अजय चौधरी, प्रेम सागर, अंशु पांडेय, शशि, कुमकुम, पूजा, मनीषा, विद्या, रविन्द्र पांडेय, अभिषेक पांडेय, टिंकू पांडेय, दयानंद रॉय आदि का अहम योगदान रहा।

### अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह ने भारतमाला प्रोजेक्ट पर हुई गोलीबारी का लिया जिम्मा

**रामगढ़।** अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह ने शनिवार दोपहर को भारतमाला प्रोजेक्ट पर हुई गोलीबारी का जिम्मा लिया है. मयंक सिंह ने सोशल मीडिया पर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि बर्बरीक प्रोजेक्ट में जो घटना हुआ है, वह मैंने कराया है. कंपनी वाले को मेरी ये आखिरी चेतावनी है. आपको क्या लगता है, मुझे बिना मैनेज करे आप काम करके नहीं निकल पायेंगे. मयंक सिंह ने आगे लिखा कि हमको इग्नोर किये, इसलिए आज आपके कान का पर्दा खोलने के लिए दिवाली मनाये हैं, अगली बार होली खेलेंगे वो भी खून का. बता दें कि रामगढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र स्थित गोला-चारु पथ के बरियातू के समीप दोपहर में आपराधिक गैंग ने पांच राउंड फायरिंग की थी. इस दौरान अपराधियों ने भारतमाला परियोजना में काम करने वाले कर्मियों को भी काम बंद करने की चेतावनी दी थी.

हजारीबाग की प्राकृतिक सुंदरता का लुत्फ उठा रहे सैलानी

# पिकनिक स्थलों पर सुरक्षा के हैं पुख्ता इंतजाम



**प्राकृतिक सुंदरता कर रही आकर्षित**

प्रकृति की गोद में बसा हजारीबाग अपनी सुंदरता के लिए पूरे राज्य भर में जाना जाता है पुराने साल की विदाई और नए साल के स्वागत में लोग जगह-जगह पिकनिक मनाते हैं आमतौर पर 25 दिसंबर के बाद से ही पिकनिक का दौर शुरू हो जाता है जहां एक ओर परिवार के लोग अपने बच्चों और सगे-संबंधियों के साथ पिकनिक मनाते हैं तो दूसरी ओर युवा पीढ़ी अपने दोस्तों के साथ नव वर्ष का जश्न मनाते हैं जंगल में खुद से खाना बनाते हैं और मिलजुल कर स्वाद लेते हैं

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** जिले के विभिन्न पिकनिक स्पॉट पर इन दिनों सैलानियों की भीड़ उमड़ रही है लोग अपने परिवार के साथ अपने पसंदीदा पिकनिक स्पॉट पर पहुंचकर खुशियां मना रहे हैं दरअसल, हजारीबाग को कुदरत ने अपने हाथों से सजाया है लगभग जिले के हर इलाके में कई ऐसे पर्यटन स्थल हैं जो सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहर तक नए साल के अवसर पर इन प्राकृतिक स्थलों पर लोगों का हुजूम दिख रहा है 15 दिसंबर के बाद से ही पर्यटन स्थलों पर लोगों के आने से सिलसिला शुरू हो जाता है लोग पुराने साल को विदाई देते हैं और नए साल का स्वागत करते हैं वहीं पिकनिक स्पॉटों की सुरक्षा को लेकर हजारीबाग जिला प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किए गए हैं साथ ही स्पष्ट कर दिया है कि जो भी व्यक्ति पिकनिक स्थलों पर हुड़दंग करते हुए पाए जाएंगे उन्हें नए साल में लॉकअप में रात गुजारनी पड़ेगी नए साल के स्वागत को लेकर हजारीबाग में विभिन्न पर्यटन स्थलों पर लोगों का भारी जुटान हो रहा है जिले में लगभग दो दर्जन से अधिक ऐसे स्पॉट है जो आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं हरे-भरे जंगल, झरने और नदियों में कल-कल कर बहता पानी लोगों को आकर्षित कर रहा है।

**पर्यटन स्थलों पर जवानों की तैनाती।** वहीं विभिन्न पिकनिक स्थलों पर उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए एसपी अरविंद कुमार सिंह ने अतिरिक्त जवानों को प्रतिनियुक्त किया है साथ ही कई पिकनिक स्पॉट पर मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गई है पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को निर्देशित किया गया है कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच करें और कार्रवाई करें बकायदा शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले चालकों को हिरासत में लेने का निर्देश दिया गया है इसके अलावा पिकनिक स्पॉटों पर डीजे को लेकर भी सख्ती जारी की गई है निश्चित परिधि में डीजे और साउंड बॉक्स बजाने का निर्देश जारी किया गया है।

# मुखिया ने मृतक मजदूर के श्राद्ध कर्म में दिया खाद्यान्न



**नवीन मेल संवाददाता। कटकमदाग / हजारीबाग।** कटकमदाग प्रखंड के ढेंगुरा पंचायत के मुखिया कंचन देवी ने सोमवार को गांव के ही मृतक मजदूर स्व. अर्जुन राम के परिजनों को श्राद्ध कर्म के लिए अपने निजी खर्च से चावल, आटा सहित अन्य खाद्यान्न सामाग्री भेंट किया। इस दौरान मृतक के वृद्ध माता व विधवा पत्नी को ठंड से बचाव के लिए कंबल प्रदान किया। उन्होंने शोकाकुल परिजन के प्रति शोक संवेदना प्रकट कर आगे भी बच्चों के लिए यथा संभव मदद का भरोसा जताया। मुखिया ने बताया कि 45 वर्षीय अर्जुन राम ईंट भट्ठे में मजदूरी का काम करता था। पिछले कुछ दिनों से बीमार था। इसी दौरान बीते 21 दिसंबर को उसका आकस्मिक निधन हो गया। मृतक के पांच छोटे-छोटे बच्चे हैं। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि राजू यादव, मुरली राम, संतोष राम सुमन राम सुरेश दूरी लीला देवी अनीता देवी चांदनी देवी सहित मुहल्ले वासी उपस्थित थे।

तीरंदाजी चैम्पियनशिप के समापन समारोह में शामिल हुए सदर विधायक

# खिलाड़ियों को प्रेरित करने व आगे बढ़ाने के लिए बेहतरीन मंच है



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** तीरंदाजी संघ द्वारा आयोजित 9वीं जिला तीरंदाजी चैम्पियनशिप का समापन हजारीबाग स्टेडियम में सफलता पूर्वक हुआ। यह दो दिवसीय आयोजन खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के लिए खास अनुभव लेकर आया। इस प्रतियोगिता के समापन दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने शिरकत की। संघ के द्वारा आत्मीयता के साथ स्वागत व अभिनंदन किया गया इसके बाद श्री प्रसाद ने स्वयं तीरंदाजी खेल का आनंद लिया, जिसके बाद उन्होंने न केवल प्रतियोगिता का आनंद लिया बल्कि खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए विजेताओं को मोमेंटो प्रदान किया। खिलाड़ियों के प्रति उनका प्रोत्साहन और स्नेह सभी के लिए प्रेरणादायक रहा। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के चेहरे पर उमंग और आत्मविश्वास देखने को मिला, जो इस आयोजन की सफलता का प्रतीक था। मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे खेल आयोजन न केवल युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करते हैं बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास और स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। मैं इस आयोजन का हिस्सा बनकर बेहद गर्व महसूस कर रहा हूं। हजारीबाग में इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं न केवल हमारे युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करती हैं, बल्कि उन्हें अपने कौशल को निखारने का एक बड़ा मंच भी प्रदान करती हैं। मैंने खिलाड़ियों के उत्साह और उनके चेहरे पर जो उमंग देखी, वह यह साबित करती है कि तीरंदाजी का भविष्य हमारे क्षेत्र में उज्ज्वल है।

### स्कूल के छात्रों ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जीता 15 मेडल




**बरकट्ठा।** प्रखंड के गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल के छात्रों ने तीसरा भगवान बिरसा मुंडा ट्रॉफी ओपन नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में कुल 15 मेडल जीतकर विद्यालय समेत क्षेत्र का नाम रोशन किया है।यह प्रतियोगिता रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश ताना भगत इंदौर स्टेडियम में 3 दिवसीय 27 दिसंबर से 29 दिसंबर तक आयोजित किया गया।जिसमें उक्त विद्यालय के छात्रों ने 13 स्वर्ण पदक और 2 रजत पदक जीते। स्वर्ण पदक विजेता में राजेश कुमार, रूपेश कुमार ,आनंद पटेल,कारण, पंकज, जितेन्द्र, रोशन, राज कुमार, देव नारायण, रोशन प्रसाद, विवेक मंडल, प्रिंस कुमार, और विशाल मंडल शामिल हैं और रजत पदक लाने वाले देव कुमार(दबंग), और फैजान अंसारी हैं । बच्चों के इस बड़ी उपलब्धि पर स्कूल के निर्देशक डॉ इंद्रदेव प्रसाद भारती, प्रधानाचार्या स्वाती मैडम, अनुराधा बरनवाल, हेमंत कुमार, प्रवीण जोशी, राजेंद्र कुमार और आकाश कुमार ने दी बधाई और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

पुलिस लाइन रामगढ़ में साप्ताहिक परेड व सभा का आयोजन

# सभा के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने किया समस्याओं का निराकरण




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा पुलिस पदाधिकारियों / कर्मियों में अनुशासन एवं उनकी शारीरिक दक्षता को बनाये रखने एवं कल्याण कार्य के लिए पुलिस केन्द्र रामगढ़ में 30 दिसंबर को साप्ताहिक परेड एवं पुलिस सभा का आयोजन किया गया। सप्ताहिक परेड में जिले के पुलिस पदाधिकारी / कर्मियों, सभी थाना / ओपी प्रभारियों ने भाग लिया। पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया तथा बेहतर परेड करने वाले पदाधिकारी सअनि तहसीन अहमद गोला थाना के मनोबल को बनाये रखने के लिए एक सुसेवांक से पुरस्कृत किया गया। परेड समाप्ति के उपरांत पुलिस सभा का संचालन पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की अध्यक्षता में परिचारी प्रवर पुलिस केन्द्र रामगढ़ द्वारा करया गया। जिसमें पुलिस पदाधिकारियों/ कर्मियों को होने वाली समस्याओं को विस्तार से सुना गया। इस दौरान 1. पुलिस लाईन में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी को अन्यत्र थाना/ओपी में प्रतिनियुक्त करने के लिए अनुरोध किया गया 2. पुलिस केन्द्र के बैरक की मरम्मती, पुलिस क्लब के निर्माण / मरम्मती एवं शौचालय का निर्माण 3. एसीपी/एमएसीपी का लाभ प्रदान करने हेतु मनोनयन भेजने 4. रामगढ़ जिला के सभी थानों / ओपी के सीएनओ को बदली करने का अनुरोध किया गया 5. रामगढ़ / बरलंगा थाना, कुजू/ वे०बो० ओपी द्वारा स्कोर्ट के लिए अतिरिक्त वाहन की मांग की गई 6. साथ ही विभिन्न थाना प्रभारी के द्वारा अपने थाना में अतिरिक्त पदाधिकारी के पदस्थापन का अनुरोध किया गया, जिसपर पुलिस अधीक्षक द्वारा अविलम्ब पदाधिकारियों का पदस्थापन हेतु अश्वासन आदेश दिया गया 7. गार्ड बदली करने का अनुरोध किया गया 8. पुलिस केन्द्र में नया बैरक निर्माण करने के लिए 9. सभी थानों में महिला आरक्षी के पदस्थापन 10. समय से कमान बदली करने जैसी समस्याओं के संबंध में बताया गया।

महिला दिव्यांग नेशनल टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

# झारखंड की महिलाएं भी दिव्यांग क्रिकेट मैच में ले रही हैं भाग



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** शहर के छावनी फुटबॉल मैदान में 30 दिसंबर को टी-20 नेशनल महिला दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है। फाउंडेशन इससे पहले भी 2 बार टी-20 नेशनल महिला दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कर चुका है। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्य के पेयजल स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद, विशिष्ट अतिथि रामगढ विधायक ममता देवी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शहजादा अनवर एवं बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सुधीर मंगलेश एवं फाउंडेशन के सरंक्षक विजय मेवाड़ ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर मुख्य अतिथि पेयजल स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन द्वारा दिव्यांग महिलाओं के लिए प्रतियोगिता का आयोजन सराहनीय है। कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगों के मदद के लिए कार्य कर रही है। पेयजल स्वच्छता मंत्री ने कहा कि दिव्यांगों की मदद करने के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्प है। वहीं, विशिष्ट अतिथि विधायक ममता देवी ने कहा कि दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन द्वारा दिव्यांग महिलाओं के बीच क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन सराहनीय है।

यूथ विंग ने सिख समुदाय की प्रभातफेरी का किया भव्य स्वागत

# गुरु गोविंद सिंह जी की शिक्षाएं समाज को एकता और सेवा का पाठ पढ़ाती हैं : चंद्र प्रकाश जैन

*प्रभात फेरी में सिख श्रद्धालुओं पर हुई पुष्प वर्षा, शहर में गूंजी एकता की गूंज*




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** गुरु गोविंद सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में सिख समुदाय द्वारा शहर में पांच दिवसीय प्रभात फेरी का आयोजन किया गया है। इस क्रम में सोमवार को सुभाष मार्ग स्थित भारत शुभम खंडेलवाल स्कूल के समीप प्रभात फेरी पहुंचने पर हजारीबाग यूथ विंग द्वारा भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। हजारीबाग यूथ विंग के सदस्यों ने सर्वप्रथम सिख समुदाय के वरिष्ठ पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया। इसके बाद प्रभात फेरी में शामिल श्रद्धालुओं पर फूलों की वर्षा की गई और उन्हें मेवे के पैकेट वितरित किए गए। कार्यक्रम के प्रभारी के रूप में रोहित बजाज ने अपनी भूमिका अदा की। इस आयोजन में उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से गुरु गोविंद सिंह जी के विचारों और संदेशों को आत्मसात करने की प्रेरणा ली। सिख समुदाय के प्रतिनिधियों ने हजारीबाग यूथ विंग के इस स्वागत आयोजन की प्रशंसा की। उन्होंने इसे सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करने वाला कदम बताया,समुदाय के वरिष्ठ सदस्यों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विभिन्न धर्मों और समुदायों के बीच प्रेम और सद्भाव का संदेश फैलता है। हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा गुरु गोविंद सिंह जी का जीवन त्याग, सेवा, और एकता का प्रतीक है। उनकी शिक्षाएं हमें समाज में हर प्रकार के भेदभाव को समाप्त करने और सभी के साथ समान व्यवहार करने का संदेश देती हैं। सिख समुदाय द्वारा निकाली जा रही यह प्रभात फेरी हमारे समाज को एकजुटता औरआध्यात्मिकता का पाठ पढ़ाती है।

## सिमडेगा उपायुक्त ने किया जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक

# अवैध परिवहन एवं खनन को लेकर कार्रवाई के दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को जिला खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. उपायुक्त ने पिछले महीने अवैध खनन और परिवहन की रोकथाम के लिए की गयी कार्रवाई की समीक्षा की।जिस पर जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि दिसंबर माह में अवैध खनन एवं परिवहन के 7 मामले पर करवाई किया गया है। जिसमें दो मामलों पर एफआईआर दर्ज किया गया वहीं पांच मामलों पर जुर्माना वसूला गया। बैठक में उपायुक्त ने जिले में अवैध खनन स्थलों को चिह्नित करने, अवैध खनन और परिवहन के मार्ग में निगरानी रखने का निर्देश दिया।जिला खनन पदाधिकारी, सीओ और



थाना प्रभारी को आपस में समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करने की बात कहीं। साथ ही जिले चयनित ए कैटेगरी के संचालित बालू घाट की जानकारी लिया। जिस पर जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि केरसई प्रखंड में चयनित बालू घाट का अभी संचालित नहीं है। उपायुक्त ने यथाशीघ्र केरसेई प्रखंड चयनित ए कैटेगरी बालू घाट का संचालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। तथा उपायुक्त ने जिले में बी कैटिगरी के बालू घाट संचालन संबंधी आवश्यक कार्रवाई करने की बात कहीं। इसके अलावा उन्होंने जिले में और भी ए कैटेगरी का बालू घाट का चयन करते हुए अंचलाधिकारी द्वारा रिपोर्ट भेजने की बात कहीं। उपायुक्त ने जिले में चयनित ए कैटेगरी के बालू घाट नियमित रूप चलन निर्गत करते हुए संचालित करने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार, जिला खनन पदाधिकारी सहित अंचलाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## डीसी ने जनता दरबार लगाकर सुनी लोगों की समस्या



सिमडेगा: आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर सोमवार उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया।इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा।उपायुक्त के जनता दरबार में जमीन बिक्री पर रोक लगाने, पेंशन स्वीकृत कराने एवं पथ निर्माण कराने से संबंधित मामले आये। उपायुक्त द्वारा जनता दरबार में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु अग्रसारित किया।



# डिजिटल परियोजना के अंतर्गत पंचायत भवनों में प्रज्ञा केंद्र से संबंधित हुई समीक्षा बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को सिमडेगा जिला में डिजिटल पंचायत परियोजना अंतर्गत पंचायत भवनों से संचालित सभी सी.एस.सी. केन्द्रों में झारसेवा की सुविधा मुहैया कराये जाने संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त जिले के सभी पंचायतों की सीएससी संचालन की जानकारी ली। उन्होंने सभी पंचायत में जन्म मृत्यु प्रमाण निर्गत हो इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने मंईयां समान योजना से संबंधित लंबित आवेदनों की जानकारी ली जिस पर पंचायती राज पदाधिकारी ने बताया कि निष्पादन कर दिया गया। जिस लाभुक का बैंक से संबंधित विभिन्न मामलों के कारण लंबित था उसे भी निष्पादन किया गया है। इसके अलावा उपायुक्त महोदय ने कई अवश्य दिशा-निर्देश दिये।बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी दयानंद कार्जी, ईडीएम चंद्रशेखर कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

## कई मायने में वर्ष 2024 बानो के लिए रहेगी यादगार

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** बानो प्रखण्ड में वर्ष 2024 कई मायनों में यादगार रहेगा। ।बानो प्रखण्ड से गुजरने वाली कोलेबिरा-हाट गमरिया पथ का चौड़ीकरण कार्य आरंभ हो चुकी है। प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों को जोड़ने वाली पकी सड़क सहित प्रखण्ड का ऐतिहासिक केतुङ्गा धाम तक तक जाने वही सड़क का नव निर्माण का कार्य आरंभ हो चुकी है।साथ ही केतुङ्गा धाम मंदिर के पास से गुजरने देवनदी व मलगु नदी पर 6-6 करोड़ की लागत से पुल निर्माण का शिलान्यास तत्कालीन विधायक कोचे मुंडा द्वारा किया गया।वर्षो से प्रखण्ड के खेल प्रमियों की मांग रही है कि एस एस हाई स्कूल मैदान में स्टेडियम का निर्माण हो जिसका कार्य चल रहा है।राजनीति के थाना क्षेत्र में कहें तो इस बार



लोकसभा हो या विधानसभा इस बार पूरे गर्मजोशी के साथ चुनाव हुई जिसमें बानो प्रखण्ड केमतदाताओं का भी अहम भूमिका रही। बानो रेलवे स्टेशन मॉडल रेलवे स्टेशन का नव निर्माण का कार्य प्रगति पर है। लगभग70 साल बाद बानो से रांची तक की रेलवे लाईन का दोहरीकरण का कार्य पूर्ण हो चुकी है। बानो प्रखण्ड मुख्यालय से मात्र दो किलोमीटर की दूरी पर एकलव्य आवसीय विद्यालय का निर्माण चल रही है।

## अज्ञात मोटरसाइकिल के धक्के से 52 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**सिमडेगा।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत थोलकोबेड़ा के पास बीती देर रात अज्ञात मोटरसाइकिल के धक्के से भंवरपानी गांव निवासी ललित टोप्पो नामक 52 वर्षीय व्यक्ति की इलाज के क्रम में सोमवार की सुबह सदर अस्पताल में मौत हो गई। जानकारी देते हुए दामाद आनंद मसीह तिर्की ने बताया कि वह राशन कार्ड में नाम सुधार करने के लिए सिमडेगा आए थे और इसके बाद वह अपने घर की ओर लौट रहे थे, इस दौरान लौट के क्रम में शाम हो गया इसी दौरान तेज रफ्तार आ रही एक मोटरसाइकिल सवार ने उसे धक्का मारते हुए फरार हो गया ।बाद में धक्का लगने की वजह से व्यक्ति मुंह के बल पर गिरा इसके बाद चेहरे सहित कहीं समय चोट लगी। इधर सदर अस्पताल सिमडेगा देर रात लाया गया, जहां पर इलाज के क्रम में मौत हो गई ।मामले की जानकारी सिमडेगा पुलिस को दी गई ,जिसके बाद सिमडेगा पुलिस सदर अस्पताल सिमडेगा पहुंची।

# बानो में रीना ज्वेलर्स दुकान से लाखों रुपए के जेवरात की हुई चोरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** बानो प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बिरसा चौक के समीप रीना ज्वेलर्स में बीती रात अज्ञात चोरों ने चार लाख रुपए की जेवरात की चोरी कर ली ।जिसमें 2.5 लाख का चांदी व 1.5 लाख रुपए मूल्य की सोने की सामग्री की चोरी कर ली गयी ।प्राप्त जानकारी के अनुसार बानो चौक के समीप रीना ज्वेलर्स में अज्ञात चोरों ने आधी रात में पीछे का दरवाजा का ताला तोड़ व दीवाल को भी तोड़कर दुकान में पड़े भारी मात्रा मे अज्ञात चोरों ने जेवरात की चोरी हो गयी।।इसकी जानकारी सुबह में दुकान के मालिक रीना देवी को दुकान खोलने के बाद पता चला ।उन्होंने पाया कि दुकान में पड़े जेवरात की चोरी हो गई, घटना की जानकारी होने पर आस पास के



ग्रामीण काफी संख्या में जमा हो गए और घटना की की जानकारी सुनकर हतप्रभ हो गए। तत्पश्चात उन्होंने नजदीकी थाना बानो को सूचित किया बानो थाना को सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस निरीक्षक रामानुज कुमार वर्मा,थाना प्रभारी विकास कुमार,थाना प्रभारी कोलेबिरा शशिशंकर सिंह,एस आई ललन कुमार,एस आई अजित कुमार सिंह,एएसआई शंकर बाखला के साथ दलबल के साथ पहुंचे और मामले की जांच में जुट गई। वहीं बानो थाना प्रभारी विकास कुमार ने कहा कि मामले की हर पहलु की जांच की जा रही है ।अपराधियों के बारे पता लगाया जा रहा है ।जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।इधर चोरी की घटना से बानो के व्यावसायिक वर्ग में भय का माहौल बन गया है। ऐसी घटना दोबारा ना हो इसको लेकर उन्होंने लिखित आवेदन देकर रात्रि गश्ती बढ़ाने व सुरक्षा मुहैया करने की अपील थाना से की है।

## न्यूज बॉक्स

### बेंजामिन लकड़ा फाउंडेशन की आज होगी शुरुआत

**सिमडेगा।** बेंजामिन लकड़ा फाउंडेशन के द्वारा आज 31दिसम्बर को गरजा के अमतपानी मुहल्ला स्थित बेंजसिंस गार्डेन में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। फाउंडेशन के संस्थापक सह पूर्व महालेखाकर बेंजामिन लकड़ा और जसिंता लकड़ा ने बताया कि मौके पर जिले के छात्रों, शिक्षकों, शोघकर्ताओं और सरकारी सेवा से जुड़े लोगों के लिए पुस्तकालय का शुभारंभ होगा। इसके अलावे आदिवासी इंटर प्रेनरो को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम नियत समय 10:45 बजे से शुरु कर दिया जाएगा।

### कृषि विभाग से किसानों के बीच मसूर बीज का हुआ वितरण

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर में सोमवार को कृषि विभाग के द्वारा सोमवार को किसानों के बीच मसूर का बीज वितरण किया गया।18 किसानों को क्रमशः 8 किलों मसूर के बीज प्रदान कर सभी को उसकी खेती करने की विस्तार से जानकारी दी गयी। इन दौरान मौके पर कृषि पदाधिकारी जगदीश भोयं, संजय मुकुट बिलुंग, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मो कारू आदि मौजूद रहे।

### तीन दिवसीय विराट रौतिया महासम्मेलन का किया गया समापन

बोलबा :बोलबा प्रखंड के पालेमुंडा गाँव मे 27 वां बख्तर साय मुण्डल सिंह प्रखण्ड स्मृति विराट रौतिया महासम्मेलन का तीन दिवसीय सम्मेलन का समापन किया ।समापन के दिन मुख्य अतिथि के रूप में समसेरा मुखिया सुरजन बड़ाइक एवं बेहरीनबासा मुखिया स्नेहलता केरकेट्टा तथा सरस्वती शिशु मंदिर वनदुर्गा के प्रधानाचार्य जगरनाथ सिंह उपस्थिति थे । सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मुंडल सिंह बख्तर साय के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवम पुष्पार्चन कर उद्घाटन किया गया ।प्रखंड अध्यक्ष रामजतन सिंह द्वारा स्वागत भाषण दिया गया एवं पालेमुंडा के महिला ग्रुप के द्वारा अतिथियों का नागपुरी गीत में जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद फाइनल हॉकी पुरुष मैच किरेलेगा बनाम खूंटी टोली सिमडेगा खेला गया जिसमें खूंटी टोली 1शून्य से जीत हासिल की । वही बी पुल में मच्छकट्टा बनाम घोघया खेला गया जिसमें घोघया 2 शून्य गोल से अपने कब्जे में कर लिया । वही पुरुष फुटबॉल में पोगोलिया बनाम सीजी इलेवन केरया खेला गया। जिसमें सीजी 11केरया ने 1/0 से जीत दर्ज की । महिला हॉकी में मालसाड़ा बनाम पीडियापोंछ जिसमें 2 एक गोल से पीडियापोंछ टीम जीत हासिल की। खेल के पश्चात जीत हासिल करने वाले विजेता टीम को पुरस्कार देकर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। पुरुष हॉकी में खूंटी टोली, किरेलेगा, घोघया को खसी देकर सम्मानित किया गया। वहीं महिला पीडियापोंछ और मालसाड़ा को खसी पुरस्कार मिला। पुरुष फुटबॉल सीजी इलेबेन केरया को खसी एवं पोगोलोया को सांत्वना पुरस्कार मिला।

### एसपी 11 क्लब से आयोजित नॉक आउट बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन

**सिमडेगा।** शहर के इस्लामपुर में एसपी 11 क्लब द्वारा आयोजित नॉक आउट बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन रविवार की रात हुआ। प्रतियोगिता का खिताबी मुकाबला जियाउल और मोनू की जोड़ी बनाम सूफियान और जैद की जोड़ी के बीच खेला गया। एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में जियाउल और मोनू की जोड़ी 21-13 और 21-19 सेट से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमा लिया। इससे पूर्व सेमीफाइनल मैच खेले गए थे। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झामुमो जिला सचिव सफीक खान उपस्थित थे। सफीक खान ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर सेमीफाइनल मैच की शुरुआत की। इसके बाद खेले गए फाइनल मैच की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सेंट्रल अंजुमन इस्लामिया के सदर मो ग्यास,पूर्व वार्ड पार्षद अज़ीमुल्ला अंसारी, फरहान डब्लू आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। विजेता और उपविजेता टीमों को अतिथियों ने नकद और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के बेस्ट खिलाड़ी का पुरस्कार शाद को दिया गया ।मौके पर सदर मो ग्यास ने कहा कि खेलकूद से आपसी प्रेम बढ़ता है। उन्होंने कहा कि खेल से खिलाड़ियों के शारीरिक और बौद्धिक विकास होता है।

### दुरिलारी गांव में पेड़ में फांसी लगाकर युवती ने की आत्महत्या

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र के दुरिलारी गांव में सोमवार को इमली पेड़ में फांसी लगाकर युवती ने आत्महत्या कर ली। मामले की जानकारी स्थानीय लोगों को होगी इसके बाद उनके माध्यम से पुलिस को दी गई ।जानकारी मिलने के बाद कोलेबिरा पुलिस पहुंची और युवती के शव को पेड़ से नीचे उतारा। युवती की पहचान पूनम सोरेंग,उम्र 26 वर्ष,पिता-लोरेंग सोरेंग दुरिलारी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार युवती सुबह लगभग 6:00 बजे घर से निकली थी फिर वापस नहीं आई। परिजन के द्वारा काफी देर तक खोजबीन की गई लेकिन पता नहीं चल बाद में गांव के ही लोगों ने बताया कि उसके घर के पीछे इमली पेड़ में उसने फांसी लगा ली है । आत्महत्या का कारण आर्थिक तंगी बनाया जा रहा है। हालांकि पुलिस सभी बिंदुओं पर छानबीन कर रही है, इधर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेज दिया।

### ठंड को लेकर सिमडेगा तूफान क्लब के सौजन्य से किया गया कंबल वितरण

**सिमडेगा।** तूफान क्लब संस्था के सचिव राजेंद्र प्रसाद द्वारा बढ़ती ठंड को देखते हुए सोमवार बीरू अम्बा टोली में ग्रामीण लोगों को को कंबल वितरण किया गया ।जिसमें काफी संख्या में लोग उपस्थित थे । इसके साथ संस्था के सचिव राजेंद्र प्रसाद के अलावा अध्यक्ष सेल्सटीना डुंगडुंग ,सदस्य विवेक केशरी मौजूद थे ।इस दौरान सीलो नायक, सुकरमनी देवी,धनकुबेर देवी, जयराम नायक , मोनो देवी ,सोमरा डुमरा, करमी देवी, छोटू नायक, आनंद केरकेट्टा, नकुल नायक, सरिता देवी, बिमेल देवी, विरसमती देवी, पारसनाथ नायक , रोशनी देवी, सुमित्रा नायक,सोमरा नायक,अर्जुन नायक, जितनी देवी, जानकी देवी, मंधार नायक,प्रभु नायक, गनदूर नायक, सोना राम कालों, दुमर देवी को कम्बल दिया।


## सैलानियों को नववर्ष में लुभा रही है पर्यटक स्थल दनगदी


# नव वर्ष के मौके पर उमड़ती है हजारों की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

सिमडेगाःबोलबा प्रखंड अंतर्गत शंख नदी पर अवस्थित प्रसिद्ध पर्यटक स्थल दनगद्दी प्रकृतिक छटाओं से भरपूर नया साल के मौके पर सैलानियों के मन को मोह रही है। यदि लोग परिवार के साथ भी पिकनिक मनाने की सोच रहे हैं तो प्रकृति की गोद में प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर यह स्थान उपयुक्त है।पर्यटक स्थल दनगदी सिमडेगा जिला मुख्यालय से लगभग 40 किमी की दूरी पर है। जो निजी वाहनों से जाना संभव है। दनगदी की खूबसूरती दूर-दूर तक के लोगों को नववर्ष के मौके पर भ्रमण अथवा पिकनिक के लिए खींचकर ले आती है। शंख नदी पर अवस्थित चारों ओर ऊँची-ऊँची पहाड़, कल-कल करती नदी की जलधारा, पंछियों का मधुर कलरव, सफेद और काली नीली चट्टान, बालू की रेत प्रकृति छटाओं से परिपूर्ण दनगदी अपनी मनोरम दृश्य से लोगों के मन को मोह रही है।







### दनगदी का संक्षिप्त इतिहास

बोलबा प्रखंड अंतर्गत प्रसिद्ध पर्यटक स्थल दनगदी कई घटनाओं एवं कुर्बानियों को दफन कर रखा है। दनगदी का इतिहास बहुत ही रोचक है। कालांतर में बीरु केशलपुर राज्य था ।बीरुगढ़ के शासक राजा हुआ करते थे। मुग़ल बादशाह जहांगीर ने साम्राज्य विस्तार के क्रम में छोटानागपुर के महाराजा दुर्जनशाल को पराजित कर खलियार के किले में कैद कर लिया था। उन्हें कैद से छुड़ाने के लिए बीरु के राजा असली एवं नकली हीरा लेकर बादशाह जहांगीर के दरबार पहुंचे। जहांगीर ने हीरे की पहचान के लिए लड़ने वाले भेड़ों के माथे पर बंधवा दिया। इसके बाद भेड़ों में लड़ाई शुरू हो गई। असली हीरे को कोई नुकसान नहीं हुआ, जबकि नकली हीरा टूट गया। जहांगीर का आत्मकथा तुजुक ए-जहांगीर में इसका वर्णन मिलता है। हीरों को महाराजा दुर्जनशाल ने अपने हाथों में लेकर पहले ही परख लिया था। जहांगीर ने उसी सत्यता की जांच की। दुर्जनशाल की हीरे की परख से जहांगीर खुश होकर उन्हें कैद से छोड़ दिए। उन्हीं राजाओं ने छोटानागपुर साम्राज्य के लिए नवरत्नगढ़ किला बनवाया, जो वर्तमान में गुमला जिले के सिसई के पास स्थित है। फिलहाल, अभी उसका खंडहर मौजूद है। इसके बाद छोटानागपुर और बीरुगढ़ के राजाओं से हीरे की मांग लगातार की जा रही थी। बादशाह जहांगीर ने छोटानागपुर पर दबाव बनाया और महाराजा बीरुगढ़ के राजा पर हीरे के लिए दबाव बनाया।अंततः हीरे के लिए दनगदी, जो उस समय हीरा दह के नाम से जाना जाता था, वहां एक बांध बनवाया गया। डैम को देखने के लिए महाराजा आ रहे थे। शंख नदी का पानी रोककर झोरा समाज के लोग दह के अंदर हीरा चुन रहे थे। किसी कारणवश बांध टूट गया, जिससे हीरा पहचानने वाले और चुनने वाले सभी दह के अंदर डूब गए। इतने लोगों की कुर्बानी के कारण यह स्थल दनगदी के नाम से जाना जाने लगा। दह के ऊपर बांध बनाने का कुछ चिन्ह अभी भी मौजूद है। दनगदी में अभी भी हीरा दह और दह के अंदर हीरा भी मौजूद है।

## ईश्वर का अनुपम वरदान है धर्मबहनें : विधायक

# सिस्टर निक्की का आजीवन व्रतधारण पर संपन्न हुआ धन्यवादी ख्रीस्तयाग

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कुरडेग झिरकामुंडा में सिस्टर निक्की खलखो का आजीवन व्रतधारण पर सोमवार को धन्यवादी ख्रीस्तयाग मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष देवनिस खलखो की बेटी सिस्टर निक्की खलखो ओएसयू गुमला प्रोविंस के लिए आजीवन व्रतधारण स्वीकार की है। सोमवार को कई पुरोहितों की उपस्थिति में धन्यवादी ख्रीस्तयाग का आयोजन किया गया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा भी अपनी धर्मपत्नी सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा के साथ शामिल हुए। साथ ही सिस्टर निक्की खलखो को आजीवन व्रतधारण पर बुके देकर बधाई दी। विधायक ने कहा कि धर्मबहनों का जीवन निराला है। उन्होंने कहा कि एक धर्मबहनें ईश्वर का अनुपम वरदान है। येसु को कोई देख नही सकता है, लेकिन पुरोहित और धर्महनों को देख सकता है। धर्म बहनों में ईश्वर की झलक दिखती है। धर्मबहनें हमे स्वर्ग राज्य के योग्य बनाता है। उन्होंने कहा कि संसार कई बार उन्हें स्वीकार नहीं करता है। पर तमाम चुनौतियों को झेलते हुए धर्मबहनें लोगों की सेवा करने एवं ईश्वर के वचनों को निस्वार्थ भाव से जन जन तक पहुंचाने में जुटे हैं। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, जिप सदस्य सामरोम पौल तोपनो, उप प्रमुख सिलबेस्टर बघवार, मुखिया मुंश खेस, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



### जीवन काफी चुनौतीपूर्ण है धर्मबहनों का जीवनः जोसिमा

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि आज धर्मबहनों का जीवन काफी चुनौतीपूर्ण है। इसके बावजूद सिस्टर निक्की खलखो ने इसके लिए स्वयं को तैयार कर पाई। वे बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि आज धर्मबहनें कई चुनौतियों को सामना करते हुए प्रभु के संदेशों को लोगों तक पहुंचाने में जुटे है। निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा कर रहे हैं।

## छोटा नागपुर गोंड महासभा के पूर्व अध्यक्ष की मनाई गई पुण्यतिथि

**सिमडेगा।** पाकरडांड प्रखंड के पंचायत सिकरियाडांड ग्राम बागडांड में सोमवार को दक्षिण छोटानागपुर गोंड़ महासभा के पुर्व अध्यक्ष ,समाज सेवी, शिक्षा विद, शिक्षक, स्व. महेश्वर राम बेसरा की पुन्य स्मृति के उपलक्ष्य में 29 दिसंबर 2024 को स्व महेश्वर राम बेसरा समिति के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पुन्य तिथि मनाई गई।बतौर अतिथि भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया एवं श्री बेसरा ने कहा कि स्व महेश्वर राम बेसरा एक व्यवहार कुशल समाजसेवी तो थे शिक्षाविद व्यक्ति थे, विभिन्न संस्थाओं, संगठनों से जुड़े हुए थे और समाज को दिशा देने का काम किए। उनके द्वारा बताए हुए मार्ग पर चलने से ही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।इस मौके पर समिति के अध्यक्ष मोहन प्रधान, बजरू मांझी, बलदेव प्रधान के साथ अनेकों महिला पुरूष ने भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया।

# यादव समाज को सफलता के शिखर पर लेकर जाना हम सबकी जिम्मेवारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** अहीर यादव समाज का मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बीरू हाइ स्कूल मैदान में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। उन्होंने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक का कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर समाज के जिलाध्यक्ष हरिवंश गोप, कुंवर गोप, अधिवक्ता राजेन्द्र गोप ने जोरदार तरीके से उनका स्वागत किया। मौके पर विधायक ने कहा कि समाज के लोगों को संगठित करने के लिए समाज द्वारा मिलन समारोह का आयोजन सराहनीय है। ऐसे आयोजन से समाज के लोग एकजुट होंगे। समाज मे फैली बुराइयों को लोग आपस मे बांटते हुए उस बुराइयों को दूर करने की दिशा में पहल करेंगे। विधायक ने कहा कि अहीर यादव समाज को सफलता के शिखर पर लेकर जाना समाज के युवाओं के हाथ मे हैं। समाज के युवा एकजुट रहें। नशापान से स्वंय को दूरी रखें। पढ़ाई पर ध्यान दें और समाज के विकास में भागीदारी बनें। साथ ही समाज मे फैली बुराइयों को दूर करने के लिए भी प्रयास करें। विधायक ने समाज के सभी बच्चों को उच्च शिक्षा देने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि समाज विकास के पथ पर तभी आगे जा सकता है जब सामूहिक सहभागिता होगी। विधायक ने महागठबंधन सरकार की योजनाओं की भी जानकारी दी। साथ ही समाज के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने समाज के विकास में हर सम्भव सहयोग करने का भी आश्वासन दिया। मौके पर उर्मिला केरकेट्टा, संजय तिर्की सहित समाज के काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि समाज में एकजुटता से ही किसी भी समाज का विकास सम्भव है। समाज के लोग अपने समाज मे फैली बुराइयों को दूर करें।

## एक नजर

### आधार कार्ड का नया केंद्र स्थापित करने की मांग

**बरही ।** आधार एनरोलमेंट सेंटर के कमी के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. वर्तमान में लगभग सभी कार्य में आधार आवश्यक किया गया है. बैंक ई केवाईसी करवाना हो या राशन कार्ड सभी जगह लोगों को आधार की आवश्यकता होती है. ऐसे में आधार अपडेट करवाने या नया पंजीकरण के लिए बरही में काफी समस्या हो रही है. जानकारी के अनुसार वर्तमान में बरही में सिर्फ बैंक ऑफ इंडिया में आधार एनरोलमेंट केंद्र सेंटर संचालित है. बरही डाकघर और बीएसएनएल ऑफिस में स्थापित एनरोलमेंट सेंटर पूर्ण रूप से संचालित नही होने के कारण सभी बैंक ऑफ इंडिया में अप्रत्याशित भीड़ हो रहे हैं. जिससे आम लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

### बिजली विभाग के छापेमारी की अफवाहों से खेत में फेंका बिजली उपकरण

**बिरनी गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सोमवार को एक अफवाह ने लोगों के बीच अफरा-तफरी मचा दी। जानकारी के अनुसार, यह अफवाह थी कि बिजली विभाग द्वारा छापेमारी की जा रही है, जिसके चलते लोग घबराकर अपने बिजली चूल्हे और हीटर बंद कर रहे थे। इस अफवाह के कारण चिरुडीह, बलिया, खाखीपिपर, थोरिया, दूधियानो, खेदवारा, कोंडराटांड और अन्य गांवों में हड़कंप मच गया। इस भ्रम के कारण कुछ स्थानों पर लोग बिजली के तार खोलने लगे, जिससे बड़े हादसे की संभावना बन गई। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो सका कि अफवाह किसने और क्यों फैलाई। जब इस मामले में एसडीओ विनोद कुमार से संपर्क किया गया, तो उन्होंने बताया कि बिजली विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की छापेमारी नहीं की गई है।

### तिसरी और लोकाय पुलिस ने की कार्रवाई

## पीछा कर भंडारी रोड से शराब लदे बोलेरो को पकड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**
अवैध शराब तस्करी के खिलाफ पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने अवैध शराब लदे एक बोलेरो वाहन को जब्त किया है, जिसमें 244 बोतल अवैध शराब बरामद किया गया। मिली जानकारी के अनुसार बोलेरो संख्या जेएच 05 ए डी 2777 में अवैध शराब लोड कर तिसरी - चंदौरी - लोकाय होते हुए बिहार ले जाई जा रही थी। इसी दौरान तिसरी और लोकाय पुलिस ने पीछा कर उक्त वाहन और शराब को जब्त किया है हालांकि वाहन चालक मौके से भागने में सफल रहे। खोरीमहुआ एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने तिसरी थाने में प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्ता सुचना के आधार पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। अवैध शराब तस्करी की सूचना पर लोकाय - नयनपुर की पुलिस ने लोकाय में बैरिकेडिंग लगाई थी। लेकिन शराब तस्कर पुलिस को देखते ही गाड़ी घुमाकर भागने लगे। जिसके बाद लोकाय थानाप्रभारी ने तिसरी थाना प्रभारी को इसकी इसकी सुचना दी। तत्पश्चात तिसरी पुलिस ने बघलरवा मोड़ के पास उसी बोलेरो वाहन को रुकने का इशारा किया लेकिन वे पुलिस को चकमा देकर वहां से भाग निकले। जिसके बाद पुलिस के पीछा करने पर बोलेरो में सवार लोग भंडारी रोड में वाहन छोड़ भाग निकले। उक्त वाहन से रॉयल स्टैग नामक अंग्रेजी शराब की कुल 244 बोतलें बरामद की गई हैं। पुलिस ने गाड़ी के मालिक व चालक के विरुद्ध कांड दर्ज कर मामले में अनुसंधान शुरू कर दिया है। छापेमारी दल में तिसरी थाना प्रभारी रंजय कुमार, लोकाय थाना प्रभारी अमित चौधरी समेत नीरज कुमार, अमित कुमार, मनोज कुमार और बालगोविन्द कुमार शामिल थे।

### पूर्व थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर ने सर्किल इंस्पेक्टर के रूप में दिया योगदान



**बरही ।** पूर्व इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार बरही के सर्किल इंस्पेक्टर के रूप में अपना योगदान दिया. उक्त जानकारी श्री कुमार ने दूरभाष के माध्यम से दी है. विदित हो कि अपने छोटे कार्यकाल के दौरान उन्होंने बरही की सबसे बड़ी ट्रैफिक समस्या को नियंत्रित किया था. इससे बरही वासियों को जाम से काफी हद तक राहत मिली थी. बीते 22 अगस्त को इन्होंने अपना पदभार वर्तमान इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभाष कुमार को दिया था. अब सर्किल इंस्पेक्टर के रूप में श्री कुमार चौपारण और पदमा प्रखंड की जिम्मेवारी संभालेंगे. उन्होंने बताया कि कानून सम्मत विधि व्यवस्था बनाए रखना, न्याय पूर्ण कारवाई के साथ पुलिस पब्लिक के बीच के रिश्ते को मधुर बनाते हुए क्षेत्र को अपराध मुक्त रखना उनकी पहली जिम्मेवारी होगी.

## अमित कुमार महतो के नेतृत्व में दर्जनों कार्डधारियों ने की एमओ से शिकायत



**नवीन मेल संवाददाता। डुमरी**
नगरी पंचायत के दर्जनों राशन कार्ड धारियों ने सोमवार को बीते दो माह से खाद्यान्न नहीं मिलने की आक्रोशित होकर प्रखंड कार्यालय पहुंचे एमओ से इसकी शिकायत कर दोनों माह का राशन दिलाने एवं दोषी के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की। एमओ विकास वर्मा ने निकायत की जांच पड़ताल करने एवं दोनों माह का राशन सभी वंचित राशन कार्डधारियों को दिलाने का भरोसा दिया।वहीं राशन कार्डधारियों द्वारा विधायक के नाम शिकायत पत्र उनके प्रतिनिधि को देने पर विधायक प्रतिनिधि सह जेएलकेएम प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार महतो के नेतृत्व में जेएलकेएम कार्यकर्ता रामेश्वर महतो नगरी पहुंच डीलर से इसकी जानकारी ली तो डीलर ने बताया कि गोदाम से राशन लेट से मिलने और नेटवर्क समस्या रहने के कारण ही कार्डधारियों को नवंबर माह का राशन नहीं वितरण हो पाया जबकि दिसंबर माह का वितरण करने के प्रयास में हैं।इधर जेएलकेएम के नेताद्वे ने कहा कि राशन कार्डधारियों की शिकायत पर एमओ एवं डीलर से बात की गई है।कार्डधारियों को नवंबर एवं दिसंबर दोनों माह का राशन देने के लिए कहा गया है।इधर चना दाल में 10 रुपए लेने और प्रति कार्डधारी को 2 किलो अनाज कम देने की शिकायत पर एमओ ने कहा कि निर्धारित मूल्य व वजन में ही अनाज वितरण करना है

### मिष्टान्न भंडार का किया किया गया उद्घाटन

**बरकट्ठा।** प्रखंड के पचफेड़ी चौक के समीप पंचवटी मिष्टान्न भंडार का उद्घाटन पूर्व जिप उपाध्यक्ष चंदन देवी और प्रखंड 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। पंचवटी मिष्टान्न भंडार के संचालक सुनील कुमार चौधरी हैं। उन्होंने बताया कि सभी तरह के बेहतर और शुद्ध मिष्टान्न यहां उपलब्ध है। उदघाटन के मौके पर यमुना साव, मधुसूदन प्रसाद, शिक्षक दिनेश महतो, हरिहर चौधरी, दिलीप चौधरी, राजेंद्र प्रसाद, अरुण कुमार मेहता, अरुण कुमार मंडल, किशोरी चौधरी, रामचंद्र प्रसाद, रविकांत चौधरी, बबलू चौधरी, द्वारिका प्रसाद , पन्नू चौधरी, जागेश्वर प्रसाद, सोबरन प्रसाद, आलोक कुमार, आर्यन चौधरी, हुलास प्रसाद, आनंद कुमार, गोबिंद चौधरी, लक्ष्मण चौधरी, राजकुमार चौधरी, वाहिद अली, शिव सहाय, नागमती देवी, बेबी देवी, अनीता प्रसाद, सुनीता चौधरी समेत आदि लोग मौजूद थे।

### आल इंडिया सीनियर कराटे प्रतियोगिता में हजारीबाग की महिला कराटेकारों का बेहतर प्रदर्शन

## 18 मेडल लेकर जिले का नाम किया रौशन



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
बीते 27 28 और 29 दिसंबर को वाराणसी में आयोजित ऑल इंडिया सीनियर कराटे चैंपियनशिप में हजारीबाग की महिला कराटेकारों ने बेहतर प्रदर्शन कर 18 मेडल जीते हैं. उक्त जानकारी शिहान उड़ाया कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट सेशिनकाई कराटे संघ विश्व कराटे संघ के कोच एवं सेशिनकाई कराटे संघ के चीफ टेक्निकल डायरेक्टर हांसी प्रेमजीत सेन के निर्देशन में आयोजित हुआ था. जिसमे पूरे देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 3000 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था. टूनार्मेंट में फाइट और काता दो अलग अलग खेल आयोजित किए गए थे. इस टूर्नामेंट में सभी खिलाड़ियों ने दो-दो मेडल अपने नाम किया.टीम का नेतृत्व झारखंड के मुख्य प्रभारी सह प्रशिक्षक शिहान स्वयं कर रहे थे. रितिका कुमारी, सोनी कुमारी व शिवानी कुमारी ने दो-दो सिल्वर मेडल और श्रेया भारद्वाज, माही वर्मा, हेमलता कुमारी, सोनी कुमारी, ज्योति दुबे और मानसी कुमारी को दो-दो ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुए है. इनके सफलता पर खेलप्रेमियों ने सभी विजेताओं को हजारीबाग के साथ झारखंड का नाम रौशन करने के बधाई दिया है. शिहान श्री कुमार ने बताया कि इस कठिन प्रतियोगिता में हमारे खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया, इसके लिए टीम के सभी प्रशिक्षक बढ़ाई के पात्र हैं. इस दैराना टीम मैनेजर प्रतिमा कुमारी भी मौजूद थी.

### इलेक्ट्रॉनिक दुकान में लगी आग, लाखों की संपत्ति जलकर राख

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड के माटिहाना में एनएच-49 के सर्विस रोड किनारे स्थित इलेक्ट्रॉनिक दुकान में रविवार की रात आग लगने से लाखों रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गई. दुकान चिरंजीव चक्रवर्ती ने बताया कि वह रात को दुकान बंद कर कर अपने घर चला गया. आसपास के दुकानदारों ने सोमवार की सुबह दुकान से आग की लपटें व धुआं निकलते देख घटना की सूचना दी. उनलोगों ने फायर ब्रिगेड को भी फोन किया. सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया. तब तक दुकान में रखा सभी सामान जल चुका था. चिरंजीव चक्रवर्ती ने बताया कि उसकी दुकान में करीब 22 लाख रुपए का समान था, जो जल गया. उसके अनुसार, आग शॉर्ट सर्किट से लगी है। दुकान संचालक का कहना है कि इस आग से हमारी पूरी संपत्ति जल गई है और हमारे पास अब कुछ बचा नहीं है।


### जिला पशुपालन कार्यालय, कोडरमा
समाहरणालय भवन, कोडरमा email:-ahdkoderma@gmail.com

-: आवश्यक सूचना :-

कोडरमा जिला के सभी पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि 21 वीं पशुगणना 2024–25 पुरे भारत वर्ष में किया जा रहा है। दिनांक 20.12.2024 से 31.03.2025 तक संचालित किया जा रहा है। शीघ्र ही प्रगणक आपके घर जायेगें तथा आपसे सम्पर्क करेगें। जिलान्तर्गत सभी पशुपालकों से अनुरोध है कि इस योजना में अपनी सहभागिता दिखलाते हुए अपने सभी पशुओं की पूर्ण जानकारी प्रगणकों को देगें। पशुगणना से प्राप्त आकड़ों के आधार पर भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा किसान के हित में कई योजनाओं संचालित की जाती है।

निवेदक :–
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 343176 Agriculture,Animal Husbandry
And Co-opretive Department (24-25)_D



### कार्यालय,कार्यपालक अभियन्ता,एन.आर.ई.पी, खूँटी

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०–09 / 2024–25
(2nd Call)

1. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०,खूँटी
2. परिमाण विपत्र बिक्रि का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, खूँटी
3. परिमाण बिक्रि की तिथि : 06.01.2025 (2.00 बजे अपराहन तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : 07.01.2025 (2.00 बजे अपराहन तक)
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, खूँटी
6. निविदा खोलने की तिथि : 08.01.2025 (2.00 बजे अपराहन तक)
7. निविदा खोलने की स्थान : कार्यालय एन०आर०ई०पी०, खूँटी
8. कार्य का विस्तृत विवरणी :

| क्र० स० | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि | यंत्र सयंत्र का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मुरहू | उत्क्रमित उच्च विद्यालय, गनालोया में अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य। | 2028300.00 | 41000.00 | 5000.00 | छः माह | कार्य के अनुरूप |

नोटः– 1. निविदा से सबंधित अन्यशर्तें कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०,खूँटी के कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में भवन निर्माण एवं ग्रामिण विकास विभाग, झारखण्ड अन्तर्गत निबंधित संवेदक भाग लेगें।
3. Tender Fee, अग्रधन की राशि 2 प्रतिशत, पैन, GST Certificate, Up To date GST Return Certificate तथा निबंधन प्रमाण पत्र को स्वअभि प्रमाणित छाया प्रति अनिवार्य रूप से जमा करने पश्चात ही निविदा पत्र (BOQ) निर्गत किया जायेगा।
4. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राँची के संचिक सं० प०नि०वि० / विविध 06–33 / 2007 (अंश–1) 2146 (5) दिनांक–09.09.2020 के अनुसार Performance Security उपलब्ध करायें।

कार्यपालक अभियंता ,
एन०आर०ई०पी०, खूँटी।

PR 343194 (NREP) 24-25 (D)


### चांडिल डैम बना पर्यटकों की पहली पसंद

## हजारों पर्यटक पहुंच रहे रोजाना पिकनिक स्थल



**नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला**
जिले में स्थित चांडिल डैम पिकनिक सीजन में पर्यटकों की पहली पसंद बन गया है बंगाल और ओडिशा की सीमा से सटे इस पर्यटन स्थल पर रोजाना 10 हजार से अधिक लोग पहुंच रहे हैं प्राकृतिक सुंदरता और मनोरंजक गतिविधियों के कारण चांडिल डैम पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय हो रहा है यहां पर्यटकों के लिए बोटिंग, झूले और अन्य कई आकर्षण हैं बच्चों और परिवारों के लिए यह स्थल एक आदर्श स्थान बन गया है पर्यटक न केवल पिकनिक का आनंद ले रहे हैं, बल्कि बोटिंग और अन्य गतिविधियों का हिस्सा बनकर यादगार अनुभव भी प्राप्त कर रहे हैं कोलकाता से आई योगा टीम की सदस्य शालिनी घोष ने कहा कि हमने बोटिंग का अनुभव किया और यह बेहद सुरक्षित और आनंददायक था लाइफ जैकेट पहनकर बोटिंग की गई और व्यवस्था काफी अच्छी है महिलाएं भी यहां सुरक्षित महसूस कर रही हैं। डैम क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं चांडिल थाना प्रभारी दिलशन बिरुआ ने बताया कि क्रिसमस और नए साल के अवसर पर पर्यटकों की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है ट्रैफिक और पार्किंग की समस्याओं को दूर करने के लिए अलग-अलग चेक पोस्ट बनाए गए हैं डैम क्षेत्र में पर्यटकों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं चांडिल डैम विस्थापित समिति के अध्यक्ष नारायण गोप ने कहा कि हमने साफ-सफाई और पर्यटकों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया है।

### महिला व बाल व्यापार रोकथाम व पुनर्वास को लेकर कार्यशाला संपन्न

## अपरिचितों के साथ कभी भी बाहर काम करने नहीं जाएं : गणेश यादव



बच्चों के सोशल मीडिया के उपयोग पर करना होगा नियंत्रण : जावेद इस्लाम

**ऐसे बच्चे जो नाबालिग हैं वो मोबाइल फेसबुक के माध्यम से प्रेम प्रसंग या गलत संगत में आकर मानव तस्करी के शिकार हो रहे हैं**

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
पूर्वी पंचायत मुख्यालय में जन विकास केंद्र हजारीबाग ने जिलास्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया. कार्यशाला महिला व बाल व्यापार के रोकथाम तथा पुनर्वास कार्यक्रम पर आधारित था. कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता गणेश यादव शामिल हुए. कार्यशाला में अपने विचार रखते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि मानव तस्करी से संबंधित कई तरह के मामले सामने आ रहे हैं. ऐसे में सजग रहने की आवश्यकता है. अपरिचितों के साथ कभी भी बाहर काम करने नही जाएं. संस्था के प्रेम हांसदा ने कहा कि ऐसे बच्चे जो नाबालिग हैं वो मोबाइल फेसबुक के माध्यम से प्रेम प्रसंग या गलत संगत में आकर मानव तस्करी के शिकार हो रहे हैं. उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों के प्रति विशेष ध्यान देने की बात कही. वरिष्ठ पत्रकार जावेद इस्लाम ने सोसल मीडिया को मानव तस्करी का बड़ा कारण बताया. उन्होंने बताया कि इसका दुरुपयोग कर बच्चे एक दूसरे से संपर्क करके यौन शोषण और मानव तस्करी जैसे घटनाओं को अंजाम देते हैं. जिला कोडीनेटर सुरेश कुमार ने मानव तस्करी को रोकने के लिए ग्राम स्तरीय निगरानी समिति गठित कर निगरानी करने की बात कही. कार्यशाला में संस्था के कार्यकता राजाराम बेसरा, सोहन हंसदा जेएसएलपीएस से जेंडर सीआरपी प्रियंका कुमारी, रीना देवी, ललिता देवी एवं निगरानी समिति के सदस्य शामिल थे.

### टमाटर की खेती से मालामाल हो रहे हजारीबाग के किसान

## सरकार से सॉस फैक्ट्री लगाने की मांग की




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
कृषि प्रधान क्षेत्र है हजारीबाग. यहां का टमाटर पूरे देश भर में जाना जाता है. यही कारण है कि यहां पढ़े लिखे युवा भी जमीन लीज पर लेकर टमाटर की खेती करते हैं. हजारीबाग की बात की जाए तो एक साल में लगभग 50 करोड़ रुपए से अधिक के टमाटर का व्यापार होता है कटकमसांडी, चरचू, कटकमदाग, इचाक, पदमासरिया, बहिमर, लूपुंग प्रमुख क्षेत्र है जहां सालों भर टमाटर की खेती होती है यह टमाटर कोलकाता, दिल्ली, बिहार, दक्षिण भारत के राज्यों तक पहुंचता है यहां बाहर के व्यापारी पहुंचते हैं और नकद पैसा देकर टमाटर ले जाते हैं यहां के टमाटर का स्वाद भी बेहद स्वादिष्ट होता है इतना ही नहीं टमाटर तैयार होने के बाद दो-चार दिनों तक इसे रखने के बाद भी खराब नहीं होता है। यही कारण है कि यहां टमाटर की खेती बड़े पैमाने पर होती है पढ़े-लिखे युवा बड़े पैमाने पर खेती करते हैं टमाटर 100 रुपये प्रति किलो से लेकर 50 रुपये किलो तक दूसरे राज्यों तक पहुंचता है। टमाटर यहां बड़े पैमाने पर होने के बावजूद किसानों को उचित मूल्य भी नहीं मिल पाता है यहां के किसान चाहते हैं कि हजारीबाग में सॉस के बड़ी फैक्ट्री लगाई जाएं, ताकि किसानों को सही मूल्य और बाजार स्थानीय स्तर पर ही मिल जाए जिससे किसान आर्थिक रूप से सशक्त हो सके।

#### करोड़ों रुपये के टमाटर की होती है सप्लाई

हजारीबाग के रूपेश कुमार जो आईटीआई की परीक्षा पास किए हैं और विदेश में नौकरी कर रहे थे किसी कारणवश उन्हें वापस स्वदेश लौटना पड़ा उन्होंने खेती को अपना रोजगार बनाया और टमाटर की खेती करना शुरू किया लगभग 7 एकड़ जमीन में वह हजारीबाग के सदर प्रखंड के चंदवार में खेती कर रहे हैं उनका कहना है कि हजारीबाग में टमाटर की खेती ने उद्योग का दर्जा प्राप्त कर लिया है, यहां से करोड़ों-करोड़ों रुपये का टमाटर दूसरे राज्यों तक पहुंच रहा है सिर्फ किसान ही नहीं बल्कि अब पढ़ें-लिखे लोग भी टमाटर की खेती करते हैं टमाटर की खेती करने से ग्रामीण इलाकों में रोजगार का भी सृजन हो रहा है।

### वामपंथी दलों ने गृह मंत्री का फूंका पुतला

## वन नेशन वन इलेक्शन छोटी पार्टियों को रोकने की साजिश : राजकुमार




**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**
डॉ.भीमराव अंबेडकर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा किए गए टिप्पणी को लेकर देश के वामपंथी दलों ने विरोध किया है। इसी क्रम में सोमवार को गिरिडीह के तिसरी और गांवा प्रखंड में भाकपा माले द्वारा प्रतिवाद मार्च निकालकर अमित शाह का पुतला फूंका गया। जिसमें मुख्य रूप से धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित थे। यह मार्च गाँधी मैदान से तिसरी चौक तक निकाला गया, इस दौरान अमित शाह इस्तीफा दो,बाबा साहब का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान आदि नारे लगाए गए। जिसके पश्चात तिसरी चौक पर गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन गया। मौके पर राजकुमार यादव ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणी बाबा साहब के साथ सभी दलित,आदिवासी और संविधान के ऊपर विश्वास रखने वाले लोगों के खिलाफ है। बाबा साहब द्वारा बनाए गए संविधान को खत्म करके भाजपा एक मनूवादी संविधान बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एक कानून बनाने जा रहा है वन नेशन वन इलेक्शन इस कानून के तहत छोटी-छोटी पार्टियों को चुनाव लड़ने से रोकने की एक साजिश है।


### e-Procurement Cell
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI
(Behind State Guest House Morhabadi)
Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008

Short Term e-Procurement Notice
Date – 30-12-2024

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/48/2024-25 | Upgradation and Renovation of Female Ward No. 1 in RINPAS Kanke Ranchi | 24714500 | Three Month |
| 2 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/49/2024-25 | Upgradation and Renovation of Male Half Way Home in RINPAS Kanke Ranchi | 14679700 | Two Month 15 Days |
| 3 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/50/2024-25 | Upgradation and Renovation of Female Half Way Home in RINPAS Kanke Ranchi | 14322200 | Two Month 15 Days |
| 4 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/51/2024-25 | Upgradation and Renovation of Community Hall in RINPAS Kanke, Ranchi | 13200500 | Two Month 15 Days |
| 5 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/52/2024-25 | Renovation of Doctors Quarter E Type 1 Block (4 Unit) at RINPAS Kanke Ranchi | 11690900 | Two Month 15 Days |
| 6 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/53/2024-25 | Upgradation and Renovation of Female Ward No. 2 in RINPAS Kanke Ranchi | 8287300 | Two Month |
| 7 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/54/2024-25 | Renovation of Staff Qtr. Block A and Block C Qtr. No. 1 to 4 (Total 8 Unit) at Bazartar RINPAS Kanke Ranchi | 8172900 | Two Month |
| 8 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/55/2024-25 | Renovation of Staff Qtr. Block D and Block E Qtr. No. 1 to 4 (Total 8 Unit) at Bazartar RINPAS Kanke Ranchi | 8172700 | Two Month |
| 9 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/56/2024-25 | Renovation of Boys Hostel in RINPAS Kanke Ranchi | 8013800 | Two Month |
| 10 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/57/2024-25 | Renovation of Dharamshala in RINPAS Kanke, Ranchi | 6879200 | Two Month |
| 11 | Start Date of Submission of Bids | 08-01-2025 at 11.00 AM | | |
| 12 | Last Date/Time of Submission of Bids | 15-01-2025 at 11.00 AM | | |
| 13 | Date/Time of Opening of Bid | 16-01-2025 at 11.00 AM | | |
| 14 | Helpline Number of e-procurement Cell | 8527519262 | | |
| 15 | e-mail ID | eebcddiv1ranchi@gmail.com | | |
| | Note :- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in | | | |

Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division No. 1, Ranchi

PR 343225 Building(24-25)D

आइये! हम अतीत के सब दुःखों को भूलकर निश्चय कर लें कि नववर्ष में हम उनके बारे में नहीं सोचेंगे। दृढ़ निश्चय एवं अदम्य इच्छा-शक्ति के साथ हम अपने जीवन, अच्छी आदतों, एवं अपनी सफलताओं का नवीकरण कर लें। गत वर्ष यदि निराशाजनक रूप से बुरा रहा है, तो नववर्ष निश्चित ही आशाजनक रूप से अच्छा होगा। - **श्री श्री परमहंस योगानंद, 'योगदा सत्संग पत्रिका'**

## संपादकीय

# कृत्रिम बुद्धिमता रोमांचक तो है पर भारतीय संदर्भ भी हो

बदलाव प्रकृति का नियम है के हिसाब से हम इतिहास के सबसे बड़े परिवर्तन के दौर के दौर से गुजर रहे हैं। आज 1975 में धूम मचाने वाली शोले फिल्म के कलाकार उसी वेश भूषा में अपने चरित्र के उलट अभिनय करते वीडियो में दिख रहे हैं तो ट्रंप और पुतिन साथ में गुनगुनाते हुए दिख रहे हैं ये सभी एआई का कमाल है। एआई हर टेक्नोलॉजी से अलग एक टूल नहीं बल्कि एक एजेंट है। ये अपने दम पर फैसले ले सकता है और नए विचार सोच सकता है। सभी पहले की टेक्नोलॉजी चाहे वो एटम बम जैसी ताकतवर चीज ही क्यों न हो। ताकतवर होने के बावजूद भी उनकी चाभी इंसानों के हाथ में थी। केवल इंसान ही ये तय कर सकता है, एटम बम ये नहीं तय कर सकता है कि किस शहर पर हमला करना है। न ही वो कोई नई चीज का आविष्कार कर सकता है। एआई अपने दम पर फैसले भी ले सकता है और नई चीजों को बनाकर हमला भी करा सकता है। 2024 महत्वपूर्ण प्रगति का वर्ष रहा है। एआई ने दशक की परिभाषित तकनीक के रूप में अपनी भूमिका को मजबूत किया है। 2024 एआई के नए कारनामों के लिए बेहद खास रहा। गूगल, ओपन एआई, एक्स, मेटा, एनवीडीए सभी ने अपने मल्टीमॉडल लॉन्च किए। पूरे साल जेमिनी 2.0, ग्रोक 2.0, चैटजीपीटी सर्च, गूगल एआई ओवरव्यू ने खूब सुर्खियां बटोरी। उपयोगकताओं के लिए, यह स्पष्ट होता जा रहा है कि ये नई टेक्नोलॉजी रिप्लेसमेंट से अधिक को-पायलट की भूमिका निभाता है। 2025 में एआई के वास्तविक उपयोग के मामलों में कुछ पुनर्गणना होने जा रही है। शुरूआती अपनाने वाली कंपनियों ने महसूस किया है कि हालांकि एआई के बिना कोई भविष्य नहीं है, लेकिन यह उनकी सभी समस्याओं का एकमात्र जवाब नहीं है, कम से कम अभी तक नहीं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का बाजार काफी तेजी से बढ़ा है। मेडिकल डॉग्नोस्टिक से लेकर पर्सनलाइज कस्टमर सर्विस तक एआई पावर सिस्टम की भूमिका और भी व्यापक होने जा रही है। एआई एजेंट बिना किसी मार्गदर्शन के कुछ कार्य कर सकते हैं। अपनी गलतियों से सीख सकते हैं और यहां तक कि इन कार्यों पर निर्णय भी ले सकते हैं। उद्यम के साथ-साथ उपभोक्ता उपयोग के लिए एआई को अपनाने का अधिक लोकप्रिय तरीका बन जाएगा। विभिन्न प्रकार के उपयोग के मामलों के लिए एआई एजेंट बनाना आसान है, और उन्हें सांसारिक प्रक्रियाओं की देखभाल करने के लिए प्रशिक्षित करना आसान है, जिसमें मानवीय हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। दिसंबर 2024 तक, उपयोगकताओं ने चैटजीपीटी पर 3 मिलियन से अधिक कस्टम जीपीटी बनाए हैं, जिनमें से केवल 5% ही जीपीटी स्टोर के माध्यम से सार्वजनिक रूप से पहुंच योग्य हैं। एआई टूल्स आपके वर्कफ्लो को बढ़ाने में मदद करते हैं। कोडिंग को जल्दी हल करने के लिए गिटहब, उत्पादकता और दक्षता में सुधार के लिए सर्विसनाउ और रोजमर्रा के कार्यों के लिए सेल्सफोर्स का एजेंट फोर्स आदि कारगर टूल्स हैं। एआई ने बड़े डेटा सेटों के विश्लेषण के पीछे कौशल की बाधाओं को दूर करते हुए डेटा को अधिक सुलभ बनाना शुरू कर दिया है। इससे धीरे-धीरे डैशबोर्ड को जेनएआई टूल से बदल दिया जाएगा जो विजुअलाइजेशन, ट्रेंड लाइन या यहां तक कि उनकी दृश्यता के आधार पर पूवार्नुमानों के साथ विशिष्ट डेटा प्रश्नों का उत्तर देते हैं। आप 2025 के अंत तक एनालिटिक्स दिखाने वाले उत्पादों को इस प्रारूप में आते हुए देख सकते हैं, भले ही इन प्रश्नों को संभालने में शामिल लागत कुछ समय के लिए संवादात्मक डेटा एनालिटिक्स को एंटरप्राइज उत्पादों तक सीमित कर सकती है।

# महाकुंभ का न्यौता देने वाले आप कौन?

बे सिर-पैर की राजनीति करने में दक्ष हमारे राजनितिक दल और सरकारें अपना असली काम छोड़कर रोजाना नए-नए विवाद खड़े करने में सिद्धहस्त हो चुकी है। अब देश में ताजा विवाद महाकुंभ का न्यौता है । उत्तरप्रदेश की सरकार इस आयोजन के निमंत्रण पत्र बाँट रही है, समाजवादी पार्टी ने इसी पर सवाल खड़े किये हैं /प्रयागराज में अगले साल 13 जनवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ को लेकर तैयारियां लगभग अंतिम चरण पर है। महाकुंभ के लिए उत्तर प्रदेश की सरकार ने निमंत्रण पत्र बांटना शुरू कर दिया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री सहित कई गणमान्य लोगों से मिलकर उन्हें महाकुंभ में शामिल होने के लिए निमंत्रण दे रहे हैं। इसको लेकर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सीएम योगी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के लिए निमंत्रण नहीं दिए जाते हैं। कुंभ में लोग खुद आते हैं। हमने अपने धर्म में यही सीखा है। यूपी के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पलटवार करते हुए कहा कि अखिलेश यादव आप भी आएं, अपने पापों को धो लें और पुण्य प्राप्त करे।

जहाँ तक मेरी स्मृति है देश में किसी भी धार्मिक आयोजन के लिए कभी निमंत्रण पत्र बांटे नहीं जाते फिर चाहे कुंभ हो,सिंघस्थ हो या चारधाम यात्रा हो । हमारे पुरखे पंचांग के हिसाब से तिथियां देखकर इन आयोजनों में अपने आप आते-जाते रहे हैं। ये धार्मिक आयोजन देश में चुनी हुई सरकारें बनने से हजारों साल पहले से होते आ रहे हैं और होते भी रहेंगे ,लेकिन ये किसी की बेटी या बेटे की शादी नहीं है जो घर-घर जाकर निमंत्रण पत्र बांटे जाएँ। जिसे आना है ,वो आये और जिसे नहीं आना वो अपने घर बैठे। इन आयोजनों में सरकारों की भूमिका एक संरक्षक की तो है किन्तु वे इसे अपना आयोजन या उपलब्धि नहीं बना सकतीं।

धार्मिक आयोजनों को हड़पने का पुण्यकार्य भाजपा ने शुरू किया है। सबसे पहले राम मंदिर में प्राण प्रतिस्ठा समारोह में शामिल होने के लिए भेजा और संघ के स्वयं सेवकों ने घर-घर जाकर पीले चावल बांटे और सरकार ने लिखित निमंत्रण पत्र अब उत्तरप्रदेश की सरकार मह्कुम्भ के निमंत्रण पत्र बाँट रही है। सरकार के फैसले पर ऊँगली उठाना जिनका काम है वे उठा रहे हैं ,लेकिन मेरा सवाल ये है कि निमत्रण पत्र बांटने की जरूरत क्या है। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भी इस धार्मिक आयोजन के लिए निमंत्रण पत्र देना ठीक नही। यदि इन महानुभावों के मन में महाकुम्भ के प्रति शृद्धा है है तो ये खुद अपना दौरा तय करें और राज्य सरकार इन महानुभावों के लिए सभी आवश्यक इंतजाम करे। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ही नहीं बल्कि भाजपा की सभी डबल और सिंगल इंजिन की सरकारें धार्मिक




आयोजनों को हड़पकर उन्हें राजनीतिक और पार्टीगत आयोजन बना देने में लगीं हैं। मध्यप्रदेश में सिंघस्थ का आयोजन भी सरकार करती है लेकिन भाजपा ने इसका भी भाजपाई यानि भगवाकरण कर दिया है। धार्मिक ही नहीं बल्कि दुसरे सांस्कृतिक, सांगीतिक कार्यक्रम भी भगवा बनाये जा चुके हैं। मध्यप्रदेश के ग्वालियर शहर में होने वाले तानसेन संगीत समारोह भी अब भाजपा का अपना कार्यक्रम है। इस समारोह के शताब्दी वर्ष समारोह में भी किसी संगीतज्ञ को उद्घाटन के लिए नहीं बुलाया गया, यहाँ भी मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और जिला स्तर के भाजपा नेता मंच पर जमे रहे। समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कहा कि जो करोड़ों लोग आएंगे, क्या उन्हें निमंत्रण दिया जाता है? यह सरकार अलग है। उन्होंने कहा कि सरकार को कठघरे में खड़ा करने की हमारी जिम्मेदारी है। जब सपा सरकार में कुंभ हुआ था, उसकी स्टडी हॉवर्ड यूनिवर्सिटी ने की थी। महाकुंभ का अच्छे से आयोजन हो, इसके लिए सपा सहयोग के लिए तैयार है। लेकिन अखिलेश यादव ये नहीं जानते कि भाजपा की सरकारें सबका साथ, सबका विकास, का नारा केवल दिखने के लिए लगाती हैं, हकीकत में उन्हें न सबका साथ चाहिए और न वे सबका विकास करना चाहतीं हैं। उन्हें अपना और अपनी पार्टी का विकास करना है और उन्हीं का साथ चाहिए। भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारों ने जितना ध्यान धार्मिक आयोजनों और धार्मिक स्थलों के विकास पर दिया है उतना विज्ञान और शोध कार्यों पर नहीं दिया। हमारी सरकारों और नेताओं को विज्ञान से ज्यादा धार्मिक अनुष्ठान प्रिय हैं। पिछले

**आज की बात**



**राकेश अचल**

10 साल में देश में जितने धार्मिक कॉरिडोर बने और जितनी विशाल प्रतिमाएं बनवाई गयी उतना पहले कभी नहीं हुआ। हमारी सरकारें हर धार्मिक आयोजन को पर्यटन में बदल देना चाहती हैं हमारी सरकारों की होड़ विज्ञान और शोध में नहीं है, हमारी सरकारें दिये जलने का विश्व रिकार्ड बनाकर अभिभूत होतीं हैं। अब इस प्रवृत्ति के लिए कोई क्या कर सकता है ?

महाकुम्भ के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने अम्बानी के बेटे अनंत अम्बानी को न्यौता दिया है,जाहिर है कि सरकार महामुक्भ में भी धनकुबेरों को महत्व देकर निवेश के अवसर तलाश रही है, अन्यथा अनंत क्या कोई शंकराचार्य हैं। अभी तक योगी जी का कोई चित्र किसी शनकराचार्य को निमंत्रण देते हुए नहीं आया ,क्योंकि योगी जी जानते हैं की जिसकी अटकी होगी वो तो महाकुम्भ में आएगा ही ,लेकिन जिसकी अटकी नहीं है उसे न्यौता देकर लाना पडेगा। बेहद हास्यास्पद है निमंत्रण पत्र बांटते हुए तस्वीरें उतरवाना और फिर उनका प्रचार करवाना। मेरा तो सुझाव है कि भाजपा और संघ को महाकुम्भ में अपने भी शिविर लगा लेना चाहिए दुसरे अखाड़ों की तरह। इस महाकुम्भ में पार्टी का सदस्यता अभियान भी शुरू कर देना चाहिए। वैसे भी देश के प्रधानमंत्री जी त्रिपुण्ड लगाकर किसी महामंडलेश्वर से कम आकर्षक तो नहीं लगते। मुझे चूंकि योगी जी ने महाकुम्भ का निमंत्रण पत्र खुद आकर नहीं दिया है इसलिए मैंने तो फिलहाल अपना मन बनाया नहीं है। आपकी आप जानें। आपको बिना निमंत्रण पत्र के जाना है तो शौक से जाएँ।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## देश की बात

# सहज, सरल, सृजनात्मक बनने के संकल्प के साथ वर्ष 2025 का स्वागत करें

2024 कुछ अच्छी-बुरी घटनाओं के साथ बिदा ले रहा है और 2025 दस्तक दे रहा है। आइए हम सब इसका स्वागत एक नए जोश, उमंग और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ करें।यह इसलिए भी आवश्यक है कि वर्ष 2025 न केवल हमारे व्यक्तिगत जीवन को संवारने का, चमकाने का एक अवसर है, बल्कि यह हमें अपने परिवार,समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का पुनर्निर्धारण करने का भी अवसर प्रदान करेगा। वर्तमान समय में, जब तकनीक, विज्ञान और समाज के सभी पहलू तेजी से बदल रहे हैं, हमें सहज, सरल और सृजनात्मक बने रहने की दिशा में काम करना होगा। सहज और सरल रहना, हमारे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और शांति बनाए रखता है। यह गुण न केवल हमारे भीतर संतुलन स्थापित करता है, बल्कि दूसरों के साथ हमारे संबंधों को भी सुदृढ़ करता है। 2025 में हमें उन आदतों और विचारों को अपनाने की जरूरत है, जो हमारे जीवन को सरल बनाएं, परेशानियों और चिंताओं से मुक्त रखें, अनावश्यक जटिलताओं से दूर रखें। सरलता का अर्थ केवल जीवनशैली में साधारण रहना मात्र नहीं है, बल्कि यह हमारी सोच और दृष्टिकोण को भी स्पष्ट और सकारात्मक बनाए रखने का मार्ग है। देश के मान, सम्मान, विकास, समृद्धि और सुरक्षा के प्रति समर्पण हर भारतीय नागरिक की जिम्मेदारी है और कर्तव्य भी है। यह समर्पण केवल शब्दों तक सीमित न रहकर कार्यों में परिलक्षित होना चाहिए। 2025 में, हर भारतीय को संकल्प लेना चाहिए कि वह अपने छोटे-बड़े कार्यों से देश के विकास में योगदान देगा। देश को विकसित और समृद्ध राष्ट्र बनने के लिए उस देश के समाज का उन्नत होना आवश्यक है और समाज की उन्नति में उसके प्रत्येक सदस्य का एक-दूसरे के प्रति तथा विभिन्न समाजों के मध्य सहयोगात्मक दृष्टिकोण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। 2025 में हमें इस सोच को गहराई से आत्मसात करना होगा कि अकेले बढ़ने की तुलना में साथ मिलकर बढ़ना अधिक प्रभावशाली है। हर व्यक्ति अपनी विशिष्टता और क्षमता के साथ समाज को कुछ दे सकता है। सहयोग के बिना किसी भी बड़ी सफलता की कल्पना करना कठिन है। सृजनात्मकता, नवाचार और विकास का आधार है वास्तव में यह वह शक्ति है, जो हमारे विचारों और कार्यों में नयापन लाती है। फिर चाहे वह क्षेत्र कला, विज्ञान, शिक्षा, उद्योग या फिर कोई अन्य क्षेत्र हो, सृजनात्मकता के बिना प्रगति असंभव है। अतः 2025 में, हमें अपनी रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए अपने मन-मस्तिष्क में नए-नए विचारों और दृष्टिकोणों को विश्वास के साथ जगह देने होगी, उनका स्वागत करना होगा और जमीन पर उतारने के लिए मेहनत और लगन से ईमानदार प्रयत्न करने की आवश्यकता है। यदि रचनात्मकता हमारे समाज और देश को एक नई दिशा में ले जाने में सहायक हो तो इस अच्छा और कुछ हो ही नहीं सकता।



डा.मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अलग बात

# यह वर्ष देगा भारत को विकास की असीम संभावनाएं

भारत के लिए नूतन वर्ष 2025 कई क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धियों का बड़ा तोहफा लेन वाला साल साबित हो सकता है। भारत डिजिटल अर्थव्यवस्था की तरफ लंबी छलांग लगा सकता है। सॉफ्टवेयर और आईटी सेवाएं देने में भी हम सारे संसार का नेतृत्व करने की स्थिति में पहुंच सकते हैं। इसी तरह भारत विश्व भर के पर्यटकों के लिए एक सुरक्षित और सस्ता आकर्षण का केंद्र भी बन सकता है जहाँ पर्यटकों की रुचि के तमाम केंद्र , हर तरह के खान- पान, स्थानीय कुटीर उद्योगों के उत्पाद और गाइड के रूप में अच्छे पढ़े लिखे बढ़िया अंग्रेजी जानने बोलने वाले विद्यमान है , जो एक साथ मुश्किल से ही किसी एक देश में मिल सकते हैं इनके अलावा भी बहुत सारे क्षेत्रों में हमारे लिए आगे बढ़ने का अनुपम अवसर बन रहे हैं। अब इस बात से सारी दुनिया वाकिफ हो चुकी है कि भारतीय अर्थव्यवस्था डिजिटल होती जा रही है। इस लिहाज से भारत सरकार बेहद गंभीर भी है। इसके तहत ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी, डिजिटल साक्षरता, और ई-गवर्नेंस को बढ़ावा दिया जा रहा है और आवश्यक संसाधन भी तेजी से विकसित किये जा रहे हैं । 2025 तक, भारत में इंटरनेट उपयोगकताओं की संख्या में भारी वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे ई-कॉमर्स, ऑनलाइन शिक्षा, और डिजिटल वित्तीय सेवाओं जैसे क्षेत्रों में तेजी आएगी। भारत में ई-कॉमर्स का बाजार भी तेजी से बढ़ रहा है। 2025 तक, इसके और भी अधिक परिपक्व होने की उम्मीद है, जिसमें ऑनलाइन खरीदारी, डिजिटल भुगतान और लॉजिस्टिक्स में भी पर्याप्त सुधार होगा। डिजिटल भुगतान को भी सरकारी स्तर पर पर्याप्त बढ़ावा दिया जा रहा है। 2025 तक, भारत में डिजिटल लेनदेन की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। भारत में 5जी तकनीक के प्रयोग में तेजी से विस्तार हो रहा है। 2025 तक, इसका व्यापक रूप से उपयोग होने लगेगा इसकी उम्मीद है, जो तेज रफ्तार से इंटरनेट की कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। डिजिटल परिवर्तन के साथ, साइबर सुरक्षा भी महत्वपूर्ण हो गई है। 2025 तक, भारत इस क्षेत्र में और अधिक मजबूत हो सकता है, जो डेटा सुरक्षा और साइबर अपराधों को रोकने में मदद करेगा। इसके साथ ही, भारत दुनिया के सबसे बड़े सॉफ्टवेयर विकास और निर्यात केंद्रों में एक बड़ा और मजबूत केंद्र बनकर खड़ा हो चुका है। 2025 तक, यह क्षेत्र और अधिक मजबूत होने की उम्मीद है, जो विदेशी मुद्रा कमाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत में क्लाउड कंप्यूटिंग का उपयोग बढ़ रहा है।



डॉ. आर.के. सिन्हा

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

प्रभु नित्य-नवीन हैं, और मृत्यु की नवीनीकरण रूपी अपनी असीम जादुई छड़ी से वे प्रत्येक सृजित वस्तु को, प्रत्येक जीवित प्राणी को सदा अभिव्यक्त करते हुए, सदा इसको नए आकार में ढालते हुए रखते हैं, ताकि वे उन्हें अपनी अपार अभिव्यक्तियों का अधिक उपयोगी साधन बना सकें।

# मृत्यु को समझना

तो हमें स्वार्थी बन कर उदास होने की अपेक्षा हर्षित होना चाहिए, क्योंकि हम अपनी स्वार्थी इच्छाओं को प्रसारित करके उनको मृत्यु लोक में बाँध कर उनके विकास में बाधा डाल सकते हैं। प्रभु नित्य-नवीन हैं, और मृत्यु की नवीनीकरण रूपी अपनी असीम जादुई छड़ी से वे प्रत्येक सृजित वस्तु को, प्रत्येक जीवित प्राणी को सदा अभिव्यक्त करते हुए, सदा इसको नए आकार में ढालते हुए रखते हैं, ताकि वे उन्हें अपनी अपार अभिव्यक्तियों का अधिक उपयोगी साधन बना सकें। कर्त्तव्यनिष्ठ व्यक्तियों को मृत्यु ऊँची अवस्था में पदोन्नति के रूप में आती है; यह असफल व्यक्तियों के लिए एक भिन्न परिवेश में एक अन्य अवसर प्रदान करने के लिए आती है। मृत्यु जीवन का चरम बिन्दु है। मृत्यु में जीवन विश्राम ढूँढता है। यह अत्यधिक सुख की पूर्व सूचना है, शरीर के समस्त सन्तापों से अत्युत्तम मुक्ति। मृत्यु स्वतः ही सभी शारीरिक पीड़ाओं को विदा कर देती है, जिस प्रकार निद्रा थके शरीर की थकावट और पीड़ाओं को मिटा देती है। मृत्यु भौतिक शरीर की जेल से मुक्ति है। अज्ञानी मनुष्य केवल मृत्यु की अलंघ्य दीवार को ही देखता है, जो उसके स्नेही मित्रों को सदा के लिए छिपाती हुई प्रतीत होती है। परन्तु एक अनासक्त व्यक्ति, जो दूसरों को ईश्वर की अभिव्यक्तियों के रूप में प्रेम करता, समझता है कि मृत्यु होने पर उसके प्रियजन थोड़ी देर केवल विश्राम का आनन्द लेने के लिए ईश्वर में वापस चले गए हैं।




श्री श्री परमहंस योगानंद

(क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

**युद्ध भूमि जो दीखती, होती नहीं जनाब।**
**उसे समझिये जिस वजह, होती बुद्धि खराब॥**

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com
कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

## आपकी बात

# संकल्प जो आपके नए साल को शानदार बनाएंगे

हर सुबह एक नया मौका लेकर आती है, और हर साल खुद को नया बनाने का अवसर देता है। नया साल सिर्फ एक तारीख का बदलाव नहीं है, बल्कि यह हमारे भीतर बदलाव लाने का अवसर है। यह हमारे लिए एक नई किताब का पहला पन्ना है, जहां हम अपनी आदतों और सोच को नया रूप दे सकते हैं। नए साल में हम अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ छोटे-छोटे संकल्प ले सकते हैं, जो आगे चलकर बड़ी उपलब्धियों का आधार बनेंगे।



कुमार संजय

### हमें क्या-क्या संकल्प लेना चाहिए?

**▸▸ सोशल मीडिया से दूरी**

सोशल मीडिया आज के समय में सबसे ज्यादा ध्यान भटकाने वाला माध्यम है। घंटों स्क्रीन के सामने बैठकर हम अपनी ऊर्जा और समय दोनों गंवा देते हैं। नए साल में हम यह तय करें कि केवल महत्वपूर्ण और उपयोगी जानकारी के लिए ही सोशल मीडिया का उपयोग करेंगे।

**▸▸ काम टालने की प्रवृत्ति को हटाना**

यह आदत सफलता की सबसे बड़ी दुश्मन है। लगभग सभी लोग इस आदत से ग्रसित हैं। नए साल में हम समय पर हर काम करने का प्रण लें। हम यह भी संकल्प करें कि अपने कामों को समय पर पूरा करेंगे और अपने लक्ष्यों की ओर मजबूती से बढ़ेंगे।

**▸▸ समय का सदुपयोग**

समय से अनमोल कुछ भी नहीं। हम शपथ लें कि अनावश्यक गतिविधियों में समय नहीं गंवाएंगे। हम हर दिन की योजना बनाकर काम करेंगे ताकि हमारे पास विकास और मनोरंजन दोनों के लिए समय बचे।

**▸▸ कुछ नया सीखना**

जीवन में नया सीखने की कोई उम्र नहीं होती। नए साल में हम किसी नई भाषा, हुनर या कला को सीखने का लक्ष्य रख सकते हैं। डांस, म्यूजिक, पेंटिंग, कुकिंग या अपनी मनपसंद कला को सीखने से न केवल हमारा आत्मविश्वास बढ़ेगा, बल्कि हमारे जीवन में एक नई ऊर्जा भी आएगी।

**▸▸ विपरीत परिस्थितियों में दिमाग शांत रखना**

चुनौतियाँ जीवन का हिस्सा हैं। हम विपरीत परिस्थितियों में निराश और बेचैन हो जाते हैं। सफल लोगों की सबसे बड़ी खूबी होती है कि वे विपरीत परिस्थितियों में भी आपा नहीं खोते। हम प्रण लें कि इस वर्ष हम अपने मन को शांत और संतुलित रखेंगे।

**▸▸ बहस करने से बचना**

बहस से कुछ हासिल नहीं होता। अक्सर इससे हमारे रिश्तों में कड़वाहट आ जाती है। हम प्रण लें कि हम बहस से दूर रहेंगे। संवाद और समझदारी से समस्याओं का हल निकालेंगे।

**▸▸ स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना**

हम अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखेंगे, क्योंकि यह हमारे जीवन का आधार है। हम प्रण लें कि हम सुबह उठेंगे और नियमित व्यायाम करेंगे। फास्ट फूड की जगह हेल्दी और संतुलित आहार लेंगे। हम अपने शरीर और मन को स्वस्थ बनाए रखने के लिए लगातार प्रयासरत रहेंगे।

**▸▸ साफ-सुथरा और व्यवस्थित रहना**

हम अपने कमरे और आसपास के वातावरण को साफ और व्यवस्थित रखेंगे। एक साफ और सुसज्जित कमरा न केवल हमारे मन को सुकून देता है, बल्कि हमारी कार्यक्षमता को भी बढ़ाता है।

**▸▸ दूसरों की मदद करना**

जीवन में दूसरों के लिए कुछ करना सबसे बड़ा पुण्य है। जरूरतमंदों की मदद करना न केवल हमारे भीतर आत्मसंतुष्टि लाता है, बल्कि यह हमें एक अच्छा इंसान भी बनाता है। जहां तक संभव हो, हम दूसरों की मदद करेंगे और उनसे अच्छी तरह पेश आएंगे।

**मूल संदेश**

नया साल नए अवसरों और नई उम्मीदों का प्रतीक है। यह हमारे लिए खुद को बेहतर बनाने का समय है। हम छोटे-छोटे कदम उठाकर अपने जीवन में बड़े बदलाव ला सकते हैं। हम खुद पर भरोसा रखें, अपने संकल्पों को मजबूत करें और इस साल को अपने जीवन का सबसे बेहतरीन अध्याय बनाएं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**




स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः **BIHHIN/1999/155**, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : **news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# पीएम के 'डिजिटल महाकुंभ' के विजन को सीएम कर रहे साकार

**एजेंसी। महाकुंभ नगर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'डिजिटल महाकुंभ' के विजन को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 'महाकुंभ 2025' में साकार कर रहे हैं। योगी सरकार उत्तर प्रदेश के नए 76वें जनपद 'महाकुंभ नगर' को रिकॉर्ड समय में सभी नागरिक सुविधाओं के साथ बसा रही है। 'महाकुंभ 2025' में पहली बार मेला को बसाने का काम डिजिटल तरीके से किया जा रहा है। 'महाकुंभ भूमि एवं सुविधा आवंटन' की साइट पर भूमि और सुविधाएं एक क्लिक में मिल रही हैं। प्रयागराज मेला प्राधिकरण मेले में जमीन आवंटन और मूलभूत सुविधाओं के काम में विभागों की जवाबदेही के साथ पूरी पारदर्शिता बरत रही है, जिससे ऑनलाइन आवेदन के साथ ही आवेदक अपनी जमीन और मेला में सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का स्टेटस ऑनलाइन कभी भी देख सकता है।

'कुंभ 2019' में 5,500 से अधिक संस्थाओं का सम्पूर्ण विवरण एवं उनके आवंटन का डिजिलाइजेशन किया गया है। इस बार पूरे मेला में 10 हजार से अधिक संस्थाओं का भूमि आवंटन किया जा रहा है, जिसमें सरकारी, आपातकालीन, सामजिक और धार्मिक संस्थाए शामिल हैं। सरकार की इस पारदर्शी व्यवस्था से साधु-संतों और संस्थाओं का काम बिना कतार में लगे आसानी से और जल्द हो रहा है। महाकुंभ सनातन के धार्मिक अनुष्ठानों का महायज्ञ है।



अमृत काल में लग रहे अमृत महोत्सव महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने के लिए 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के प्रयागराज आने का अनुमान है। वहीं, लाखों लोग महाकुंभ के दौरान कल्पवास करेंगे।

अपर मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि महाकुंभ मेला के लिए 25 सेक्टर में फैले 4,000 हेक्टेयर क्षेत्र का लेआउट जीआईएस आधारित नक्शे का उपयोग करके तैयार किया गया है। मानसून के पहले और बाद में ड्रोन सर्वेक्षण कर जमीन की टोपोग्राफी और भू-भाग का सटीक नक्शा तैयार किया गया है। सर्वेक्षणों के माध्यम से हाई-रिज़ॉल्यूशन के नक्शे, जीआईएस बेस लेयर और 0.5 सेमी की एक्यूरेसी के साथ जियो-रेफरेंस कोड फाइल तैयार की गई। प्रमुख सार्वजनिक उपयोगिताओं और अन्य आपातकालीन मुख्य स्थानों को श्रद्धालुओं के लिए गूगल मैप्स पर उपलब्ध कराया गया है। इसमें मुख्य रूप से आपातकालीन सेवाएं, थाने, चौकियां, कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, अस्पताल, पार्किंग क्षेत्र, फूड कोर्ट, वेंडिंग ज़ोन, शौचालय, पांटून ब्रिज, सड़क इत्यादि शामिल हैं। भूमि और सुविधा आवंटन के लिए कुंभ 2019 के डेटा का विश्लेषण किया गया और जमीन आवंटन के लिए तय नियमों के अनुसार कार्य किया गया। आवेदनों के विश्लेषण, प्राधिकरण द्वारा आवंटन और स्वीकृति के बाद, डिजिटाइज्ड सुविधा पर्चियां बनाई गईं। मेला प्राधिकरण द्वारा संस्था को दी गई सुविधा पर्ची को वेंडर ऑनलाइन देख सकते हैं और संस्था को दी गई सुविधा को उनके समन्वय के साथ फोटो के साथ अपडेट कर सकते हैं। डिजिटल और ऑनलाइन सुविधा की सबसे बड़ी पारदर्शिता यह है कि आवेदक जब चाहे अपने जमीन के आवंटन संबंधित जानकारी और सुविधा का अपडेट देख सकता है और कमियों पर अपनी आपत्ति जता सकता है। श्रद्धालुओं की सुविधा और उनके कामों को जल्दी निपटाने के लिए मेला प्रशासन की मदद के लिए बड़ी तादाद में 'कुंभ फेलो' तैनात किए गए हैं। महाकुंभ की तैयारियों की नींव लगभग ढाई साल पहले पड़ी थी। जिसको लेकर प्रसाशनिक अधिकारी लगातार जुटे रहे हैं। जिसकी जमीन अब पूरी तरह से तैयार हो गई है। महाकुंभ में श्रद्धालुओं की श्रद्धा को देखते हुए सरकार महाकुंभ को 'दिव्य, भव्य और सुरक्षित' बना रही है। महाकुंभ 2013 की तुलना में महाकुंभ 2025 में क्षेत्रफल दोगुना हो गया है। सेक्टर की संख्या 18 से 25 और जोन की संख्या 7 से बढ़कर कर 10 हो गई है।

# बिहार में जमीन सर्वे की मियाद एक साल बढ़ी, अब 2026 में खत्म होगा भूमि सर्वेक्षण

**एजेंसी। पटना**

बिहार में भूमि सर्वेक्षण यानी जमीन सर्वे की मियाद एक साल और बढ़ा दी गई है। राज्य में अब जमीन सर्वे की प्रक्रिया जुलाई 2026 तक खत्म करने का लक्ष्य रखा गया है। पहले यह सीमा जुलाई 2025 तय की गई थी। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से सोमवार को इस संबंध में जानकारी दी गई। बता दें कि अक्टूबर-नवंबर 2025 में बिहार विधानसभा का चुनाव होने वाला है। अब चुनाव के बाद ही जमीन सर्वे का काम पूरा हो पाएगा। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने सोमवार को कहा कि राज्य में जमीन का सर्वे का काम जुलाई 2026 तक पूर्ण होगा। पहले यह समय सीमा जुलाई 2025 तक थी। पटना स्थित सूचना भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने ये बातें कहीं। सिंह ने कहा कि जो व्यक्ति जहां हैं, वहीं से जमीन सर्वे के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, इसके लिए कार्यालय आने की जरूरत नहीं है।

बता दें कि 20 अगस्त 2024 को बिहार के 45000 राजस्व गांवों में जमीन सर्वे की प्रक्रिया को शुरू किया गया था। इसके बाद कई जगहों पर रैयतों (जमीन मालिकों) को जमीन के कागजात निकालने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अंचल कार्यालयों में लंबी कतारें लग गईं। गांवों में जमीन सर्वे का विरोध भी होने लगा। इसका बाद राज्य सरकार ने सर्वे के नियमों में संशोधन किया और कागजात जमा करने की तारीख को भी आगे बढ़ाया। पिछले कुछ दिनों से राज्य में भूमि सर्वेक्षण का काम धीमा हो गया है।

# बीपीएससी परीक्षा रद्द करने को लेकर छात्र संगठनों का चक्का जाम

**एजेंसी। पटना**

बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर अभ्यर्थी पिछले कई दिनों से विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच, रविवार को प्रदर्शन के दौरान पुलिस और अभ्यर्थियों के बीच झड़प हुई, जिसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। इसके बाद सोमवार को कई छात्र संगठनों ने चक्का जाम की घोषणा की है। इस घोषणा के बाद सोमवार को छात्र संगठन के लोग सड़कों पर उतरे, जिससे यातायात पर प्रतिकूल असर देखा जा रहा है।

अरवल में चक्का जाम समर्थक सोमवार की सुबह सड़क पर उतर गए और सड़क जाम कर दिया। पटना में लाठी चार्ज के खिलाफ लोगों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया और जाम लगा दिया। इस बंद में अभ्यर्थियों के अभिभावक भी सड़क पर उतरे। प्रदर्शनकारियों ने जिला मुख्यालय स्थित भगत सिंह चौक पर पहुंचकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और यातायात को पूरी तरह बाधित कर दिया, जिससे पटना औरंगाबाद एनएच 139 और अरवल -जहानाबाद एनएच 110 पर यातायात ठप हो गया। बंद समर्थकों ने प्रश्नपत्र लीक होने की जांच की मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने का कहना है कि संयुक्त छात्र मोर्चा ने चक्का जाम की घोषणा की है और हम आम लोग भी सड़क पर उतरे हैं। इधर, दरभंगा के लहेरियासराय स्टेशन पर आइसा के कार्यकर्ता पहुंचे और सप्तक्रांति एक्सप्रेस को रोके रखा। प्रदर्शनकारी इंजन पर चढ़ गए। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे युवा राजद के महानगर राकेश नायक ने कहा कि हम लोग आज बिहार के नौजवान के आवाज और आंदोलन को बुलंद करने के लिए सड़क पर उतरे हैं। बिहार के मुखिया नीतीश कुमार उनके आवाजों का दमन कर रहे हैं। यहां के नौजवान गरीब और किसान परिवार से आते हैं। यहां के शिक्षा माफियाओं के द्वारा परीक्षा में गड़बड़ी कर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हैं। उल्लेखनीय है कि रविवार को जब अभ्यर्थी अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे, तब पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की।




## बीपीएससी अभ्यर्थियों को गुमराह कर रहा विपक्ष : उमेश

**पटना।** जनता दल (यूनाइटेड) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने सोमवार को बयान जारी कर विपक्ष पर बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के अभ्यर्थियों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। कुशवाहा ने कहा है कि सत्ता की लोलुपता में विपक्षी पार्टियां बेशर्मी की हदें लांघ चुकी हैं। यह बेहद अफसोस और दुर्भाग्य का विषय है कि जिन युवाओं के कंधों पर भारत का भावी भविष्य टिका हुआ है, उन्ही कंधों का इस्तेमाल कर राजद और जनसुराज जैसी राजनीतिक पार्टियां सत्ता की सीढ़ी चढ़ना चाहती है। उन्हें छात्रों और युवाओं से दूर-दूर तक कोई सहानुभूति नहीं है। कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार छात्र आंदोलन की उपज हैं। इसलिए राजनीति की शुरुआत से ही छात्र हित उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। दूसरी ओर, विपक्ष केवल राजनीतिक हित साधने के लिए अभ्यर्थियों के बीच में लगातार झूठ और भ्रम फैला रहा है। विपक्षी पार्टियां बीपीएससी अभ्यर्थियों आंदोलन में राजनीतिक अवसर तलाश रही हैं लेकिन प्रदेश का छात्र और युवा वर्ग विपक्ष की झूठी राजनीति का शिकार कभी नहीं बनेगा। राजनीतिक स्वार्थ के लिए अभ्यर्थियों को बरगलाने वाली नकारात्मक ताकतों को बिहार की जनता आगामी विधानसभा चुनाव में मुंहतोड़ जवाब देगी। कुशवाहा ने कहा कि बीपीएससी अभ्यर्थियों की मांगों को लेकर नीतीश सरकार पूरी तरह संवेदनशील है और गंभीरता से सभी मामलों को देख रही है।

## सपा का प्रतिनिधिमंडल करेगा मृतकों के परिजनों से मुलाकात

**संभल।** समाजवादी पार्टी का 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार को संभल में जाकर हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों से मुलाकात करेगा और उन्हें 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करेगा। इस प्रतिनिधिमंडल में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय के साथ संभल सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क समेत पांच सांसद और 4 विधायक डेलिगेशन में शामिल रहेंगे। इस बारे में पार्टी के जिला अध्यक्ष जिला असगर ने विस्तृत जानकारी दी। जिला अध्यक्ष अली असगर ने बताया कि हमारा प्रतिनिधिमंडल पहले भी यहां आने वाला था।

# केजरीवाल ने शुरू की 'पुजारी ग्रंथि सम्मान योजना'

● पुजारियों को मिलेंगे हर महीने 18 हजार रुपये

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले एक और बड़ी घोषणा की है। उन्होंने इस घोषणा में दिल्ली के पुजारियों, गुरुद्वारे में ग्रंथियां की देखभाल करने वालों के लिए हर महीने 18000 रुपये उनके सम्मान में देने की घोषणा की है। पुजारी ग्रंथि सम्मान योजना शुरू करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मेरी की गई हर घोषणा को रोकने की बीजेपी ने कोशिश की है। अगर इसे भी रोकने की कोशिश करेंगे, तो उन्हें बहुत पाप मिलेगा।



उन्होंने कहा कि वह 31 दिसंबर को कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर जाकर वहां के पुजारियों का रजिस्ट्रेशन शुरू करेंगे। अरविंद केजरीवाल ने इस योजना की घोषणा करते हुए कहा कि यह योजना उन लोगों के लिए है, जिनका समाज में सबसे बड़ा योगदान रहता है, लेकिन आज तक समाज में उनकी तरफ ध्यान नहीं दिया। किसी भी पार्टी और किसी सरकार ने भी उनकी तरफ ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि चाहे खुशी का मौका हो या गम का। चाहे घर में शादी हो, बच्चे का जन्मदिन हो या फिर किसी की मौत हो जाए, पुजारी हमारे साथ हमेशा खड़ा होता है। उन्होंने कहा कि पुजारी ने हमारे परंपराओं को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाया है। लेकिन इसने कभी अपने परिवार की तरफ ध्यान नहीं दिया और हम लोगों ने भी उनकी तरफ ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि हम मंदिरों में पूजा पाठ करने जाते हैं, लेकिन हमने कभी उनकी तरफ ध्यान नहीं दिया।

# गाजियाबाद : साइबर फ्रॉड के 3 आरोपी गिरफ्तार, 4.5 करोड़ की ठगी का खुलासा

**एजेंसी। गाजियाबाद**

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद की साइबर क्राइम टीम ने साइबर ठगी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से मोबाइल, एक चेक बुक, एक पासबुक, दो एटीएम कार्ड बरामद हुए हैं। इनके पकड़े जाने से लगभग 4.5 करोड रुपए के साइबर अपराध की अलग-अलग घटनाओं का खुलासा भी हुआ है। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी अमित राय ने बताया कि उसका एक गैंग है, जिसमें उत्तम दास, विवेक कुमार, अनुज कुमार, मुकेश चौहान उर्फ प्रधान, अतुल यादव और राहुल गैंग



सदस्य हैं। इस गैंग के सदस्य बैंक के ड्रॉप बॉक्स से लोगों के चेक धोखाधड़ी से प्राप्त कर लेते थे। उन चेक में बेनिफिशियरी के नाम को केमिकल से हटाकर उसकी जगह अन्य डिटेल्स भरकर कैश कराया जाता था। डीसीपी क्राइम सच्चिदानंद राय ने बताया कि आरोपी बैंकों में जाकर ड्रॉप बॉक्स में गलत चेक डाले जाने की बात कहकर बैंक कर्मी से बॉक्स खुलवाते थे। इसके बाद शातिर चेक प्राप्त कर लिया करते थे और उनमें डिटेल्स बदलकर रुपए निकाल लेते थे। अमित राय और उत्तम दास बदले हुए चेक को जिस बैंक खाते में जमा करते थे, उससे रुपए निकाले जाते थे। देश के विभिन्न शहरों के बैंक के चेक ड्रॉप बॉक्स से चेक को प्राप्त करते थे और नाम बदलने का काम करते थे। इस गैंग ने कई बैंक खाते खुलवाए थे, जिनका इस्तेमाल विभिन्न साइबर ठगी में किया जाता था। डीसीपी के मुताबिक इनके पकड़े जाने से अब तक अलग-अलग शहरों में हुए 4.5 करोड़ रुपए के साइबर फ्रॉड का पता चला है।

## छात्रों को आगे कर अपनी राजनीति चमका रहे प्रशांत किशोर : नीरज कुमार

**पटना।** बिहार में में बीपीएससी री-एग्जाम को लेकर प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों के साथ जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर और उनकी भूमिका पर जनता दल (यूनाइटेड) के प्रवक्ता नीरज कुमार ने सोमवार को निशाना साधा। उन्होंने कहा, प्रशांत किशोर छात्रों को आगे कर अपनी राजनीति चमका रहे हैं। नीरज कुमार ने आईएएनएस से कहा, "बीपीएससी अभ्यर्थियों को भड़का कर प्रशांत किशोर राजनीतिक गुनाह कर रहे हैं। वो राजनीति में अभी किशोर हैं, अभ्यर्थियों को छोड़कर फरार हो गए। वो डरपोक और कायर हैं, छात्रों को अनर्गल तरीके से भड़का कर खुद घर में कैद हो गए।



# पीएम मोदी ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर के निधन पर जताया शोक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर के निधन पर शोक व्यक्त किया। कार्टर का रविवार को निधन हो गया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर के निधन से बहुत दुखी हूं। वह एक महान दूरदर्शी राजनेता थे, उन्होंने वैश्विक शांति और सद्भाव के लिए अथक काम किया।"

पीएम मोदी ने लिखा, भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत बनाने में उनका योगदान एक स्थायी विरासत छोड़ गया है। उनके परिवार, दोस्तों और अमेरिका के लोगों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। कार्टर का रविवार को 100 वर्ष की आयु में प्लेन्स, जॉर्जिया स्थित अपने घर में निधन हो गया। वह अमेरिकी इतिहास में सबसे ज्यादा समय तक जीवित रहने वाले पूर्व राष्ट्रपति थे। अक्टूबर में ही उन्होंने अपना 100वां जन्मदिन मनाया था।





1977 से 1981 अमेरिका के 39वें राष्ट्रपति रहे जिम्मी कार्टर के नाम इजरायल और मिस्त्र के बीच कैंप डेविड समझौते जैसी उपलब्धियां हैं लेकिन घरेलू स्तर पर मंदी अर्थव्यवस्था, ईरान में बंधक संकट और अफगानिस्तान पर सोवियत संघ का हमला, ऐसे मुद्दे थे जिनकी वजह से उन्हें संघर्ष करना पड़ा।

कार्टर व्हाइट हाउस में केवल एक ही कार्यकाल पूरा कर पाए। 1980 के यूएस प्रेसिडेंट इलेक्शन में उन्हें रिपब्लिकन रोनाल्ड रेगन से करारी हार का सामना करना पड़ा।

हालांकि कार्टर ने राष्ट्रपति पद के बाद एक असाधारण जीवन जिया और 2002 में शांति के लिए नोबेल पुरस्कार जीता। पुरस्कार प्रशस्ति पत्र में कहा गया, "अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान खोजने, लोकतंत्र और मानवाधिकारों को आगे बढ़ाने, आर्थिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देने के लिए उनके दशकों के अथक प्रयास के लिए।कार्टर 1959 में ड्वाइट आइजनहावर और 1969 में रिचर्ड निक्सन के बाद भारत आने वाले तीसरे अमेरिकी राष्ट्रपति थे। 1978 में इस यात्रा में उनके साथ प्रथम महिला रोजलिन कार्टर भी थीं, जिनकी बाद में नवंबर 2023 में 96 वर्ष की आयु में मृत्यु हो गई।

## इथियोपिया सड़क दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई 71

**अदीस अबाबा।** इथियोपिया के सिदामा क्षेत्र में यात्रियों से भरा एक ट्रक नदी में गिर गया। इस हादसे में 71 लोगों की मौत हो गई। क्षेत्रीय पुलिस आयोग ने यह जानकारी दी। दुर्घटना रविवार को उस समय हुई, जब ट्रक बोना से बेन्सा जा रहा था। इस हादसे में तीन महिलाओं समेत 71 लोगों की मौत हो गई। घायलों का इलाज नजदीकी अस्पतालों में किया जा रहा है। इथियोपिया में प्रति व्यक्ति कारों की संख्या कम होने के बावजूद, खराब सड़कों, लापरवाह ड्राइविंग, गलत तरीके से ड्राइविंग लाइसेंस देने की प्रणाली और सुरक्षा नियमों का सही से पालन न होने के कारण घातक सड़क दुर्घटनाएं अक्सर होती हैं। इससे पहले 26 सितंबर को दक्षिणी इथियोपिया में एक सड़क दुर्घटना में 28 लोग मारे गए और 19 लोग घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि सितंबर का हादसा तब हुआ, जब वोलैटा सोडो से डावरो जोन जा रही एक बस पलट गई।

# तालिबान ने अब खिड़कियों पर लगाया प्रतिबंध

**एजेंसी। काबुल**

तालिबान के सर्वोच्च नेता ने एक आदेश जारी कर आवासीय भवनों में उन खिड़कियों के निर्माण पर रोक लगा दी है, जिनसे ऐसी जगहों को देखा जा सके जहां अफगान महिलाएं आमतौर पर काम करती हैं या इकट्ठा होती हैं, जैसे आंगन, रसोई और कुएं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तालिबान सरकार के प्रवक्ता की ओर से शनिवार देर रात जारी एक बयान के अनुसार, नई इमारतों में ऐसी खिड़कियां नहीं होनी चाहिए, जिनसे 'आंगन, रसोई, पड़ोसी का कुआं या आमतौर पर महिलाओं द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली अन्य जगहों' को देखा जा सके।सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद की ओर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किए गए फरमान के अनुसार, ह्लरसोई, आंगन में काम करने वाली महिलाओं या कुओं से पानी भरती महिलाओं को देखना 'अश्लील कृत्य' को जन्म दे सकता है। नगर निगम के अधिकारियों और अन्य



संबंधित विभागों को निर्माण स्थलों की निगरानी करने का निर्देश दिया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी ऐसी खिड़की न बन सके जिससे पड़ोसी का घर दिखता हो। ऐसे मामलों में जहां ऐसी खिड़कियां पहले से मौजूद हैं वहां प्रॉपर्टी मालिकों को पड़ोसियों को परेशानी से बचाने के लिए दीवारें बनाने या खिड़की को ब्लॉक करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता में के बाद से देश में महिलाओं को सार्वजनिक स्थानों से धीरे-धीरे हटा दिया गया है। तालिबान अधिकारियों ने लड़कियों के लिए प्राथमिक शिक्षा के बाद की शिक्षा पर प्रतिबंध लगा दिया है, रोजगार को प्रतिबंधित कर दिया है, पार्कों और अन्य सार्वजनिक स्थानों तक उनकी पहुंच को ब्लॉक कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हाल ही में एक कानून के तहत महिलाओं को सार्वजनिक रूप से गाने या कविता पाठ करने से भी रोक दिया गया है। यह कानून उन्हें घर के बाहर अपनी आवाज और शरीर को 'ढकने' के लिए कहता है। कुछ स्थानीय रेडियो और टेलीविजन स्टेशनों ने भी महिलाओं आवाज का प्रसारण बंद कर दिया है। तालिबान प्रशासन का दावा है कि इस्लामी कानून अफगान पुरुषों और महिलाओं के अधिकारों की 'गारंटी' देता है।

# ब्रिटेन में लापता भारतीय छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**एजेंसी। लंदन**

इस महीने की शुरूआत से लापता 22 वर्षीय भारतीय छात्रा का शव स्कॉटलैंड की एक नदी में मिला है। उसके परिवार को सूचित कर दिया गया है, और औपचारिक पहचान की प्रतीक्षा की जा रही है। केरल की संत्रा साजू स्कॉटलैंड की राजधानी एडिनबर्ग में हेरियट-वाट यूनिवर्सिटी में पढ़ती थीं। ह्यपुलिस स्कॉटलैंड' ने सप्ताहांत में एक बयान में कहा कि उन्हें एडिनबर्ग के निकट न्यूब्रिज नामक गांव के पास नदी में एक शव के बारे में पता चला। ह्यस्कॉटलैंड पुलिस' ने कहा, शुक्रवार 27 दिसंबर, 2024 को पूर्वाह्न 11 बजकर 55 मिनट पर पुलिस को न्यूब्रिज के पास नदी में



● स्कॉटलैंड की नदी में मिला शव

एक शव का पता चला।

पुलिस ने बताया, अभी शव की औपचारिक पहचान होनी बाकी है, हालांकि संत्रा साजू (22) के परिवार को सूचित कर दिया गया है। साजू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इनकार किया गया है।'' बयान में कहा गया है कि स्कॉटलैंड की अभियोजन सेवा ह्यप्रोक्यूरेटर फिस्कल' (स्कॉटलैंड में सरकारी वकील) और मृत्यु अन्वेषण संस्था को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

सीसीटीवी फुटेज से मिली जानकारी के अनुसार, साजू को आखिरी बार छह दिसंबर की शाम को लिविंगस्टन के अल्मोंडवेल में असदा सुपरमार्केट स्टोर में देखा गया था। साजू के लापता होने की सूचना मिलने पर पुलिस ने तुरंत गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की और लोगों से साजू के बारे में कोई भी जानकारी होने पर पुलिस को सूचित करने की अपील की। साजू के मित्रों और परिवार ने कहा था कि उसका गायब होना उसके स्वभाव के विपरीत है और वे उसकी सुरक्षा को लेकर बहुत चिंतित हैं।

## चीन का समग्र टैरिफ स्तर 2025 में नहीं बदलेगा

**बीजिंग।** चीनी राज्य परिषद के टैरिफ आयोग ने 28 दिसंबर को "2025 टैरिफ समायोजन योजना" जारी करने के लिए एक घोषणा की। आगामी 1 जनवरी 2025 से कुछ वस्तुओं की आयात शुल्क दरों और कर वस्तुओं को समायोजित किया जाएगा। घोषणा के अनुसार, 2025 में 935 वस्तुओं के लिए तरजीही देशों की कर दर से कम अस्थायी आयात कर दरें लागू की जाएंगी। तकनीकी नवाचार के नेतृत्व में नई उत्पादक शक्तियों के विकास का समर्थन करने के लिए विशेष प्रयोजन वाहनों जैसे फायर ट्रक और आपातकालीन मरम्मत वाहनों के लिए स्वचालित ट्रांसमिशन पर आयात शुल्क कम किया जाएगा। लोगों की आजीविका की रक्षा और सुधार के लिए, सोडियम जिरकोनियम साइक्लोसिलिकेट, सीएआर-टी ट्यूमर थेरेपी के लिए वायरल वैक्टर और सर्जिकल प्रत्यारोपण के लिए निकल-टाइटेनियम मिश्र धातु के तार आदि पर आयात शुल्क कम किया जाएगा।

# उत्तराखंड में जनवरी 2025 से लागू होगा यूसीसी : सीएम धामी

**एजेंसी। देहरादून**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य में जनवरी 2025 से 'समान नागरिक संहिता' (यूसीसी) लागू हो जाएगी।

पुष्कर सिंह धामी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यूसीसी जनवरी में प्रदेश में लागू होगी। इसके लिए प्रशिक्षण, ऐप और अन्य संबंधित कार्य चल रहे हैं। जो भी इससे जुड़े हुए विभाग हैं, वो अपना काम कर रहे हैं। सरलीकरण, समाधान और निस्तारण पर प्रदेश सरकार का मंत्र रहा है और यूसीसी भी इस मंत्र के साथ आगे बढ़ेगा।

मार्च 2022 में प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद मंत्रिमंडल की पहली बैठक में ही प्रदेश में 'समान



● 12 मार्च, 2024 को नोटिफिकेशन जारी किया गया

नागरिक संहिता' लागू करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्णय लिया गया था। इस क्रम में सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया। समिति की रिपोर्ट के आधार पर 7 फरवरी, 2024 को राज्य विधानसभा से 'समान नागरिक संहिता विधेयक - 2024' पारित किया गया।

इस विधेयक पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सहमति मिलने के बाद 12 मार्च, 2024 को नोटिफिकेशन जारी किया गया। इसी क्रम में अब 'समान नागरिक संहिता, उत्तराखंड- 2024 अधिनियम' की नियमावली भी तैयार कर ली गई है। इस तरह उत्तराखंड अब जनवरी से 'समान नागरिक संहिता' लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस प्रकार उत्तराखंड आजादी के बाद 'समान नागरिक संहिता' लागू करने वाला पहला प्रदेश बन जाएगा।

## नौसेना 2 फरवरी को दिल्ली में हाफ मैराथन की मेजबानी करेगी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि भारतीय नौसेना हाफ मैराथन (आईएनएचएम) का उद्घाटन संस्करण 2 फरवरी, 2025 को दिल्ली में होने वाला है।

इस आयोजन का उद्देश्य सभी क्षेत्रों के प्रतिभागियों के बीच स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देना है। इस आयोजन में देश भर से प्रतिभागी भाग लेंगे। ये प्रतिभागी तीन श्रेणियों में भाग लेंगेः 21.1 किमी हाफ मैराथन, 10 किमी दौड़ और 5 किमी दौड़। इस तरह यह आयोजन सभी आयु वर्ग और पृष्ठभूमि के धावकों के लिए एक समावेशी आयोजन बन जाएगा। सभी प्रतिभागियों को अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करने के लिए तैयारियां चल रही हैं। यह आयोजन प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

# भारत के बल्लेबाजी पतन ने ऑस्ट्रेलिया को 184 रन से जीत दिलाई और सीरीज में 2-1 से आगे

**मेलबर्न (आईएएनएस)।** बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजी का एक बार फिर पतन हो गया। यशस्वी जायसवाल को छोड़कर अन्य कोई बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के सामने टिकने का दम नहीं दिखा पाया और पूरी टीम पांचवें दिन सोमवार को मात्र 155 रन पर ढेर हो गयी। भारत को 184 रन से शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा और वह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में 1-2 से पिछड़ गया। जब चाय के समय भारत का स्कोर 112/3 था, तब यशस्वी जायसवाल ने संयमित अर्धशतक जमाया और ऋषभ पंत ने उल्लेखनीय संयम दिखाया। 340 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, ड्रा निश्चित लग रहा था, खासकर दूसरे सत्र में विकेट नहीं मिलने के बाद। लेकिन भारत ने अंतिम सत्र में अपने आखिरी सात विकेट 34 रन पर गंवा दिए और उसे सोमवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर बॉक्सिंग डे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के हाथों 184 रन से हार का सामना करना पड़ा। रिकॉर्ड 74,362 प्रशंसकों के सामने, ऑस्ट्रेलिया ने पहले सत्र में भारत को 33/3 पर समेटने के बाद जीत की ओर कदम बढ़ाए। लेकिन रोमांचक टेस्ट मैच के अंतिम सत्र में पंत ट्रेविस हेड की गेंद पर आउट हो गए और इससे ऑस्ट्रेलिया के लिए बढ़त बनाने का रास्ता खुल गया, क्योंकि भारत 121/3 से 155 पर ऑल आउट हो गया। कप्तान पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने ऑस्ट्रेलिया की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन-तीन विकेट चटकाए, जिसके बाद अब वे पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना चुके हैं। अगले हफ्ते सिडनी में होने वाले टेस्ट मैच से पहले।



ऑस्ट्रेलिया ने पहले सत्र में भारत को 33/3 पर समेटने के बाद जीत की ओर कदम बढ़ाए।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में सोमवार को मिली 184 रन की शर्मनाक हार के बाद इसे निराशाजनक बताया। रोहित ने मैच के बाद कहा, यह बहुत निराशाजनक है। ऐसा नहीं है कि हम हार मानने के इरादे से ही मैदान में उतरे थे। हम अंत तक लड़ना चाहते थे और दुर्भाग्य से हम ऐसा नहीं कर पाए। सिर्फ. पिछले दो सत्रों का आकलन करना मुश्किल होगा। अगर आप पूरे टेस्ट मैच को देखें, तो हमारे पास मौके थे, लेकिन हम उनका फायदा नहीं उठा पाए जैसे ऑस्ट्रेलिया के 6 विकेट 90 रन पर गिर गए थे।" भारतीय कप्तान ने कहा, " हम जानते हैं कि हमारे लिए अब हालात मुश्किल हैं, लेकिन हम मुश्किल परिस्थितियों में मुश्किल क्रिकेट खेलना चाहते हैं। मैं सिर्फ. एक परिस्थिति पर गौर नहीं करना चाहता। हम इस मैच में बेहतर नहीं थे। उन्होंने हमें कड़ी टक्कर दी, खासकर दूसरी पारी में उनकी आखिरी विकेट की साझेदारी, जिसकी वजह से शायद हम यह मैच हार गए।





82 रन
118 बॉल

## मेलबर्न में हार के बाद भारत तीसरे स्थान पर, ऑस्ट्रेलिया डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग में दूसरे स्थान पर

**मेलबर्न(आईएएनएस)।** मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में बॉक्सिंग डे टेस्ट में 184 रन से हार झेलने के बाद भारत तीसरे स्थान पर बना हुआ है, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप स्टैंडिंग में अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा है।

हालांकि, चौथे टेस्ट में हार के बाद भारत का अंक प्रतिशत (पीसीटी) 55.88 से गिरकर 52.78 हो गया है, जबकि ऑस्ट्रेलिया का पीसीटी 58.89 से बढ़कर 61.46 हो गया है, क्योंकि वे सोमवार को रोमांचक जीत के बाद लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने के करीब हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम दक्षिण अफ्रीका के साथ फाइनल में पहुंच सकती है, जिसने रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ दो टेस्ट में से पहला टेस्ट दो विकेट से जीतकर अपनी योग्यता सुनिश्चित की है। इस चक्र में अपने शेष तीन टेस्ट में से किसी एक में जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया फाइनल में पहुंच सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया अगले साल अतिरिक्त दो टेस्ट के लिए श्रीलंका का दौरा करेगा, जिसका अर्थ है कि यदि वे सैद्धांतिक रूप से भारत के साथ श्रृंखला 2-2 से ड्रा कर लेते हैं, तो वे फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बने रह सकते हैं। भारत, हालांकि, अभी भी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर सकता है, लेकिन बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला को बराबर करने के लिए उसे सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला का अंतिम टेस्ट जीतना होगा और फिर अगले महीने शुरू श्रीलंका में होने वाली अपनी श्रृंखला के दौरान ऑस्ट्रेलियाई टीम द्वारा टेस्ट न जीतने पर निर्भर रहना होगा। बॉक्सिंग डे टेस्ट एक अद्भुत चरमोत्कर्ष पर पहुंच गया क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम दिन के अंतिम घंटे में भारत पर 184 रनों की रोमांचक जीत दर्ज की। दिन में 14 ओवर से भी कम समय शेष रहने पर आखिरी भारतीय विकेट गिरा, जब नाथन लियोन ने मोहम्मद सिराज को आउट किया और एमसीजी के 74,000 से अधिक दर्शकों को खुशी से झूमने पर मजबूर कर दिया, क्योंकि दोनों कट्टर प्रतिद्वंद्वियों के बीच एक जबरदस्त टेस्ट समाप्त हो गया। एमसीजी में इस जीत के साथ, ऑस्ट्रेलिया अब पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में भारत पर 2-1 की बढ़त बना चुका है और 3 जनवरी से सिडनी में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट में हार से बचकर ट्रॉफी वापस जीत सकता है।

## जायसवाल को आउट दिए जाने के बाद गावस्कर

**मेलबर्न(आईएएनएस)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में यशस्वी जायसवाल को पैट कमिंस की गेंद पर तीसरे अंपायर ने आउट का फैसला दिया। इस फैसले के बाद काफी बवाल मचा हुआ है। पूर्व भारतीय क्रिकेट सुनील गावस्कर और रवि शास्त्री ने कॉमेंट्री के दौरान इस मामले पर आपत्ति जताते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी है। एक तरफ गावस्कर ने इस फैसले को पूरी तरह से गलत बताया, वहीं दूसरे तरफ रवि शास्त्री ने स्निको को ऑस्ट्रेलिया का छठा गेंदबाज बोल दिया। भारत की दूसरी पारी के 71वें ओवर में जायसवाल ने कमिंस की शॉर्ट पिच गेंद को पुल करने का प्रयास किया था लेकिन गेंद उनके बल्ले के काफी करीब से निकली और कीपर ने पीछे कैच किया। ऑस्ट्रेलिया ने अपील की लेकिन फील्ड अंपायर जोएल विल्सन ने नकार दिया। कमिंस ने इस फैसले के खिलाफ रिव्यू लिया और फैसला तीसरे अंपायर बांग्लादेश के शर्फुद्दौला के पास चला गया। तीसरे अंपायर ने जब स्निको पर इस कैच को चेक किया तो कोई भी डिफलेक्शन नहीं दिख रहा था। लेकिन नॉर्मल वीडियो में दिख रहा था कि गेंद यशस्वी के ग्लब्स के करीब से डिफलेक्ट हो रही थी। तीसरे अंपायर ने नॉर्मल वीडियो के डिफलेक्शन पर भरोसा किया और स्निको को नकारते हुए आउट का फैसला दिया।

## मेलबर्न में भारत पर जीत मेरे खेले गए सर्वश्रेष्ठ मैचों में से एक है: कमिंस

**मेलबर्न(आईएएनएस)।** ऑस्ट्रेलिया द्वारा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 2-1 की बढ़त लेने के बाद, कप्तान पैट कमिंस का मानना है कि मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत पर 184 रनों की जीत उनके द्वारा खेले गए सर्वश्रेष्ठ मैचों में से एक है। कमिंस को मैच में उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए जॉनी मुलाघ मेडल से सम्मानित किया गया, जिसका नाम 1868 में इंग्लैंड के आदिवासी दौरे पर आए स्टार खिलाड़ी के नाम पर रखा गया। कमिंस ने बल्ले से 49 और 41 रनों की महत्वपूर्ण पारियां खेलीं, जबकि गेंद से 3-89 और 3-28 के आंकड़े हासिल करके ऑस्ट्रेलिया को यादगार जीत दिलाई। उन्होंने मैच के बाद की प्रस्तुति समारोह में कहा, यह एक बेहतरीन टेस्ट मैच था, मुझे लगता है कि यह उन सबसे बेहतरीन मैचों में से एक है जिसका मैं हिस्सा रहा हूं।

### भारत दूसरी पारी

| बल्लेबाजी | रन | बॉल | 4रन | 6रन | स्कोर |
|---|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल | 84 | 208 | 08 | 00 | 40.49 |
| रोहित शर्मा | 09 | 40 | 00 | 00 | 22.00 |
| के एल राहुल | 00 | 05 | 00 | 00 | 00.14 |
| विराट कोहली | 05 | 29 | 00 | 00 | 17.24 |
| आकाश दीप | 07 | 17 | 01 | 00 | 00.00 |
| ऋषभ पंत | 30 | 104 | 02 | 00 | 16.66 |
| नीतीश कुमार रेड्डी | 01 | 05 | 00 | 00 | 20.00 |
| वॉशिंगटन सुंदर | 05 | 45 | 00 | 00 | 11.11 |
| जसप्रीत बुमराह | 00 | 08 | 00 | 00 | 0.00 |
| मोहम्मद सिराज | 00 | 02 | 00 | 00 | 0.00 |

**चौथे टेस्ट में हार के बाद भारत का अंक प्रतिशत (पीसीटी) 55.88 से गिरकर 52.78 हो गया है**

## डिफेंडर्स के दम पर हरियाणा स्टीलर्स पहली बार बने पीकेएल चैंपियन

**पुणे(आईएएनएस)।** अपने डिफेंडर्स के शानदार प्रदर्शन की बदौलत हरियाणा स्टीलर्स ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में रविवार रात को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के फाइनल मुकाबले में तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स को 32-23 के अंतर से हराते हुए पहली बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। हरियाणा ने बीते साल भी फाइनल खेला था लेकिन वह पुनेरी पल्टन से हार गई थी। इसे हरियाणा के डिफेंडर्स बनाम पटना के रेडर्स का मुकाबला कहा जा रहा था और हरियाणा के डिफेंडर्स ने 11 के मुकाबले 16 अंकों के साथ लट्ठ गाड़ते हुए अपना वर्चस्व साबित किया और इस दौरान उन्होंने पटना के दोनों स्टार रेडर्स- देवांक (5) और अयान (3) को पूरी तरह रोके रखा। पटना के लिए डिफेंडर गुरदीप ने सबसे अधिक 6 अंक लिए। दूसरी ओर, हरियाणा के लिए शिवम पटारे (9) औ? मोहम्मदरेजा शादलू (7) ने दोनों विभागों में अपना कमाल दिखाया और राहुल सेतपाल (3) तथा जयदीप (2) के साथ मिलकर पटना के रेडरों की नकेल कसते हुए बतौर कोच मनप्रीत सिंह को चौथे प्रयास में पहला खिताब दिलाया।

## जोकोविच/किर्गियोस ने ब्रिस्बेन में शानदार डबल्स जीत दर्ज की

**ब्रिस्बेन(आईएएनएस)।** नोवाक जोकोविच और निक किर्गियोस ने मिलकर सोमवार को पैट राफ्टर एरिना में एटीपी 250 इवेंट ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के पुरुष डबल्स में अलेक्जेंडर एर्लर और एंड्रियास मिएस को 6-4, 6-7(4), 10-8 से हराया। एक घंटे और 48 मिनट तक चले इस मैच में रचनात्मकता और कौशल का प्रदर्शन हुआ, जिसमें जोकोविच और किर्गियोस ने अपने अलग-अलग स्टाइल से प्रशंसकों को खुश किया। पहले सेट के 10वें गेम में एक असाधारण पल तब आया जब मिएस के शार्प-एंगल वॉली पर जोकोविच ने नेट के पास से बैकहैंड विनर लगाया। सर्बियाई उस्ताद की सटीकता ने ब्रिस्बेन के दर्शकों से जोरदार जयकारे लगवाए, जिससे किर्गियोस आश्चर्यचकित रह गए। जोकोविच ने कहा, मिएस ने शानदार सेटअप किया और मैंने बस इसके लिए प्रयास किया। हम 5-4 से आगे थे, लेकिन वे 30/0 से आगे थे और उस पॉइंट को जीतने से हमारी ऊर्जा में वृद्धि हुई। भीड़ हमारे साथ थी और हमने उस गति का उपयोग गेम और सेट जीतने के लिए किया। किर्गियोस ने अपने साथी की प्रतिभा की प्रशंसा करने में देर नहीं लगाई: यह नोवाक का एक शानदार पल था। जिस तरह से वह आगे बढ़ता है, मैंने अपने जीवन में कभी ऐसा नहीं किया! मेरा ट्वीनर शायद ज्यादा आकर्षक हो, लेकिन वह शॉट प्रशंसकों को याद रहेगा। ईमानदारी से, मुझे यह बहुत पसंद आया। किर्गियोस ने अपने खुद के शानदार पल भी दिखाए, जिसमें एक बेहतरीन तरीके से निष्पादित लॉब विनर और एक साहसी फोरहैंड पास शामिल था जिसने पहले सेट को सील कर दिया।

## नौसेना अगले साल 2 फरवरी को दिल्ली में हाफ मैराथन की मेजबानी करेगी

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि भारतीय नौसेना हाफ मैराथन (आईएनएचएम) का उद्घाटन संस्करण 2 फरवरी, 2025 को दिल्ली में होने वाला है। इस आयोजन का उद्देश्य सभी क्षेत्रों के प्रतिभागियों के बीच स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देना है। इस आयोजन में देश भर से प्रतिभागी भाग लेंगे। ये प्रतिभागी तीन श्रेणियों में भाग लेंगे: 21.1 किमी हाफ मैराथन, 10 किमी दौड़ और 5 किमी दौड़। इस तरह यह आयोजन सभी आयु वर्ग और पृष्ठभूमि के धावकों के लिए एक समावेशी आयोजन बन जाएगा। प्रतिभागियों को अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करने के लिए तैयारियां चल रही हैं। यह आयोजन प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इस दौड़ का मार्ग इंडिया गेट और ऐतिहासिक कर्तव्य पथ को कवर करेगा। इस आयोजन में रक्षा बलों और नागरिक समाज की प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल होंगी। इस ऐतिहासिक आयोजन का उद्देश्य स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को बढ़ावा देना, लोगों को शारीरिक गतिविधि अपनाने और समग्र स्वास्थ्य के लिए सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस आयोजन का उद्देश्य सौहार्द और प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करना है, जिससे लोग भारतीय नौसेना और आपस में मजबूत संबंध बना सकें। बयान में कहा गया है कि इसका उद्देश्य युवाओं को साहसिक जीवन जीने और भारतीय नौसेना में शामिल होने पर विचार करने के लिए प्रेरित करना है, जो साहस, अनुशासन और राष्ट्र की सेवा का पर्याय है।

## पश्चिम बंगाल और केरल संतोष ट्रॉफी के फाइनल में भिड़ेंगे

**हैदराबाद(आईएएनएस)।** डेढ़ महीने और 87 मैचों के बाद, यह सब 90 मिनट या संभवतः 120 मिनट या उससे अधिक का समय होगा, हैदराबाद के जीएमसी बालयोगी एथलेटिक स्टेडियम में, जहां पश्चिम बंगाल मंगलवार को 78वीं राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए संतोष ट्रॉफी 2024-25 के फाइनल में केरल से भिड़ेगा। भारतीय फुटबॉल हब का टैग पाने वाले दो राज्य राष्ट्रीय चैंपियनशिप के शिखर पर कोई अजनबी नहीं हैं, पश्चिम बंगाल रिकॉर्ड 47वें फाइनल के लिए तैयार है, जबकि केरल संतोष ट्रॉफी में अपना 16वां शिखर मुकाबला खेलेगा। दोनों पक्षों ने टूनार्मेंट में अपने कद के अनुरूप फॉर्म दिखाया है, अपने 10 मैचों में से नौ जीते हैं, जबकि एक-एक ड्रॉ रहा है। ऐतिहासिक रूप से, बंगाल ने इस स्तर पर दबदबा बनाया है, 32 बार संतोष ट्रॉफी जीती है, जबकि केरल सात बार का चैंपियन है। हालांकि, हाल के दिनों में केरल ने अपने पूर्वी प्रतिद्वंद्वियों पर बढ़त हासिल की है, फाइनल में पश्चिम बंगाल को हराकर 2017-18 और 2021-22 का खिताब जीता है।



## अजय पॉली लिमिटेड ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष डीआरएचपी दाखिल किया

**नई दिल्ली(हि.स.)।** दिल्ली स्थित रेफ्रिजरेशन सीलिंग सॉल्यूशंस कंपनी अजय पॉली लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए पूंजी बाजार नियामक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। सेबी के समक्ष जमा दसावेज के मुताबिक अजय पॉली लिमिटेड का 1 रुपये अंकित मूल्य वाला ये आईपीओ 238 करोड़ रुपये तक के नए शेयरों के निर्गम और प्रमोटर और निवेशक विक्रय शेयरधारकों द्वारा 93,00,000 इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) का मिश्रण है। ओएफएस में बीना जैन, राजीव जैन और नितिन जैन क्रमशः 3.7 मिलियन, 2.8 मिलियन और 2.8 मिलियन इक्विटी शेयर बेचेंगे। दिल्ली स्थित रेफ्रिजरेशन सीलिंग सॉल्यूशंस कंपनी नए निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग कुछ उधारों के पुनर्भुगतान या पूर्व भुगतान, नोएडा, करेगांव, शिरवाल, चेन्नई और कॉर्पोरेट कार्यालय में सुविधाओं में उपकरण और मशीनरी खरीदने के लिए पूंजीगत व्यय के वित्तपोषण और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों को पूरा करने के लिए करेगी। उल्लेखनीय है कि दिल्ली स्थित अजय पॉली लिमिटेड भारत में उपकरण उद्योग के लिए रेफ्रिजरेशन सीलिंग समाधान, प्रोफाइल एक्सट्रूजन और ग्लास उत्पादों के अग्रणी निमार्ताओं में से एक है।




## मजबूत अर्थव्यवस्था के चलते भारतीय शेयर बाजार में 2025 में भी जारी रहेगी तेजी

**मुंबई, (आईएएनएस)।** भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था और लगातार इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के चलते 2025 में भी शेयर बाजार में तेजी जारी रह सकती है। यह बयान सोमवार को एक्सपर्स द्वारा दिया गया। श्रीराम एएमसी में सीनियर फंड मैनेजर, दीपक रामाराजू ने कहा कि कैपिटल गुड्स, टेक्नोलॉजी, वित्तीय सेवाएं, उपभोग और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में तेजी आने की उम्मीद है, जबकि सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक और मैन्युफैक्चरिंग, रिन्यूएबल एनर्जी और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे उभरते क्षेत्र निवेशकों का अधिक ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। 2024 भारतीय शेयर बाजार के लिए एक उतार-चढ़ाव वाला वर्ष रहा। इसकी वजह अर्थव्यवस्था का धीमा होना, तरलता की सख्त स्थिति और सरकारी खर्च में देरी होना था। रामाराजू ने आगे कहा कि हाल ही में आरबीआई द्वारा सीआरआर में कटौती से तरलता की स्थिति में नरमी आने की उम्मीद है। साथ ही सरकारी खर्च में भी बढ़ोतरी हुई है। इन दो कारकों के कारण इंडस्ट्रियल आउटपुट और उपभोग में सुधार होने की संभावना है। अक्टूबर 2024 तक सरकार का पूंजीगत व्यय 4,66,545 करोड़ रुपये रहा। इस वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में सरकार द्वारा निवेश बढ़ाने से इन्फ्रास्ट्रक्चर, रक्षा और रेलवे जैसे क्षेत्रों में सुधार देखने को मिल सकता है। रामाराजू ने आगे विस्तार से बताया कि शहरी खपत में धीमापन होने के कारण एफएमसीजी सेक्टर पर नकारात्मक असर हुआ है, लेकिन अब इसमें रिकवरी देखने को मिल सकती है।

## भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में बंद, 23,700 स्तर से नीचे निफ्टी

मुंबई, 30 दिसंबर (आईएएनएस)। भारतीय शेयर बाजार सोमवार को लाल निशान में बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी, वैश्विक संकेतों और कमजोर होते रुपये के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई, जिसका असर बाजार में गिरावट के रूप में देखने को मिला। सेंसेक्स 450.94 अंक या 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 78,248.13 पर बंद हुआ और निफ्टी 168.50 अंक या 0.71 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,644.9 पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक 358.55 अंक या 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50,952.75 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 209.95 अंक या 0.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 57,189.75 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 115.90 अंक या 0.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,639.95 पर बंद हुआ। एलकेपी सिक्योरिटीज के रूपक दे के अनुसार, ₹सत्र के दौरान निफ्टी में उतार-चढ़ाव रहा, जो 23,600 और 23,900 के बीच रहा। दैनिक चार्ट पर, इंडेक्स अपने हाल ही के कंसोलिडेशन से नीचे फिसल गया है। इसके अलावा, यह 200-डीएमए से नीचे कारोबार करना जारी रखता है, जो कमजोर भावना को दशार्ता है।

## पान पराग बनाने वाली कंपनी ने बोनस शेयर की घोषणा की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सोमवार को बीएसई पर 7.37% चढ़कर ?209.70 प्रति शेयर पर पहुंच गए। यह तेजी कंपनी के बोर्ड द्वारा 1:1 अनुपात में बोनस शेयर जारी करने की सिफारिश के बाद देखी गई। इसका मतलब है कि प्रत्येक मौजूदा शेयर के बदले एक बोनस शेयर मिलेगा। कंपनी ने जानकारी दी कि यह बोनस शेयर मुनाफे से बने फ्री रिजर्व से जारी किए जाएंगे और संभावित रूप से 11 मार्च 2025 तक निवेशकों के खातों में क्रेडिट हो जाएंगे।

**●बोनस शेयर क्या हैं?**

बोनस शेयर मौजूदा शेयरधारकों को बिना किसी अतिरिक्त लागत पर दिए जाते हैं। इनका मूल्य वही होता है जो मूल शेयरों का होता है। बोनस शेयर पाने के लिए रिकॉर्ड डेट और एक्स-डेट से पहले शेयरधारक के पास शेयर होना जरूरी है। कंपनियां बोनस शेयर जारी करके अपने शेयरधारकों को इनाम देती हैं और शेयरों की उपलब्धता बढ़ाती हैं। हालांकि, इससे शेयर की कीमत में उसी अनुपात में कमी आती है।

**●कोठारी प्रोडक्ट्स के शेयरों का प्रदर्शन**

पिछले छह महीनों में कोठारी प्रोडक्ट्स का शेयर बाजार की तुलना में कमजोर प्रदर्शन कर रहा था। हालांकि, पिछले एक साल में 60% का मुनाफा दिया है। दूसरी ओर, बीएसई सेंसेक्स पिछले छह महीनों में 0.56% गिरा और साल भर में 8.8% बढ़ा है।

कंपनी का बाजार पूंजीकरण ?604.19 करोड़ है। इसके शेयर ?12.74 प्रति शेयर आय पर 15.33 के पीई अनुपात पर कारोबार कर रहे हैं। दोपहर 2.55 बजे, कोठारी प्रोडक्ट्स का शेयर 3.22% की बढ़त के साथ 201.49 पर कारोबार कर रहा था। वहीं, बीएसई सेंसेक्स -0.60% की मामूली गिरावट के साथ 78,223.12 पर था।

# सीएम हेमंत सोरेन के लोध जलप्रपात भ्रमण के बाद यहां पर्यटकों की संख्या ने तोड़े सभी रिकॉर्ड

*पर्यटकों को लुभा रही झारखंड की सबसे ऊंची लोध जलप्रपात की खूबसूरती, पर्यटकों की भीड़ से प्रखंड मुख्यालय में जाम जैसी स्थिति*

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड स्थित लोध वॉटरफॉल झारखंड का सबसे ऊंचा जलप्रपात है। चारों ओर से ऊंचे ऊंचे पहाड़ों से घिरे जंगलों के बीच मनोरम दृश्य उत्पन्न करने वाले इस जलप्रपात को देश का 21वां एवं राज्य का सबसे ऊंचा जलप्रपात होने का गौरव प्राप्त है। 143 मीटर (469फीट) की ऊंचाई से गिरता हुआ पानी जब पत्थरों से टकराता है, तो इसके फुहारों में पर्यटक आनंदित हो उठते हैं। लोध जलप्रपात पहुंच मार्ग में 6 किलोमीटर पहले से ही झरने के गिरने की आवाज सुनाई देने लगती है,जो गंतव्य तक पहुंचने के रोमांच व उत्सव को बढ़ाने वाला होता है।लोध ग्राम से सटे होने के कारण इसे लोध जलप्रपात के नाम से जाना जाता है, वहीं स्थानीय लोग इसे बूढ़ा नदी से निकलने के कारण बूढ़ा घाघ के भी नाम से जानते हैं। पर्यटन विभाग के द्वारा के विकास और सुन्दरी करण करते हुए जगह जगह पर शेड एवं सबसे रोचक झरने से पानी गिरने के बाद जिन दो पहाड़ों के बीच गुजरता है,दोनों पहाड़ों को जोड़ते हुए लकड़ी का ब्रिज बनाया गया है जहां खड़े हो कर पर्यटक घंटों झरने के फुहारे में प्राकृतिक सुंदरता को निहारते हुए आनन्द लेते हैं। दो वर्ष पूर्व नवंबर माह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लोध वॉटरफॉल का नजारा देखने पहुंचे। जहां प्राकृतिक सुंदरता में बिताए पलों को कैमरे में समेटते नजर आए। उनके इस भ्रमण के बाद से पर्यटकों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। इस वर्ष भी विभिन्न राज्यों के पर्यटक लोध वॉटरफॉल पहुंच रहे हैं। जिससे पर्यटक स्थल भी काफी गुलजार नजर आ रहा है। गंतव्य तक पहुंचने के लिए प्रखंड मुख्यालय के मुख्य बाजार से होकर गुजरना होता है जिससे प्रखंड मुख्यालय स्थित बिरसा चौक से शास्त्री चौक समेत अन्य मार्ग पर प्रतिदिन जाम जैसी स्थिति बन रही है। पर्यटकों की संख्या में वृद्धि का लाभ यहां के स्थानीय होटल संचालक स्थानीय दुकानदारों को भी मिल रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पर्यटकों की संख्या ने पिछले सभी वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।



## पर्यटकों के स्वागत के लिए तैयार है चंदवा के पर्यटन स्थल



**चंदवा।** प्रकृति ने चंदवा प्रखंड को भी अपने अनुपम छटा से सजाया है। प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में कई मनमोहक स्थान है जो निरंतर लोगो को अपनी ओर आकर्षित करती है। जिसमें लाधुप स्थित कांती झरना, हुटाप स्थित हिंडाल्को पार्क,निंद्रा स्थित झुंझुनिया वाटर फॉल, देवनद तट पर बना इको पार्क,टोरी-लोहरदगा रेल खंड पर स्थित 27 नंबर रेलवे ब्रिज लोगो के बीच खासा लोकप्रिय है। चंदवा प्रखंड के लाधुप स्थित कांती झरना प्रखंड के मनोरम स्थलों में से एक है यह झरना घने जंगल के बीच अवस्थित है। यहां का दृश्य बहुत ही सुंदर और मनमोहक है। पत्थरीलि चट्टानों से होकर नदी की निर्मल जल कल कल करती अपने पथ पर निरंतर गिरते पड़ते अपने मंजिल को बढ़ती है। कांती झरना बरबस ही सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। यह झरना राज्य स्तर पर प्रचलित नहीं होने के बावजूद भी नजदीक के क्षेत्र के सैलानियो के बीच यह काफी प्रसिद्ध है। कमोबेश यहां सालभर सैलानियों का आना जाना लगा रहता है। नव वर्ष पर सैलानियों की यहां भरमार रहती है।14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन यहां मेला का भी आयोजन किया जाता है। पर्यटन विभाग अगर कांती झरना को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने में ध्यान दे तो यह राष्ट्रीय स्तर के पर्यटन स्थल के रूप में देश के मान चित्र पर दिखाई देगा। इससे क्षेत्र के लोगों को रोजगार का अवसर भी प्राप्त होगा। झारखंड की राजधानी रांची से कांती झरना की दूरी लगभग 65 किमी है तथा लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड से 17 कि मी की दूरी पर रांची चंदवा मुख्य सड़क पर लाधुप के पास से वहां पहुंचा जा सकता है। झरना स्थल तक पहुंचने के लिए सैलानियो को अपने निजी वाहन से पहुंचना होगा तथा अपने साथ नास्ता व भोजन का व्यवस्था ले कर ही जाना होगा। आबादी से दूर होने के कारण यहां खाने पीने के सामान उपलब्ध नहीं होते हैं। यहां पहुंचने वाले सैलानी सावधानी का विशेष ख्याल रखें झरना की चट्टानें बेहद चिकनी तथा फिसलन भरी है किनारे पर न जाएं और बच्चों का विशेष ख्याल रखें।

## नए वर्ष को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मुड पर

**बालूमाथ।** एक तरफ वर्ष 2024 का अंतिम दौर चल रहा है वहीं दूसरी ओर नए वर्ष की आगमन को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखे जा रहे हैं नववर्ष की शुरूआत लोग विभिन्न पर्यटक स्थल, पिकनिक स्थल पर अपने मित्र, पार्टनर, परिवार के साथ घूमने जाते हैं वन भोज करने जाते हैं। कुछ लोग वन भोज के दौरान पी खाकर झगड़ा करते हैं। कोई असामाजिक कार्य कर खुद को और दूसरों को मुसीबत में डाल देते हैं। किसी के साथ कोई घटना ना घटे इसके लिए बालूमाथ पुलिस प्रशासन अलर्ट मुड पर है। बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी विनोद रवानी ने नव वर्ष का शुभकामना देते हुए कहा कि बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत जितने भी पिकनिक स्पॉट्स है उस पर पुलिस की पैनी नजर है कोई भी शांति व्यवस्था को भंग करने का कोशिश करेगा तो उस पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## गढ़वा विधायक पर एफआइआर 35 लाख रंगदारी मांगने का आरोप



**पलामू (हि.स.)।** गढ़वा के विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी पर मेराल थाने में एफआईआर दर्ज कराने का मामला रविवार को प्रकाश में आया है। विधायक के अलावा तीसरटेटुका के मुखिया पति जगजीवन राम के विरुद्ध संजय कुमार चौबे ने कथित गाली गलौज करने, धमकी देने और 35 लाख रुपए रंगदारी मांगने का आरोप भी एफआईआर दर्ज कराई है। दोनों के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज हुआ है। संजय चौबे की ओर से दिए गए आवेदन में कहा गया है कि पेशका ऑफिस से बघेसर तक सड़क निर्माण कार्य करा रहे हैं। 27 दिसंबर की दोपहर लगभग ढाई बजे तीसरटेटुका पंचायत के मुखिया पति जगजीवन राम के मोबाइल से उनके पास फोन आया और वे पूछने लगे कि सीमेंट कम्पनी और विभाग से कोई जांच के लिए कोई आया था या नहीं? उनके हां कहने और आगे बातचीत होने के क्रम में गढ़वा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी, जो संभवतः उनकी बातें सुन रहे थे, उन्होंने फोन अपने हाथ में लेकर उन्हें गंदी गंदी गाली देने लगे और काम बंद करने की धमकी भी दी। संजय चौबे ने लिखा है कि पूर्व में भी विधायक सतेन्द्र नाथ तिवारी ने तीसरटेटुका मुखिया पति जगजीवन राम से बात करने के लिए कहा था। जगजीवन राम ने मुझसे मेरे जरिये बनाए जा रहे पेशका से बघेसर स्कूल तक रोड निर्माण कार्य का टेंडर राशि करीब सात करोड़ रुपए का पांच प्रतिशत यानी 35 लाख रुपए बतौर रंगदारी विधायक के पास जमा करने को कहा और मेरे मना करने पर सड़क निर्माण काम रोक देने और नहीं रोकने पर बर्बाद करने की धमकी दी थी। विधायक की ओर से काम बंद कराने की धमकी मिलने पर मैं सड़क निर्माण कार्य बंद कर दिया था। जगजीवन राम ने कई बार विधायक के नाम पर 35 लाख रुपए का डिमांड किया था। विधायक की ओर से पुनः फोन पर धमकी और गाली सुनकर मैं पूरी तरह टूट चुका हूं। मैं तथा मेरे परिवार के सभी सदस्य काफी अपमानित और डरा हुआ महसूस कर रहें हैं और दशहत में जी रहे हैं। इस अपमान और भयादोहन से तंग आकर मेरे दिमाग में कई बार आत्महत्या करने का विचार आ रहा है, क्योंकि इस समय मैं बड़े कर्ज में डूबा हुआ हूं। काम बंद करने के कारण आय पर संकट होने की स्थिति में मेरे पास आत्महत्या के अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं रहेगा और इस हालत में इसकी पूरी जिम्मेवारी विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी की होगी। जगजीवन राम ने मुझे यह भी धमकी दी है कि विधायक का निर्देश है जिसका भी उनके क्षेत्र में काम चल रहा है उनसे पांच प्रतिशत ले रहे हैं, जो नहीं देगा उसको काम नहीं करने नहीं देंगे और हरिजन एक्ट का केस करा कर काम को जांच कराने के बहाने रोकवा देंगे। उग्रवादी के नाम पर मशीन में आग लगवा कर बर्बाद कर देंगे।

## एक नजर

### भरूच में जहरीली गैस रिसाव से मजदूर की मौत

**खरौंधी।** गुजरात के भरूच जिले में स्थित दाहेज के गुजरात फ्लोरोकेमिकल्स लिमिटेड (जीएफएल) के सीएमएस संयंत्र में शनिवार रात जहरीली गैस के रिसाव से चार मजदूरों की मौत हो गई। मृतकों में खरौंधी थाना क्षेत्र के बैतरी गांव निवासी मुद्रिका यादव (30 वर्ष) भी शामिल हैं। घटना शनिवार रात करीब 9:30 बजे हुई, जब संयंत्र की डिस्टिलेशन यूनिट में वाल्व की खराबी के कारण मिथाइल क्लोराइड, क्लोरोफॉर्म और हाइड्रोजन क्लोराइड वाष्प का रिसाव हुआ। इस दौरान चार कर्मचारी जहरीली गैस के संपर्क में आकर बेहोश हो गए। उन्हें तुरंत कंपनी की मेडिकल यूनिट और फिर दाहेज के एक मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल ले जाया गया, जहां रविवार सुबह उनकी मौत हो गई। भरूच जिला पुलिस और फोरेंसिक विशेषज्ञ घटना की जांच में जुटे हैं।

### रबी फसल का कार्यशाला का हुआ आयोजन

**छतरपुर।** छतरपुर प्रखंड मुख्यालय के सभागार में प्रखंड स्तरीय बी टी एम संजय कुमार के नेतृत्व में रबी फसल का कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने किया। वहीं संचालन भी संजय कुमार के द्वारा किया गया। इसमें प्रखंड के सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों से आए किसानों को कृषि आत्मा द्वारा संचालित बीज विनिमय योजना में 506 अनुदान पर पैक्स द्वारा बीज वितरण बिरसा फसल विस्तार एवं टीआरएफए योजनान्तर्गत 100 प्रतिशत अनुदान पर प्रत्यक्षण हेतु बीज एवं उपकरण का वितरण किया गया।

## समाज की बेहतरी के साथ अपराध नियंत्रण में सहयोगी की भी करें पहचान : एसडीपीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** स्थानीय थाना परिसर में एसडीपीओ एस. मोहम्मद याकूब के नेतृत्व में आयोजित जागरुकता कार्यशाला में थाना प्रभारी अफजल अंसारी व अन्य पुलिस पदाधिकारी, कर्मी, चौकीदार सहित कई मुखिया व पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य पर चर्चा कर कहा कि समाज में अपराध नियंत्रण, शांति व जनसुरक्षा के लिये 'नो योर फ्रेंड ऐंड नो योर एनेमिज' (अपने दोस्त और दुश्मन को जाने) विषय पर लोगों को जागरुकक करना है। उन्होंने बताया कि समाज में समाज की बेहतरी कार्य के लिये ही नहीं, अपितु अपराध नियंत्रण में पुलिस का सहयोग करने वालों की भी पहचान करना होगा। इससे पुलिस व जनता के बीच विश्वास को



मजबूती के साथ अपराध नियंत्रण की पहली कड़ी होगी। इस संदर्भ में स्थानीय मुखिया प्रतिनिधियों की भूमिका को रेखांकित कर उचित कदम उठाने का सुझाव दिया गया है। उन्होंने कहा कि अपराधियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई, सतर्कता और सूचनाओं का आदान - प्रदान आवश्यक है। मुखिया प्रतिनिधियों को उनके क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पुलिस तक पहुंचाने की नैतिक जिम्मेवारी भी है। चौकीदारों व पुलिसकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण के तहत संबधित क्षेत्रों में गश्ती और सतर्कता बढ़ाने को उन्होंने कई टिप्स दिये हैं। उन्होंने कहा कि मित्र वही है जो समाज की भलाई में सहायक हो, और इसके विपरित लोगों को शत्रु माना जाता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से इस सतर्कता कार्यक्रम के बाद संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को देने व और समाज में शांति व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग का आह्वान किया।

### वंदे भारत और पलामू एक्सप्रेस का बदला समय

**हैदरनगर।** पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू रेलमंडल अंतर्गत रेलयात्रियों के लिये लाईफ लाइन मानी जाने वाली पलामू जिले सहित बीडी रेल सेक्सन से गुजरने वाली दो ट्रेनों वंदे भारत और पलामू एक्स्त्रपेस ट्रेन के समय में बदलाव किया किया गया है। इस संबध में पं. दीनदयाल उपाध्याय रेलमंडल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्रा ने जारी अधिसूचना में बताया है कि परिवर्तित समसय सारणी पहली जनवरी से प्रभावी होगा। उन्होंने बताया साप्ताहिक टाटानगर से पटना वाया डाल्टनगंज, गढ़वा रोड वंदे भारत ट्रेन संख्या 21893 पहली जनवरी से गढ़वा रोड जंक्शन स्टेशन पर 11. 45 बजे आगमन जबकि प्रस्थान 11. 50 बजे होगा। वहीं बरकाकाना से राजगीर वाया डाल्टनगंज, गढवा रोड, जपला, गया जंक्शन, पटना दैनिक पलामू एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13347 का गढ़वा रोड में आगमन 1. 50 बजे जबकि प्रस्थान 1. 55 बजे होगा।

## भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**पलामू (हि.स.)।** नव वर्ष पर शराब के अवैध व्यापार को देखते हुए उत्पाद विभाग की ओर से कार्रवाई तेज की गई है। इसी क्रम में पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र में कार्रवाई कर भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब बरामद किया गया है। विभाग ने छापेमारी कर 45.810 लीटर नकली विदेशी शराब बरामद करते हुए इस गोरख धंधे में शामिल एक आरोपित को गिरफ्तार किया है, जबकि दो फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान मनातू बाजार निवासी पवन कुमार गुप्ता (28) के रूप में हुई है। जबकि फरार आरोपित प्रिंस कुमार और मनीष कुमार शामिल हैं। उत्पाद विभाग की ओर से सोमवार सुबह बताया



गया कि रविवार को गुप्त सूचना मिली थी कि जिले के मनातू बाजार में मनीष कुमार एवं पवन कुमार गुप्ता के घर पर नकली शराब तैयार की जा रही है और उसे नव वर्ष के मौके पर खपाने की तैयारी है। सूचना के आलोक में उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक अनूप प्रकाश और गृह रक्षकों के दल ने मनातू बाजार में छापेमारी की। यहां से नकली विदेशी शराब इंपीरियल ब्लू व्हिस्की एवं बी सात ब्रांड की शराब एवं भारी मात्रा में खाली बोतल बरामद हुई। मौके से पवन कुमार गुप्ता को गिरफ्तार किया गया, जबकि प्रिंस और मनीष भागने में सफल रहे। उत्पाद विभाग ने बताया कि खाली शराब की बोतले 500 पीस बरामद की गई है। बड़े पैमाने पर शराब बनाने की तैयारी थी, लेकिन उसके पहले ही तस्करों के मंसूबे को विफल कर दिया गया। इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## कोल वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, तीन घायल



**चतरा (हि.स.)।** टंडवा में इन दिनों सड़क दुर्घटना रूकने का नाम नहीं ले रहा है। तेज रफ्तार कोल वाहनों का कहर से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। सोमवार को थाना क्षेत्र के टंडवा-पिपरवार मुख्य पथ पर स्थित मंडेर गांव के समीप अज्ञात कोल वाहन के चपेट में आने से बाईक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को टंडवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया। जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए हजारीबाग रेफर कर दिया गया है। घटना में घायल तीनों युवकों की पहचान मंडेर निवासी विष्णु उरांव, रंजीत उरांव एवं अमन उरांव के रूप में की गई। मिली जानकारी के अनुसार तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर अपने घर की ओर जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात कोल वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों और परिजनों ने सीसीएल और एनटीपीसी प्रबंधन के विरुद्ध नाराजगी व्यक्त करते हुए मुआवजे की मांग को लेकर टंडवा-पिपरवार मुख्य सड़क को जाम कर दिया है।

## सड़क निर्माण में लगातार एक ही तालाब से पानी उठाव से ग्रामीणों में आक्रोश

**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** पथ निर्माण विभाग द्वारा हेरहंज से लाटू फुलसु होते हुए बारियातू तक 72 करोड़ रुपये की लागत से 23.5 किलोमीटर लंबी सड़क के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण का कार्य में संवेदक के मनमानी को लेकर ग्रामीणों मे लगातार रोष व्याप्त हैं। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि पथ निर्माण विभाग द्वारा हेरहंज से लाटू फुलसू होते हुए वारियातू मुख्य सड़क तक चौड़ीकरण एंव मजबूतीकरण का कार्य चल रहा है, जिसमे हिसरी ग्राम के एक मात्र पुरानी तालाव है, जहां से संवेदक द्वारा प्रतिदिन टैंकर से पानी निकाल कर सड़क में पटाया जा रहा है, जिससे तालाव का जलस्तर तेजी से घटता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह तालाव हमारे और आसपास के कई गांवों के साथ टोलों के पशु-



पक्षियों के लिएं भी एकमात्र जलस्त्रोत है।इसमे से लगातार जल निकासी के कारण अव तालाव सूखने की स्थिति पर पहुंच चुका है। आनेवाले गर्मी के मौसम मे ग्रामीणों के कई दैनिक कार्य के साथ पशुओं को पानी पिलाने के लिए भी भारी संकट उत्पन्न हो सकता है। संवेदक के मनमानी से किया जा रहा यह कार्य अनैतिक के साथ साथ नियम के विरुद्ध है। साथ ही, सरकारी धन और जनहित के साथ यह सीधा खिलवाड़ है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी की जा रही है। पुराने कालीकरण सड़क को उखाड़कर निकले मलब को डस्ट के साथ मिलाकर सड़क निर्माण में इस्तेमाल किया जा रहा है। निर्माण कार्य में जेएसपी (जगह-जगह स्टोन पिचिंग) का भी नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने उपायुक्त व संबंधित विभाग से तालाव से पानी निकासी पर तत्काल रोक लगाने और सड़क निर्माण कार्य की गहन जांच कराते हुए दोषी संवेदक पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## पेज एक के शेष

### दो एके 47...

अपनी पहचान छुपा कर किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के लिए सक्रिय हैं। सूचना के सत्यापन के बाद एसडीपीओ बरवाडीह भरत राम के नेतृत्व में एक छापामारी टीम बना गया। छापामारी टीम ने गुप्त तरीके से चिन्हित जगह की घेराबंदी की। छापामारी में सुकरी नदी के किनारे चंद्रदेव सिंह, पिता लखन सिंह ( कुई, मनिका) को गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी निशानदेही पर दो फोल्ड बट सिलिंग लगा हुआ एके 47 रायइल, चार एके 47 का मैगजीन जिसमे 91 राउंड गोली बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि चंद्रदेव सिंह पर लातेहार थाना में कई मामले दर्ज हैं। वह लाल वारंटी अभियुक्त है और वर्षों से फरार चल रहा था। वह लातेहार जिला में विभिन्न संदेवक व कंपनियों से लेवी वसूलने करता था। वह आगजनी, फायरिंग व हत्या करने में माहिर है।

### पंडरा में दिनदहाड़े...

राजधानी में पहले भी हुई है ऐसी घटना : बीते दिनों रातू इलाके में बाइक सवार दो अपराधियों ने बैक में रुपया जमा कराने गए शख्स से 14 लाख रुपये छीन लिए थे। बताया जा रहा है कि रिलाइंस पेट्रोल पंप कर्मी बैंक में पैसा जमा कराने जा रहा था तभी ये घटना हुई है।

### भूमि अधिग्रहण से...

चतरा बाईपास(चतरा), देवरिया से दोनोरेशान(चतरा-हजारीबाग), दोनोरेशान से बोंगाबार पैकेज( हजारीबाग-रामगढ़)। बोंगाबार से लेपो पैकेज( रामगढ़-बोकारो), लेपो से कमलापुर पैकेज( बोकारो) में फॉरेस्ट क्लीयरेंस का पेंच फंसा है। वहीं नई सड़क परियोजना के तहत देवघर बाईपास, गुमला बाईपास, केरेटया से क्योंदपानी, क्योंदपानी से लतरा और लतरा से सीठियो के बीच फॉरेस्ट क्लीयरेंस का पेंच फंसा हुआ है।

### वित्त मंत्री ने...

पंजी को जब्त कर अपर समाहर्ता को मामले की जांच करने को कहा गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर समेत सभी कर्मियों को यूनिफॉर्म में रहने को कहा गया है। अगले तीन दिनों में यह व्यवस्था लागू हो जाएगी, ताकि इलाज कराने वाले मरीजों को कोई परेशानी न हो और यह भी पता चल सके कि दलाल है या नहीं। उन्होंने कहा कि यह गंभीर मामला है। सरकार से तीन शिफ्ट में सफाई का ठेका है, लेकिन मात्र 51 कर्मचारी ही तैनात किए गए हैं। यही कारण है कि मेडिकल कॉलेज में गंदगी रहती है। उन्होंने बताया कि हेमंत सोरेन की सरकार स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है। जिस उद्देश्य से मेडिकल कॉलेज का निर्माण हुआ था, उस उद्देश्य की पूर्ति हो। वहीं उन्होंने कहा कि मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में आयुष्मान भारत के तहत भी इलाज नहीं मिल रहा है। वे खुद इस मामले में पहल कर बात करेंगे। मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि सभी कर्मचारियों की बायोमेट्रिक हाजिरी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

## मिलर की लापरवाही से तैतीस सौ क्विंटल धान अधिप्राप्ति केंद्र में पड़ा है

# किसानों को धान बेचने में हो रही परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मनिका (लातेहार)।** मनिका प्रखंड मे मिलर की लापरवाही से धान अधिप्राप्ति केंद्रो मे तैतीस सौ क्विंटल धान रखा पड़ा है। नतीजतन धान अधिप्राप्ति केंद्र मे धान खरीद की हो रही है समस्या। किसानों ने बताया की मिलर की लापरवाही के कारण उनका धान अधिप्राप्ति केंद्रो मे पड़े रहने से न तो उनका धान बेचा पा रहा है और न ही बेचे गये धान की द्वितीय किस्त की राशि का भुगतान हो पा रहा है। जानकारी के अनुसार मनिका प्रखंड मे मटलौंग मनिका व कुई लैम्पस में धान अधिप्राप्ति केंद्र खोला गया है जहां पर किसानो के द्वारा पंद्रह दिनो से बेचे गये धान को सरकार द्वारा खरीदा जा रहा है।



मटलौंग लैम्पस प्रबंधक व धान अधिप्राप्ति केंद्र के प्रबंधक विजय यादव ने बताया की नौ सौ क्विंटल धान उनके यहां गोदाम में पड़ा हुआ है। मिलर प्रतिनिधि के द्वारा विगत एक सप्ताह से किसानो के द्वारा बेचे गये धान का उठाव करने की बात कही जा रही है। लेकिन धान का उठाव मिलर द्वारा नही किया जा रहा है। उल्टे बार बार धान का उठाव कर लेने की बात पर मिलर प्रबंधक लैम्पस प्रबंधक पर ही धौंस दिखाने लगता है। यही हाल कुई धान अधिप्राप्ति केंद्र का है जहां पर साढ़े आठ सौ क्विंटल धान पड़ा हुआ है। जिसका उठाव करने में मिलर द्वारा कोई दिलचस्पी नही दिखाई जा रही है। किसान महरंग यादव बली याधव रामलाल उरांव रामचंद्र पासवान श्यामबिहारी यादव सहित कई किसानो ने बताया की उनका धान केंद्र मे ऐसे ही पड़ा हुआ है। मिलर की लापरवाही से जहां पर बेचे गये धान की किम्मत किसान को नही मिल पा रहा है वही कई किसान धान केंद्र से धान को वापस भी ले जा रहे है। मनिका प्रखंड में मनिका लैम्पस से ही केवल एक बार मिलर के द्वारा धान का उठाव किया गया है। मनिका धान अधिप्राप्ति केंद्र में भी पंद्रह सौ क्विंटल धान मिलर की लापरवाही से पड़ा हुआ है। मिलर की लापरवाही से धान का उठाव नही किये जाने मनिका प्रखंड के किसानों में काफी रोष देखा जा रहा है।

## हुसैनाबाद पुलिस ने चलाया एंटी क्राइम चेकिंग अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नए साल के आगमन और पिछले वर्ष की विदाई से पहले अपराधों पर नियंत्रण को लेकर पलामू एसपी के निर्देश पर हुसैनाबाद थाना के एसआई सुवोध कुमार के नेतृत्व में हुसैनाबाद के पटेल चौक पर पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया।इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम और नागरिकों की सुरक्षा को सुनिश्चित करना था।इस चेकिंग के दौरान पुलिस ने चार चक्का वाहनों की डिक्की खोलकर गहनता से जांच की। बिना हेलमेट के सड़कों पर चलने वाले दोपहिया वाहन चालकों को पुलिस ने कड़ी फटकार लगाई और उन्हें अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनने की सलाह दी। पुलिस ने यह भी कहा कि हेलमेट पहनना न केवल कानून का पालन करना है, बल्कि यह जीवन की सुरक्षा का महत्वपूर्ण उपाय भी है।यह अभियान पुलिस द्वारा सुरक्षा की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस ने यह सुनिश्चित किया कि लोग कानून का पालन करें और अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें।




# 2025 वार्षिक कैलेंडर

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

झारखंड

## राजपत्रित अवकाश वर्ष 2025 (Gazetted Holidays for the year 2025, Under Negotiable Instrument Act. 1881)

| | | |
|---|---|---|
| महाशिवरात्रि | 26 फरवरी | बुधवार |
| होलिका दहन | 13 मार्च | गुरुवार |
| होली | 14 मार्च | शुक्रवार |
| ईद-उल-फितर | 31 मार्च | सोमवार |
| सरहुल | 01 अप्रैल | मंगलवार |
| महावीर जयंती | 10 अप्रैल | गुरुवार |
| अंबेडकर जयंती | 14 अप्रैल | सोमवार |
| गुड फ्राईडे | 18 अप्रैल | शुक्रवार |
| बुद्ध पूर्णिमा | 12 मई | सोमवार |
| ईउ-उल जुहा (बकरीद) | 7 जून | शनिवार |
| स्वतंत्रता दिवस | 15 अगस्त | शुक्रवार |
| जन्माष्टमी | 16 अगस्त | शनिवार |
| करमा पूजा | 03 सितंबर | बुधवार |
| मिलाद-उन-नवी | 05 सितंबर | शुक्रवार |
| महाअष्टमी | 30 सितंबर | मंगलवार |
| महानवमी | 01 अक्टूबर | बुधवार |
| महात्मा गांधी जयन्ती/ विजयादशमी | 02 अक्टूबर | गुरुवार |
| दीपावली | 20 अक्टूबर | सोमवार |
| सूर्य षष्ठी छठ (सायं अर्घ्य) | 27 अक्टूबर | सोमवार |
| सूर्य षष्ठी (प्रात: अर्घ्य) | 28 अक्टूबर | मंगलवार |
| गुरुनानक जयंती | 05 नवंबर | बुधवार |
| क्रिसमस | 25 दिसंबर | गुरुवार |

## कार्यपालक आदेश के अन्तर्गत वर्ष 2025 में घोषित किये जाने वाले सार्वजनिक अवकाश की सूची

| | | |
|---|---|---|
| मकर संक्रांति/सोहराय | 14 जनवरी | मंगलवार |
| सुभाष चन्द्र बोस जयंती | 23 जनवरी | गुरुवार |
| संत रविदास जयंती | 12 फरवरी | बुधवार |
| सरहुल (फुलखोंसी) | 02 अप्रैल | बुधवार |
| मजदूर दिवस | 01 मई | गुरुवार |
| रथ यात्रा | 27 जून | शुक्रवार |
| हुल दिवस | 30 जून | सोमवार |
| विश्व आदिवासी दिवस/ रक्षा बंधन | 09 अगस्त | शनिवार |
| गणेश चतुर्थी | 27 अगस्त | बुधवार |
| करमा पूजा (फुलखोंसी) | 04 सितंबर | गुरुवार |
| विश्वकर्मा पूजा | 17 सितंबर | बुधवार |
| शारदीय नवरात्र/ कलश स्थापन | 22 सितंबर | सोमवार |
| दशहरा (महासप्तमी) | 29 सितंबर | सोमवार |
| गोर्वधन पूजा | 22 अक्टूबर | बुधवार |
| भैया दूज/चित्रगुप्त पूजा | 23 अक्टूबर | गुरुवार |
| भगवान बिरसा मुंडा/ राज्य स्थापना दिवस | 15 नवंबर | शनिवार |

### जनवरी 01

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | |

### फरवरी 02

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | |

### मार्च 03

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |
| 30 | 31 | | | | | |

### अप्रैल 04

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
| 27 | 28 | 29 | 30 | | | |

### मई 05

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 |

### जून 06

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | | | | | |

### जुलाई 07

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
| 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | | |

### अगस्त 08

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| 31 | | | | | | |

### सितंबर 09

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | | | | |

### अक्टूबर 10

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | |

### नवंबर 11

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |
| 30 | | | | | | |

### दिसंबर 12

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | 31 | | | |

**2025 बैंक लेखा की वार्षिक बंदी 01 अप्रैल (मंगलवार), यह आदेश सरकारी कार्यालय में लागू नहीं होगा।**

**टिप्पणी -** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, बंसत पंचमी-02 फरवरी, राम नवमी-06 अप्रैल एव मुहरर्म-06 जुलाई को रविवारीय अवकाश पड़ने के कारण अवकाश घोषित नहीं किया गया है तथापि वैसे प्रतिष्ठान जहाँ रविवार सामान्य कार्य दिवस हो, वहां उक्त तिथि को अवकाश रहेगा। चांद के दृष्टिगोचर होने के अनुसार मुस्लिम त्योहारों के अवकाश के लिए निर्धारित अवकाश की तिथि में परिवर्तन हो सकता है। राज्य सरकार के अधीन सचिवालय एवं संलग्न कार्यालयों में पांच दिवसीय काय सप्ताह प्रणाली तथा क्षेत्रीय कार्यालयो में छ: दिवसीय कार्य सप्ताह प्रणाली पूर्ववत लागू रहेगी।

**कार्यालय अवधि :** प्रात: 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक। **मध्याह्न अवधि :** 02:00 बजे से 02:30 बजे तक। **लाल अंक रविवार तथा सरकारी छुट्टी का द्योतक है।**